| मौसम | | |
| --- | --- | --- |
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 24.4 | 12.8 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 09.2 |
| डालटनगंज | 23.7 | 06.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद एवं रांची पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *






www.lagatar.in | मंगलवार, 16 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल पक्ष 05, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 269 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## बुजुर्ग की हत्या के बाद ग्रामीणों ने युवकों को पीट-पीट कर मार डाला, एक की हालत गंभीर

# हैदरनगर के 3 युवकों की औरंगाबाद में मॉब लिंचिंग

संवाददाता। मेदिनीनगर

बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास सोमवार को मामूली बात पर हुए विवाद में चार लोगों की हत्या कर दी गई. इसमें एक व्यक्ति को गोली मारी गई, जिससे उसकी मौत हो गई. इसके बाद नाराज लोगों ने तीन युवकों को पीट-पीट कर मार डाला. वहीं एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है. बताया जाता है कि नवीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड पर एक कार सवार ने अपनी वाहन को एक दुकान के पास पार्क किया. दुकान के पास पार्क होते ही दुकानदार ने कार सवार को वहां से तत्काल वाहन हटाने को कहा. इसके बाद दोनों के बीच तू-तू मैं-मैं हो गई. इस दौरान कार चला रहे युवक ने दुकानदार पर फायरिंग कर दी. फायरिंग में दुकानदार तो बच गया, लेकिन उसके बगल में बैठे एक व्यक्ति को गोली लग गई और वह मर गया. मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी राम शरण चौहान के रूप में हुई है.

## कार पार्किंग को लेकर विवाद में हो गई बड़ी घटना, पुलिस कर रही जांच







### उग्र ग्रामीणों ने कार में बैठे हुए लोगों पर किया हमला

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण उग्र हो गये और कार में बैठे लोगों पर हमला कर दिया. भीड़ ने कार पर सवार युवकों को इतना पीटा कि दो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. जबकि एक कार सवार की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही हो गई. वहीं एक गंभीर रूप से घायल है. घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान और स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है. शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है. पुलिस मुस्तैदी से निगरानी कर रही है.

### कार में सवार थे 5 लोग

गौरतलब है कि कार में कुल 5 लोग सवार थे. गांव वालों ने तीन की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी. वहीं 2 की हालत बेहद ही नाजुक है. कार झारखंड के पलामू के रहने वाले थे. मरने वालों में हैदरनगर निवासी मो. अरमान, मो. अंजार, मों. मुजाहिर शामिल हैं. घायलों में मो. वकील और अजित शर्मा की हालत नाजुक है. ये लोग कार से सासाराम में शेरशाह सूरी का मकबरा घूमने जा रहे थे. वारदात की सूचना मिलने पर नबीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और यथा स्थिति का जायज़ा लिया. उन्होंने मामले की सूचना सदर एसडीओ मो. अमानुल्लाह खान को दी. घटना स्थल पर एफ एस एल की टीम भी पहुंच चुकी है.



घटनास्थल पर पहुंचे सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान ने बताया कि स्थिति का जायजा ले रहा हूं. फिलहाल घटना के हरेक बिंदु की जांच की जा रही है.

## किसने क्या कहा

- विमान यात्रियों का खराब व्यवहार अस्वीकार्य: -ज्योतिरादित्य सिंधिया
- पीएम मोदी चुनावी मौसम में आदिवासियों को 'ठगने' का प्रयास कर रहे : -खरगे
- भारत को तीसरी बड़ी ताकत बनाने में सहकारी क्षेत्र की बड़ी भूमिका: -भूपेंद्र पटेल

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 59,400 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

## ब्रीफ खबरें

### देरी से नाराज यात्री ने पायलट पर हमला किया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान में देरी की घोषणा कर रहे इंडिगो के पायलट पर एक यात्री ने हमला कर दिया. घटना के बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य ने कहा कि विमान के पायलट के साथ मारपीट अस्वीकार्य है.

### मणिपुर में फिर से शांति चाहता हूं: राहुल गांधी

**सेनापति।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मणिपुर के लोगों के साथ खड़ी है और राज्य को फिर से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बनाना चाहती है. उन्होंने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि उनके लिए मणिपुर भारत का हिस्सा ही नहीं है, तभी तो आज तक वो मणिपुर नहीं आए.

### बसपा अकेले लड़ेगी लोस चुनाव: मायावती

**लखनऊ।** बसपा की अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने अपने 68वें जन्मदिन पर सोमवार को यहां कहा कि उनकी पार्टी 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी लेकिन चुनाव के बाद सरकार बनाने वाली पार्टी को उचित भागीदारी के साथ समर्थन देगी. उन्होंने कहा कि बसपा सभी सीटों पर पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी.

### एमटीएचएल के 1300 लोग हो गए बीमार

**मुंबई।** मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के उद्घाटन समारोह में उपस्थित एक लाख से अधिक लोगों में से लगभग 1,300 लोग लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने के बाद निर्जलीकरण और सिरदर्द के कारण बीमार पड़ गए हैं. यह जानकारी रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी.

### आरोप मुक्त व्यक्ति सशस्त्र बलों में भर्ती का हकदार

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा है कि संदेह के लाभ के आधार पर, नैतिक अधमता के आरोप से बरी किए गए व्यक्ति को सशस्त्र बलों में नियुक्ति देने से इनकार नहीं किया जा सकता. वह भी नौकरी पाने का पूरी तरह हकदार है.

## पत्र का जवाब लेकर सीएम सचिवालय कर्मी पहुंचा ईडी ऑफिस

# ईडी को सीएम का जवाब

सौरभ सिंह। रांची

ईडी द्वारा भेजे गए पत्र का जवाब सीएम सचिवालय ने ईडी दफ्तर को भेज दिया है. सोमवार को जवाब लेकर सीएम सचिवालय कर्मी ईडी ऑफिस पहुंचा. पत्र में क्या लिखा है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है. न तो सीएम सचिवालय के कर्मी ने पत्र के बारे में जानकारी दी और न ही ईडी के अफसरों ने ही. ज्ञात हो कि ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर अपना बयान दर्ज कराने के लिए 5 दिन (16 से 20 जनवरी) का समय दिया है. दो दिन में उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय और जगह बताने का कहा गया है. साथ ही चेतावनी भी दी गयी है कि अगर वह बयान दर्ज कराने नहीं आये, तो ईडी खुद उनके पास पहुंचेगी. ईडी ने सीएम को भेजे गये पत्र को समन समझने को कहा है. सीएम को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि कानून सबके लिए बराबर है. आप सीएम हैं, इसका मतलब यह नहीं कि आप कानून से ऊपर हैं. ईडी द्वारा भेजा गया समन कानून सम्मत है. आपको इसका अनुपालन करते हुए अपना बयान दर्ज कराना ही होगा.

**ईडी पर दुर्भावना से प्रेरित होकर काम करने का आरोप लगाया:** ईडी ने सीएम हेमंत को भेजे पत्र में लिखा था कि इससे पहले आपको पत्र (समन) भेज कर सात दिनों का समय दिया गया था. दो दिन में बयान दर्ज कराने के लिए आपको जगह बताने के साथ ही साथ समय व दिन तय करने को कहा गया था. लेकिन आपने ईडी पर दुर्भावना से प्रेरित हो काम करने का आरोप लगाया. आपने कानून का पालन नहीं किया. आप कानूनसम्मत समन का अनुपालन करें और दो दिन में बयान दर्ज कराने के लिए जगह और समय बतायें. समन का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में निदेशालय इसका अनुपालन कराने के लिए बाध्य होगा और आपका बयान दर्ज करने के लिए खुद ही आपके पास पहुंचेगा. ऐसी स्थिति में विधि व्यवस्था बनाये रखना आपकी जिम्मेदारी है. इसलिए अपने ही स्तर से राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए उचित निर्देश दें.



### ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे आर्किटेक्ट विनोद सिंह

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में ग्रिड कंसल्टेंट के आर्किटेक्ट विनोद सिंह को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था. दिन के 11 बजे ही उन्हें ईडी ऑफिस पहुंचना था, लेकिन वे नहीं पहुंचे. उनकी ओर से ईडी को नहीं आने को कोई सूचना भी नहीं भेजी गई है.

### साहिबगंज डीसी भी नहीं पहुंचे थे ईडी ऑफिस

ईडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव को भी पूछताछ के लिए बुलाया था, हालांकि वे भी उपस्थित नहीं हुए थे. हालांकि इससे पहले ईडी की टीम उनसे लंबी पूछताछ कर चुकी है. लेकिन 3 जनवरी को खनन घोटाला में डीसी के आवासीय कार्यालय में की गयी छापेमारी में बरामद दस्तावेज के संबंध में पूछताछ के लिए समन जारी कर उन्हें फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया था.



### ईडी ने एक साथ दर्जन भर ठिकानों पर की थी एकसाथ छापेमारी

साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन, मनी लॉन्ड्रिंग और ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में ईडी ने तीन जनवरी को बड़ी कार्रवाई की थी. ईडी ने एक साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी कन्हैया खुडानिया बंधु, विनोद सिंह, रौशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, रांची के बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की थी. छापेमारी के दौरान शेल कंपनियों के जरिए निवेश, संदिग्ध फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं. बरामद दस्तावेज के संबंध पूछताछ के लिए ईडी अब आगे की कार्रवाई कर रही है. सभी को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुला रही है.

### आज सीएम के प्रेस सलाहकार को ईडी का बुलावा

इससे पहले सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को भी ईडी ने पूछताछ के लिए मंगलवार 16 जनवरी को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है. उनसे भी ईडी की टीम पहले लंबी पूछताछ कर चुकी है. दूसरी दफा उन्हें तीन जनवरी को की गयी छापेमारी में बरामद दस्तावेज के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया गया है. हालांकि उम्मीद कम ही है कि सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ईडी के सामने पेश होंगे.



### कैबिनेट सचिव ने ईडी से पूछा है- किस आधार पर समन भेजा जा रहा

कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने ईडी को पत्र लिखकर यह जानकारी मांगी है वह राज्य सरकार के अफसरों को आखिर किस आधार पर पूछताछ के लिए समन जारी कर रही है. बता दें कि कैबिनेट ने एक नया दिशा-निर्देश मंजूर किया है कि अब राज्य के किसी अफसर से ईडी सीधे पूछताछ नहीं कर सकेगी.

### ईडी के खिलाफ ढेला मुगरा उठाएंगे आदिवासी



कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा, आदिवासी समाज ईडी को कुछ नहीं समझता. एक चुनी हुई सरकार को ईडी बार-बार समन भेज कर परेशान कर रही है. आदिवासी सीएम को समन भेज कर कार्यशैली पर सवाल उठाया जा रहा. यह जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश है. यदि ऐसा ही रवैया रहा, तो आदिवासी समाज के लोग ईडी के खिलाफ ढेला मुगरा उठाएंगे.

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर



## चंपत राय बोले- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कल से शुरू होगी पूजा

# अरुण योगीराज की बनाई मूर्ति राम मंदिर में की जाएगी स्थापित

शुभम संदेश नेटवर्क। अयोध्या

कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति का राम मंदिर के गर्भ गृह लिए चयन हुआ है. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को इसकी पुष्टि की. उन्होंने बताया कि कृष्णशिला पर बनाई गई मूर्ति का वजन 150 से 200 किलोग्राम है.

चंपत राय ने कहा कि अरुण योगीराज ने केदारनाथ में शंकराचार्य की मूर्ति बनाई है, इंडिया गेट पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा बनाई है. उन्हें अयोध्या में मूर्ति बनाने के दौरान 15 दिन तक मोबाइल तक से दूर रखा गया. उनकी मूर्ति का चयन किया गया है. उन्होंने कहा कि मंदिर में जो मूर्ति स्थापित होगी, वो भगवान राम की 5 साल की अवस्था की है. बता दें कि राम मंदिर के लिए तीन मूर्तिकारों ने रामलला की मूर्ति बनाई थी. इनमें से अरुण योगीराज की बनाई मूर्ति का चुनाव किया गया है. कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार श्री अरुण योगीराज द्वारा कृष्णशिला पर निर्मित मूर्ति का चयन भगवान श्री रामलला सरकार के श्री विग्रह के रूप में प्रतिष्ठित होने हेतु किया गया है.

चंपत राय ने बताया कि पुरानी मूर्ति मंदिर परिसर में ही रहेगी. दरअसल, इसको लेकर सवाल पूछा जा रहा था कि इतने दिनों तक जिस मूर्ति का पूजा किया जा रहा था उसका क्या होगा? क्यों नहीं उसी मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया जाए.

-शेष पेज 13 पर

### 7 महीने में तैयार हुई मूर्ति

मूर्तिकार अरुण रोजाना 18 घंटे काम करते थे, करीब सात महीने में उन्होंने रामलला की अचल मूर्ति गढ़ी है. रोजाना काम शुरू करने से पहले राम जी की आरती-पूजा व हनुमान चालीसा का पाठ करते थे.



15-15 दिन तक परिवार से बात नहीं करते थे. सात महीने के कठिन परिश्रम ने अरुण योगीराज का मान पूरे विश्व में बढ़ा दिया है. अरुण योगीराज मूलतः कर्नाटक के मैसूर से हैं. उनके परिवार में एक से बढ़ कर एक मूर्तिकार रहे हैं. उनकी पांच पीढ़ियां मूर्ति बनाने या तराशने का काम कर रही हैं. अरुण योगीराज के दादा बसवन्ना शिल्पी भी जाने-माने मूर्तिकार थे. उन्हें मैसूर के राजा का संरक्षण हासिल था. अरुण को बचपन से ही मूर्ति बनाने का शौक था. अरुण ने एमबीए किया है. इसके बाद वो एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगे, लेकिन मूर्तिकला को नहीं भूल पाए. आखिरकार साल 2008 में जॉब छोड़ कर उन्होंने मूर्तिकला में कॅरियर बनाने का रिस्क लिया. उनका रिस्क सफल रहा. वे देश के जाने माने मूर्तिकार बन गए.

### चयनित मूर्ति की 9 विशेषताएं

1. श्याम शिला की आयु हजारों साल होती है, यह जल रोधी होती है.
2. चंदन, रोली आदि लगाने से मूर्ति की चमक प्रभावित नहीं होगी.
3. पैर की अंगुली से ललाट तक रामलला की मूर्ति की कुल ऊंचाई 51 इंच है.
4. चयनित मूर्ति का वजन करीब 150 से 200 किलो है.
5. मूर्ति के ऊपर मुकुट व आभामंडल होगा.
6. श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं.
7. मस्तक सुंदर, आंखे बड़ी और ललाट भव्य है.
8. कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर व धनुष होगा.
9. मूर्ति में पांच साल के बच्चे की बाल सुलभ कोमलता झलकेगी.

## सीधा संवाद पीएम ने जनमन योजना की लाभुक गुमला की शशिकिरण बृजिया से की बात

# मोदी की गारंटी... आदिवासियों की पक्के घर में मनेगी दिवाली

संवाददाता। रांची/गुमला

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएम जनमन योजना के लाभुकों से वर्चुअल संवाद किया. इस दौरान उन्होंने गुमला के बिशुनपुर प्रखंड के टुटवापानी की शशिकिरण बृजिया से बात की. इस दौरान विलुप्तप्राय आदिम जनजाति की शशिकिरण ने पीएम को बताया कि उसके परिवार में कुल सात सदस्य हैं. वो महिला समूह से जुड़ कर खेती-बाड़ी करती है, साथ ही फोटोकॉपी और सिलाई मशीन भी खरीदी है, जिससे स्वरोजगार से जुड़कर काम कर रही है. शशिकिरण ने पीएम को बताया कि उसके गांव तक पहुंचाने के लिए सड़क बन रही है. नल जल योजना के तहत पानी मिलता है. प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत हुआ है.

-शेष पेज 13 पर





### 1 लाख पक्के मकान के लिए 540 करोड़ जारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अतिपिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के एक लाख लाभुकों के पक्के मकान के लिए 540 करोड़ रुपए फंड की पहली किस्त भी जारी की. हर लाभुक को पक्का मकान के लिए ढाई-ढाई लाख रुपए दिए गए हैं. पीएम ने कहा आज देश के एक लाख अति पिछड़े जनजातीय परिवार को मकान बनाने के लिए पैसे ट्रांसफर किए जा रहे हैं. घरों का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और जनजातीय परिवार के लोग इस साल की दीपावली अपने नए पक्के मकान में मनाएंगे. पीएम ने कहा कि 10 साल में 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान दिया गया है. अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे यही हमारी प्राथमिकता है. कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा समेत कई नेता मौजूद थे.

### अर्जुन मुंडा ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

केंद्रीय जनजातीय और कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यक्रम में लाभुकों के बीच करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया. मुंडा ने कहा कि 75 पीवीटीजी जाति के 39 लाख आबादी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है. दो महीने पहले महा अभियान की शुरुआत हुई और 8000 से अधिक गांव में कैंप लगाए गए. आजादी के 75 साल तक पीवीटीजी को कोई लाभ नहीं मिला था, लेकिन पीएम मोदी के प्रयास से आज गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है.

# अमीरों की दौलत दोगुनी 5 अरब की आमदनी घटी

एजेंसी। नयी दिल्ली

चैरिटी ऑक्सफैम ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें दावा किया गया है कि दुनिया के सबसे पांच अमीर लोगों की दौलत साल 2020 के बाद से अब तक बढ़ कर दोगुनी हो गई है. यह रिपोर्ट वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की दावोस में हुई बैठक के दौरान जारी हुई थी.

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के शीर्ष पांच अमीरों की कुल संपत्ति साल 2020 के बाद से अब तक 405 अरब डॉलर से बढ़ कर 869 अरब डॉलर हो गई है. इन सबसे रईस लोगों की संपत्ति हर घंटे औसतन एक करोड़ 40 लाख डॉलर की दर से बढ़ी है. ऑक्सफैम का कहना है कि वहीं 2020 के बाद से अब तक पांच अरब लोगों की आमदनी घटी है और गरीबों की संख्या बढ़ी है.

-शेष पेज 13 पर

### हर अरबपति की संपत्ति औसतन 3.3 अरब बढ़ी

रिपोर्ट में बताया गया कि अमीरों की संपत्ति साल 2020 के बाद औसतन 3.3 अरब डॉलर तक बढ़ी है. यह वृद्धि ऐसे समय हुई, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अच्छी नहीं है. बढ़ रही आर्थिक असमानता को लेकर चिंता जताई गई है. जिन अमीरों की संपत्ति तेजी से बढ़ी है, उनमें एलवीएमएच के चीफ बर्नार्ड अर्नोल्ट, अमेजन के चीफ जेफ बेजोस, निवेशक वारेन बफे, ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का नाम शामिल है. रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले 229 सालों तक गरीबी को इस दुनिया से नहीं मिटाया जा सकेगा.

## पेयजल विभाग में वित्तीय धोखाधड़ी के मामले लगातार आ रहे सामने

# 110 करोड़ का संदिग्ध भुगतान

अमित सिंह। रांची



पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में अबतक 110 करोड़ रुपए की संदिग्ध निकासी कर भुगतान के मामले सामने आ चुके हैं. रांची, खूंटी, हजारीबाग, चाईबासा और धनबाद में करोड़ों की वित्तीय धोखाधड़ी हुई है. आरोपी कई इंजीनियरों व क्लर्कों पर वित्तीय अनियमितता के मामले चल रहे हैं.

रांची और हजारीबाग में करोड़ों के संदिग्ध भुगतान के मामले में इंजीनियरों पर एफआईआर हो चुके है. इंजीनियरों ने अपने फायदे के लिए जलापूर्ति योजना में काम करने वाली कंपनियों के खातों में करोड़ों का अवैध भुगतान किया, यह जांच में साबित हो चुका है.

पेयजल विभाग में अभी वित्तीय अनियमितता आदि को लेकर 15 जलापूर्ति योजनाओं की जांच चल रही है. विभागीय इंजीनियरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है. वहीं विभाग द्वारा गठित टीम कई योजनाओं की जांच कर रही है. जांच पूरी होने पर 110 करोड़ की संदिग्ध निकासी कर भुगतान के आंकड़े बढ़ भी सकते है. रांची के रुक्का प्रमंडल में 1.35 करोड़ की संदिग्ध निकासी का मामला पहले प्रकाश में आया. इसके बाद महालेखाकार की जांच में संदिग्ध निकासी की रकम बढ़ कर 20 करोड़ से ज्यादा हो गई. ऐसे कई मामले अब पेयजल विभाग के विभिन्न प्रमंडलों में उजागर हो रहे हैं.

**अभियंता प्रमुख पर लगे गंभीर आरोप :** पेयजल विभाग में कमीशन के लिए इंजीनियर कुछ भी कर सकते हैं. यही वजह है कि विभाग के अभियंता प्रमुख जैसे पद पर बैठेने वाले इंजीनियरों पर गंभीर आरोप लगे. कई दोषी भी ठहराए गए. चापानल घोटाला में तत्कालीन अभियंता प्रमुख रमेश कुमार पर गंभीर आरोप लगे. उसके बाद के अभियंता प्रमुख श्वेताभ कुमार एक मामले में दोषी पाए गए. इनपर धनबाद में अपने करीबी ठेकेदार को नियम विरुद्ध काम देने का आरोप लगा. एक मामले में श्वेताभ कुमार को दोषी पाते हुए विभाग जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर 15 मार्च 2022 को पेंशन नियमावली के नियम 139 के तहत पेंशन राशि से दो वर्ष तक 10 प्रतिशत कटौती का आदेश जारी हुआ. वहीं 31 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत्त हुए अभियंता प्रमुख रघुनंदन शर्मा पर एक एजेंसी को विशेष लाभ पहुंचाने का आरोप लगा है.

### 35 इंजीनियरों के खिलाफ चल रही कार्रवाई

पेयजल विभाग के जल जीवन मिशन, हर घर नल जल योजना, क्लस्टर, एसवीएम आदि योजनाओं में अनियमितता का मामला कई बार विधानसभा में भी उठ चुका है. विभाग के अभियंता प्रमुख से लेकर जूनियर इंजीनियर तक पर कपटपूर्ण अवैध निकासी करने का आरोप विभागीय जांच में साबित हो चुका है. विभाग के करीब 35 इंजीनियरों के खिलाफ अनियमितता करने का मामला चल रहा है. पेयजल विभाग के मंत्री मिथलेश ठाकुर ने खुद जांच के दौरान जलापूर्ति योजनाओं में गड़बड़ी का मामला पकड़ते हुए कार्रवाई के आदेश दिए हैं. जिन योजनाओं में वित्तीय अनियमितता आदि के मामले सामने आ रहे हैं, इन योजनाओं की शुरुआत पूर्व की सरकार के कार्यकाल में हुए थे.

### करोड़ों की हेराफेरी के मामले आरोपियों पर हुई कार्रवाई

**केस : 1**
**पेयजल विभाग** के हजारीबाग प्रमंडल में 10 करोड़ के अवैध निकासी की गई. इस मामले में कार्यपालक अभियंता मार्कंडेय कुमार राकेश, अनुबंधकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर रोकश कुमार और अकाउंटेट उमेश कुमार पर एफआईआर दर्ज किया गया. आरोपियों ने कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन के समय डीजल आदि खर्च के नाम पर करोड़ों की निकासी की थी.

**केस : 2**
**पेयजल विभाग** के चाईबासा प्रशाखा मंझारी में 62 हजार का संदिगध.भुगतान किया गया. जिसमें जेई कामदेव उरांव को आरोपी ठहराया गया. यह भुगतान जेई ने बिना किसी विपत्र, यानी बिल के ही अग्रिम के रूप रूप में भुगतान किया था. जेई ने चाईबासा स्थित यूबीआई के खाता संख्या-1649010017116 में जमा राशि की संदिग्ध निकासी की थी.

**केस : 3**
**पेयजल विभाग** चाईबासा के तहत 94 करोड़ की तांतनगर जलापूर्ति योजना में 17 करोड़ के संदिग्ध भुगतान का मामला सामने आया. जांच के दौरान खुद विभागीय मंत्री ने गड़बड़ी पकड़ी थी. योजना में काम करने वाली एजेंसी को बिना सप्लाई के ही करोड़ों का भुगतान किया गया था. इस मामले में तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार शर्मा, एसडीओ मंगीलाल गिलुआ और जेई कैलाश राम, काम करने वाली एजेंसी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई.

**केस : 4**
**पेयजल विभाग** के जमशेदपुर और आदित्यपुर प्रमुंडल में निर्मल भारत अभियान के तहत वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया. जमशेदपुर प्रमंडल में 50 लाख 83 हजार और आदित्यपुर प्रमंडल में 66 लाख 16 हजार की अवैध निकासी बताया गया. इस कपटपूर्ण निकासी के लिए विभागीय जांच में तत्कालीन कार्यपालक अभियंता रघुनंदन शर्मा को आरोपी ठहराया गया था. जब रघुनंदन शर्मा विभाग के मुख्य अभियंता सीडीओ बने, तक यह मामला रफा दफा हो गया.

**केस : 5**
**महागामा ग्रामीण** जलापूर्ति योजना के लिए 1.64 करोड़ आवंटित हुए. जिसमें से एजेंसी को बिना काम के ही 70 लाख का भुगतान कर दिया गया. इसमें एसीबी ने 12 इंजीनियर और एक ठेकेदार पर मामला दर्ज किया था.

### इन योजनाओं में वित्तीय अनियमितता की शिकायत

1. रांची शहरी जलापूर्ति योजना
2. खूंटी जलापूर्ति योजना
3. चाईबासा शहरी जलापूर्ति योजना
4. गढ़वा शहरी जलपूर्ति योजना
5. पाकुड़ शहरी जलापूर्ति योजना
6. देवघर शहरी जलापूर्ति याजना
7. धनबाद शहरी जलापूतिर योजना
8. बाघमारा शहरी जलापूर्ति योजना
9. टुंडी कोल्हर जलापूर्ति योजना
10. चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना

## एनएचआरसी की अनुशंसा के बाद 4 लोगों को मिलेगा मुआवजा

**रांची।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की अनुशंसा के बाद चार लोगों के आश्रितों को मुआवजा मिलेगा. गोड्डा के दो, लातेहार के एक और देवघर जिले के एक आश्रितों को कुल 11 लाख का मुआवजा दिया जाएगा. इसको लेकर गृह कार एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राशि आवंटित कर दी है. इस राशि के निकासी का अधिकार जिले के डीसी या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी को होगा.

### जानें किस आश्रित को कितना मिलेगा मुआवजा

- देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र स्थित राजाभीठा गांव के रहने वाले सतीश कुमार ठाकुर को एक लाख.
- **लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित मकड़ा गांव निवासी विकास कुमार दुबे को 50 हजार.**
- गोड्डा जिले के महागामा थाना क्षेत्र स्थित भांजपुर गांव निवासी मृत पूजा कुमारी के आश्रित विमला देवी को पांच लाख.
- **गोड्डा जिले के महागामा थाना क्षेत्र स्थित भांजपुर गांव की रहने वाली मृत गफ्फार आलम के आश्रित आलिया नाज को पांच लाख.**

## भाजपा का राष्ट्र स्तरीय दीवार लेखन अभियान शुरू

# एक बार फिर मोदी सरकार सिर्फ नारा नहीं, जनभावना है : कर्मवीर

प्रमुख संवाददाता। रांची



राजधानी में दीवर लेखन करते भाजपा के नेतागण.

भाजपा महानगर ने सोमवार को रांची के हटिया में दीवार लेखन अभियान चलाया. नेताओं ने दीवारों में एक बार फिर से मोदी सरकार के नारे लिखे. महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित अभियान में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा समेत कई नेता मौजूद थे. आसपास की बस्तियों से भी बड़ी संख्या में आम जनता ने इसमें हिस्सा लिया. कर्मवीर सिंह ने कहा आज हमारा देश पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा है. मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से लगातार आम जनता की बुनियादी सुविधाओं में ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण जीवन जीने के स्तर में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है. हर क्षेत्र में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है, इसीलिए आम जनता के मन में सिर्फ एक ही बात है. एक बार फिर से मोदी सरकार, भारत की जनता की बस यही पुकार है. इसी को लेकर आज से राष्ट्रीय स्तर से दीवाल लेखन अभियान का शुभारंभ किया गया है. कर्मवीर सिंह ने कहा कि हम आम जनता के साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से नरेन्द्र मोदी के नेत्तृत्व में एक मजबूत और विकासशील सरकार बनाने का संकल्प ले रहे हैं.

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता ने कहा कि 20 जनवरी से सभी बूथों के कार्यकर्ता दीवार लेखन अभियान शुरू करेंगे. इसके तहत सभी बूथों के कार्यकर्ताओं में जिम्मेदारी बांट दी गई है. कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, नीरज सिंह, जितेंद्र वर्मा, सीमा सिंह, ललित ओझा, सूर्य प्रभात, रोमित नारायण सिंह, अनिता वर्मा, सोनू सिंह,संतोष मिश्रा, उमेश यादव, पप्पू जयसवाल, पप्पू वर्मा, बीरू प्रसाद, गुड्डू सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

# बाबूलाल मरांडी ने की मंदिर की सफाई





**रांची/साहिबगंज।** अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तक भाजपा देश के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चला रही है. इसी के तहत सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी झाड़ू उठा कर मंदिर की सफाई की. मकर संक्रांति के मौके पर बाबूलाल मरांडी सुबह-सुबह साहिबगंज में ओझा टोली घाट पर पहुंचे और गंगा स्नान किया. इसके बाद वहां स्थित शिव मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे और मंदिर की सफाई की. इसके बाद मुक्तेश्वर घाट स्थित मंदिर की साफ-सफाई भी की और उसे धोया. मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद महादेवगंज स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष रामदरश यादव के आवास पर पहुंचे और दही-चूड़ा खाया. इससे पहले उन्होंने सुबह गंगा नदी में भी डुबकी लगाई.

## 16 व 17 जनवरी को नहीं चलेगी राजधानी एक्सप्रेस

**रांची।** महाराजा मदरा मुंडा चैंपियन ट्रॉफी 2024 सीजन-4 का उद्घाटन 6 फरवरी को होगा. प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर सोमवार को महाराजा मदरा मुंडा स्टेडियम में आयोजन समिति की बैठक हुई. बैठक में कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 6 फरवरी को और समापन 14 फरवरी को होगा. इस प्रतियोगिता में झारखंड सहित दूसरे राज्य से भी टीम शामिल होगी. इस वर्ष सीजन-4 में टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 2.5 लाख, द्वितीय पुरस्कार 2 लाख, तृतीय 50 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 50 हजार दिया जाएगा. प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा और मैन ऑफ द सीरीज में बाइक दी जाएगी. टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टीम के लिए प्रवेश शुल्क 21 हजार रुपए रखा गया है. प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक है. बैठक में मुख्य रूप से कांके पूर्वी जिला परिषद सदस्य संजय महतो,आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय मुंडा, सचिव अजय एक्का, कोषाध्यक्ष प्रेम किशोर महतो, मदन महतो, अरुण मुंडा, ग्राम प्रधान अजय महतो आदि मौजूद रहे.

## अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट में शिक्षा दीप कार्यक्रम का आयोजन

# शिक्षा बांटने से कम नहीं होती : हफीजुल

### खास बातें

- समाज में बिना शिक्षा के लोगों का कोई हैसियत नहीं : कमरुल
- शिक्षा दीप कार्यक्रम में जुटे गणमान्य लोग

संवाददाता। रांची



अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट जामिया नगर फुटकल टोली रातू (रांची) में शिक्षा दीप समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, विशिष्ट अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष शमशेर आलम, अजय नाथ शाहदेव पूर्व डिप्टी मेयर रांची, मुश्ताक आलम रांची जिला अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा, अश्वनी शर्मा रांची जिला उपाध्यक्ष, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, कलाम आजाद उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा थे. मौके पर बोलते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि आज के समय में शिक्षा की सख्त जरूरत है. हैरत है कि जिस कौम में शिक्षा सबसे ऊपर होना चाहिए वह कौम सबसे पीछे है. हमारे यहां कुरान पाक की शुरुआत ही इकरा(पढ़) से हुई है. इस्लाम में सबसे पहले कहा गया पढ़ो, तब बाकी दूसरे काम करो. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने पहली बार प्लस टू अल्पसंख्यक 6 आवासीय स्कूल झारखंड में बना रही है. झामुमो शासनकाल में 1500 कब्रिस्तान की घेराबंदी की गयी, सात मदरसा में 30 बेड और 50 बेड का हॉस्टल बनाया जा रहा है. 46 मदरसा का आदेश भी दिया गया है. आने वाले वक्त में यहां भी हॉस्टल की सुविधा मिलने लगेगी.

इस मौके पर बोलते हुए झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि शिक्षा सभी कौम की बुनियाद है. जिस गांव में शिक्षा होगी वह गांव हमेशा आगे बढ़ा है. उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में शिक्षा के लिए आगे आना चाहिए. झारखंड के सभी मदरसा में तेजी से कम हो रहा है. मुझे खुशी हो रही है कि अहले सुन्नत हज्जन समीरन अल बनात मदरसा में 300 लड़कियों के लिए आवासीय मदरसा है. वहीं मौके पर बोलते हुए अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट जामिया नगर फुटकल टोली के अध्यक्ष कमरुल हक ने कहा कि आने वाले वक्त में यह मदरसा झारखंड का एक पहचान होगा, जहां सिर्फ लड़कियों को मदरसा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दी जाती है. इस मौके पर रातू प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष अत्ताउल्लाह, बुढ़मू प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष शमीम बड़िहार, पुंदाग अंजुमन के सदर मोहम्मद जाकिर अंसारी ,कांके प्रखंड अंजुमन अध्यक्ष अब्दुल रहमान, मुंतज़िर खान, धर्मेंद्र सिंह झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष, नयनतारा उरांव अध्यक्ष झामुमो महिला मोर्चा, समाजसेवी मो मुमताज, सचिव मो अशफाक, मो आदिल, समेत कई लोग मौजूद थे.

CLASSIFIED







































www.lagatar.in | मंगलवार, 16 जनवरी 2024 • पौष शुक्ल पक्ष 05, संवत 2080 • पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 1, अंक : 269 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




# भारत को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए इटली पर बड़ी जीत की दरकार

**शुभम किशोर। रांची**

रांची में खेले जा रही एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भारत को इटली पर बड़ी जीत की दरकार है. विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा. दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से मात देकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा. मंगलवार को भारत के सामने इटली की टीम होगी. कम रैंकिंग वाली इटली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके भारत एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी.

एशियाई खेलों के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है. अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है, जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं. गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है. ऐसी स्थिति में भारत को विश्व में 20वें नंबर की इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी. दोनों पूल से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी. भारत के लिए यह फायदे की बात है कि उसे अपना मैच अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के बाद खेलना है. इससे उसके सामने तस्वीर स्पष्ट होगी कि उसे कितने अंतर से जीत दर्ज करनी है. सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम इटली के खिलाफ अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी.

**पूल बी** FIH **पूल बी**

- यूएसए 2 मैच, 2 जीत, 0 हार, 6 प्वाइंट, 3 गोल किए, 0 गोल खाए, गोल अंतर 3
- न्यूजीलैंड 2 मैच, 1 जीत, 1 हार, 3 प्वाइंट, 4 गोल किए, 3 गोल खाए, गोल अंतर 1
- भारत 2 मैच, 1 जीत, 1 हार, 3 प्वाइंट, 3 गोल किए, 2 गोल खाए, गोल अंतर 1
- इटली 2 मैच, 0 जीत, 2 हार, 0 प्वाइंट, 0 गोल किए, 5 गोल खाए, गोल अंतर -5

- जर्मनी 2 मैच, 1 जीत, 0 हार, डॉ 1, 4 प्वाइंट, 4 गोल किए, 1 गोल खाए, गोल अंतर 3
- जापान 2 मैच, 1 जीत, 0 हार, डॉ 1, 4 प्वाइंट, 3 गोल किए, 1 गोल खाए, गोल अंतर 2
- चिली 2 मैच, 1 जीत, 1 हार, डॉ 0, 3 प्वाइंट, 6 गोल किए, 3 गोल खाए, गोल अंतर 3
- चेक रिपब्लिक 2 मैच, 0 जीत, 2 हार, डॉ 0, 0 प्वाइंट, 0 गोल किए, 8 गोल खाए, गोल अंतर -8

## कोच को उम्मीद, टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रक्षा पंक्ति, मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति में शानदार तालमेल दिखाया. कोच यानेक शोपमैन को उम्मीद रहेगी कि टीम अगले मैच में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी. भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है. उसने दो मैच में अभी तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया. इटली ने अभी तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी. भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है. हमें धैर्य बनाए रखना होगा. हमें हर हाल में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना होगा. इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी.

## कनकनी से रजाई में दुबके लोग, शाम होते ही सन्नाटा...



ठंड से जमी सब्जियां...

# लौटती ठंड न बन जाए मुसीबत

**रिजवान/शुभम। रांची/धनबाद**

झारखंड में ठंड ने कई दशकों का रिकार्ड तोड़ डाला है. 5 से 7 डिग्री तक गिरते पारा ने राजधानी रांची और कोयलांचल समेत पूरे झारखंड में कनकनी फैला दी है, आम जनजीवन रजाई में दुबकने को मजबूर है. यह मौसम बच्चों और बुजुर्ग के लोग काफी खतरनाक माना जा रहा है. आम धारणा है कि मकर संक्रांति के साथ ही ठंड की उलटी गिनती शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार मौसम ने अपना नया चेहरा दिखाया है. लगातार गिरता पारा बता रहा है कि मौसम का मिजाज कुछ और है.अब जल्द ही मौसम में कनकनी खत्म हो जाएगी, ये सोच घातक हो सकती है, क्योंकि चिकित्सक बता रहे हैं कि लौटती ठंड में लापरवाही भारी पड़ सकती है, खासकर बुजुर्ग और बच्चों के लिए तो खासी परेशानी का सबब बन सकती हैं. ऐसे मौसम में एहतियात करना है और नहीं भूलना है कि ठंड अभी कुछ दिनों तक अपने चरम पर रहेगी.

उत्तर-पश्चिम से आने वाली हवाओं से झारखंड का पारा में गिरने से कनकनी बढ़ गई. मौसम विभाग के द्वारा जारी चेतावनी में बताया गया कि 18 जनवरी तक राज्य के उत्तरी भाग गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ में कहीं-कहीं मध्यम से घने कोहरा की संभावना है. वहीं 20 जनवरी तक पूरे राज्य में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है. वहीं गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा में शीत लहर को लेकर फिर से अलर्ट जारी है.

17 से 19 जनवरी तक रांची समेत गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, खूंटी, सरायकेला खरसांवां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद अगले 2-3 दिन इसमें धीरे-धीरे 3-5 डिग्री की वृद्धि हो सकती है. राजधानी में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई. दिन में धूप होने के बाद भी हवा से कनकनी का एहसास होता रहा. शाम ढलते ही मौसम में ठंडक बढ़ने लगी. रांची का अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री दर्ज किया गया.

### किस शहर में कितना होगा तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| रांची | 6.4 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 9.2 | 27.6 |
| डालटनगंज | 6.7 | 26.4 |
| बोकारो थर्मल | 6.1 | 22.1 |
| चाईबासा | 7.8 | 29.8 |
| देवघर | 7.4 | 21.0 |
| गिरिडीह | 6.9 | 19.7 |
| गढ़वा | 6.9 | 24.5 |
| गोड्डा | 8.9 | 19.4 |

● न्यूनतम ● अधिकतम

*धनबाद में रिकार्ड ठंड, 05 डिग्री तक पारा गिरा*

### ये तो बिलकुल नहीं करें...

1. मार्निंग वॉक से परहेज करें.
2. शाम होने के बाद भी पैदल आदि का सफर न करें.
3. नवजात बच्चों का पूरा कपड़ा न खोलें.
4. ठंडा खाना या पानी का सेवन बिलकुल न करें.
5. रूम के अंदर कोयला या अंगेठी जलाकर न छोड़ें
6. शाम में किसी भी फल का सेवन न करें.

### हिमालय की बर्फीली हवाएं बरपा रहीं कहर

हिमालय से आ रही बर्फीली हवाएं पूरे झारखंड में कहर बरपा रही हैं. सप्ताह के पहले दिन यानी सोमवार को दिन की शुरुआत कोहरे से दिन चढ़ने के साथ धूप भी खिली, ठंड से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन हवाओं में नमी के कारण दिनभर कनकनी का एहसास होता रहा. सूर्य के अस्त होने के बाद ठिठुरन बढ़ गई. धनबाद का अधिकतम तापमान 21 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### यूरोपियन कंट्री में चक्रवात से बढ़ी है ठंड

मौसम एक्सपर्ट एसपी यादव ने बताया कि यूरोपियन कंट्री में चक्रवात का मुख्य केंद्र यूक्रेन और उसके आसपास का क्षेत्र है. इससे बर्फीली हवाएं यूरोप से होते हुए हिमालय से टकराती हैं और भारत में प्रवेश करती हैं. ये हवाएं पंजाब, बिहार होते हुए झारखंड के पारसनाथ पहाड़ से टकराकर कमजोर हो जाती है. यहां से अपना रास्ता पश्चिम की ओर से बनाते हुए धनबाद में प्रवेश कर रही है, इस कारण ठंड अधिक महसूस हो रही है.

### कहते हैं चिकित्सक

*प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ नरेश प्रसाद कहते हैं कि ठंड के मौसम में लापरवाही नहीं बरतना है, सबसे पहला जरूरी काम ये है कि आपके पास ठंड से बचने के जो भी संसाधन हैं उनका उपयोग करें. गर्म कपड़े, टोपी, मॉफलर, चादर, शॉल आदि चीजों से शरीर को ढंक कर रखें. खास कर बुजुर्ग और बच्चे ज्यादा सावधानी बरतें. नवजात और छोटे बच्चों के अभिभावकों को उन्होंने सलाह दी कि पूरा शरीर खोल कर बच्चों के कपड़े न बदलें, बच्चे को मां अपने साथ सटाकर रखें, ताकि शरीर की गर्मी उसे भी मिलती रहे. रूम को हीटर या अधिक वॉट के बल्ब से कमरे को गर्म रखने का काम करें. बच्चों को नारियल तेल लगाएं. बच्चा बीमार हो गया या लगातार रो रहा है तो उन्हें चिकित्सक के पास ले जाएं.*

## चतरा में पुलिस और टीपीसी कमांडर आक्रमण गंझू के बीच मुठभेड़

# हथियार सहित अन्य सामान बरामद

**संवाददाता। चतरा**

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी और पुलिस के बीच प्रतापपुर थाना क्षेत्र के अनगड़ा जंगल में सोमवार को मुठभेड़ हुई. सर्च अभियान पर निकली पुलिस, सीआरपीएफ और जगुआर की संयुक्त टीम का टीपीसी के कमांडर आक्रमण गंझू व शशिकांत दस्ते से सामना हो गया. हालांकि जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल में भाग निकले.

मुठभेड़ के बाद जवानों को एक अमेरिकन रायफल और दो बंदूक मिली है. इसके अलावा उग्रवादियों के सामान और नक्सली साहित्य बरामद हुए हैं. मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि कुछ नक्सलियों को गोली लगी है, जिसे दस्ते के सदस्या साथ ले गये हैं. वहीं मुठभेड़ के बाद जंगल की घेराबंदी कर पुलिस सर्च अभियान चला रही है.

**सुरक्षा बलों ने जंगल की घेराबंदी कर चलाया सर्च अभियान :** मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बल के जवान जंगल की घेराबंदी कर सर्च अभियान चला रहे हैं. जवान जंगल में तेजी से अभियान चला रहे हैं, ताकि नक्सलियों का पता लगाया जा सके. ज्ञात हो कि झारखंड का चतरा जिला घोर नक्सल प्रभावित जिला माना जाता . जिले में कई बार सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. पिछले साल अप्रैल माह में लावालौंग थाना क्षेत्र में भी सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली थी. जवानों ने पांच इनामी नक्सलियों को मार गिराया था.


बरामद हथियार.

### खास बातें

- अमेरिकन रायफल समेत तीन हथियार बरामद
- कुछ उग्रवादियों के घायल होने की भी सूचना

### नक्सली सरेंडर करें, नहीं तो मारे जाएंगे : एसपी

*एसपी राकेश रंजन ने कहा कि टीपीसी कमांडर आक्रमण गंझू और शशिकांत के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई है. नक्सलियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा. नक्सलियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा. पुलिस हर हाल में नक्सलियों को समाप्त करेगी. नक्सली या तो झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपना कर सरेंडर कर दें, नहीं तो पुलिस की गोली खाने के लिए तैयार रहें.*

## बर्मामाइंस में चाकूबाजी में दो लोग हुए घायल

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस कैरेज कॉलोनी में विवाद के बाद चाकूबाजी हुई, जिसमें दो भाई घायल हो गए. घायलों में प्रथम मंडल और पवन शामिल हैं. घटना रविवार शाम की है. दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां से बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया. पवन के गाल, पेट और पीठ पर हमला किया गया जबकि प्रथम के पेट- पीठ पर वार हुआ है. जानकारी देते हुए प्रथम ने बताया कि रविवार को उसने पिकनिक के लिए सोनू रजक का वाहन 1800 रुपये मे बुक किया था. एडवांस में एक हजार रुपये दिए थे बाकी रुपये बाद में देने की बात हुई. रविवार देर शाम जब वे लोग पिकनिक से लौटे तो सोनू वाहन को अपने घर ले गया. वाहन पर कई सामान मौजूद थे. सोनु बकाया कि मांग करने लगा. किसी तरह उसे बकाया रुपये दिए और वाहन में रखे सामान को छुड़ाया.

## जुगसलाई फायरिंग मामले का आरोपी गिरफ्तार, हथियार जब्त

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जुगसलाई के मरारपाड़ा मुर्गी चौक के पास रविवार रात मो माजिद व महफूज आलम को गोली मार दी गई थी. इस घटना का सोमवार को खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपी जाहिद उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के पास से प्रयुक्त पिस्टल और घटना स्थल से एक खोखा बरामद किया है. मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि रविवार को मो माजिद और महफूज को गोली मारी गई थी. हालांकि पूछताछ में माजिद ने पहले घटना को रंगदारी का रुप देने का प्रयास किया और अन्य लोगों के भी नाम लिए पर जब घटना स्थल में लगे सीसीटीवी की जांच की गई तो फुटेज में सिर्फ जाहिद ही नजर आया. शिकायत में भी सिर्फ जाहिद का ही नाम लिखा गया है. घटना के कुछ घंटो बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.

**पुराने विवाद में चलाई गोली :** सिटी एसपी ने बताया कि जाहिद उर्फ विक्की पर पूर्व में फायरिंग की गई थी जिसमें विक्की घायल भी हुआ था. इस घटना में आरोपियों को जेल भेजा गया था पर मामले में माजिद के द्वारा समझौता करवा दिया गया था जिससे जाहिद काफी नाराज चल रहा था. कुछ माह पूर्व उसने हथियार की व्यवस्था की और उसे मानगो में छूपाकर रखा था. रविवार को एक बाइक पर माजिद और महफूज जा रहे थे तभी जाहिद ने माजिद को आवाज देकर रोकवाया और माजिद के रुकते ही पांच राउंड फायरिंग की जिसमें दो गोली माजिद को और दो गोली महफूज को लगी. फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है.

## पीरटांड़ में ऑटो पलटने से किशोर की हुई मौत

**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** डुमरी-गिरिडीह मुख्य पथ पर पीरटांड़ थाना क्षेत्र के हरलाडीह के समीप सोमवार को ऑटो पलटने से एक किशोर की मौत हो गई. मृतक की पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी मुकेश यादव के पुत्र रोशन कुमार (14 वर्ष) के रूप में हुई. वह अपने दोस्तों के साथ ऑटो से मेला देखने मधुबन जा रहा था. स्थानीय लोग किशोर को लेकर डुमरी रेफरल अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार, रोशन कुमार अपने दोस्तों के साथ चैनपुर के समीप ऑटो पर सवार होकर मधुबन जा रहा था. हरलाडीह के पास ऑटो अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा. इस दुर्घटना में रोशन की ऑटो से दबकर मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही पीरटांड़ थाना प्रभारी गौरव भगत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की.

**नयी पहल** एसएसपी ने धनबाद थाना क्षेत्र के 30 अलग-अलग स्थानों पर लगवाए स्कैनर बोर्ड

# अब चौक-चौराहों पर स्कैन कर ड्यूटी बजाएंगे पुलिस वाले

**रिजवान शम्स। धनबाद**

स्कैन कर रुपए का भुगतान करना अब आम है, लेकिन इस तकनीक का प्रयोग पुलिस वाले ड्यूटी बजाने में करेंगे तो चौंकना लाजमी है. जी हां, धनबाद पुलिस चौक-चौराहों पर लगे स्कैनर में अपने मोबाइल से स्कैन कर लोकेशन वरीय अफसरों भेजेंगे, ताकि अधिकारी तैनात कर्मियों का वास्तविक लोकेशन जान सकें और उनकी ड्यूटी का सही आकलन हो सके. फिलहाल धनबाद थाना क्षेत्र के 30 स्थानों पर स्कैनर बोर्ड लगाया जा रहे हैं, जल्द ही व्यवस्था पूरे जिले में लागू होगी. धनबाद थाना के रणधीर चौक, पूजा टाकिज, गोल्फ ग्राउंड, डीआरएम मोड़, स्टेशन रोड, बारामुड़ी खटाल, श्रमिक चौक समेत 30 स्थानों पर स्कैनर लगाए गये. इसमें गश्ती पार्टी को अपना मोबाइल स्कैन करना होगा. मोबाइल स्कैन होते ही ये साफ हो जाएगा कि वो कहां पर हैं और स्कैनर कितनी दूरी पर है, आने में गश्ती पार्टी को कितना वक्त लगा. ऐसा इस लिए किया गया कि गश्ती पार्टी में कुछ पदाधिकारी आरामपरस्त हो चले थे. गश्ती के बजाय वे गोल्फ ग्राउंड या फिर अन्य स्थान में वाहन खड़ा कर समय काटते थे. इन शिकायतों को देखते हुए एसएसपी ने नया तरीका निकाला. अब गश्ती दल की गतिविधियों का सही आकलन किया जा सकेगा.


स्कैनर लगाते पुलिस कर्मी.

### तीन थानों का औचक निरीक्षण, लगी फटकार

सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने सोमवार को बैंकमोड, धनबाद व सरायढेला थाने का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान दोनों पुलिस पदाधिकारियों ने थाने की हर व्यवस्था की जांच की .कई लोगों को फटकार भी लगाई. दोनों अधिकारियों ने स्टेशन डायरी अपडेट रखने, साफ-सफाई, कांडों का निष्पादन और वारंटियों की गिरफ्तारी आदि पर दिशा निर्देश दिया. धनबाद थाने में साफ-सफाई पर खास ध्यान देने का कहा गया. कहा कि थाना परिसर साफ-सुथरा रखें, नहीं तो कार्रवाई होगी. सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि औचक निरीक्षण का असल कारण आमजन के साथ पुलिस का कैसा व्यवहार है, इसकी जांच करना था. कहा आम जनता के साथ पुलिस का मधुर संबंध होना ही चाहिए. क्योंकि भारतीय पुलिस अंग्रेजों के जमाने की पुलिस नहीं है, आम जनता के साथ बुरा बर्ताव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ऐसे लोगों पर कार्रवाई तय है.

### विजिटर रजिस्टर में इंट्री

स्कैनर से पूर्व ही थानों में शिकायतपेटी व विजिटर रजिस्टर भी रखा गया है. शिकायतपेटी में कोई भी व्यक्ति थाने में तैनात अफसर की शिकायत कर सकता है. 15 दिनों में सिटी या ग्रामीण एसपी इसे खोलकर की गई शिकायतों का निवारण करेंगे. विजिटर रजिस्टर में थाने आने वाले हर व्यक्ति के बारे में लिखा जाना है, क्यों आया, कब आया, मोबाइल नंबर और किस कारण से आया... आदि लिखना है. फिर इसकी मानीटरिंग थानेदार करेंगे कि आने वाले की शिकायत दूर हुई या नहीं. रजिस्टर की वरीय अफसर औचक जांच कर सकते हैं.

## अयोध्या में प्रसाद व्यवस्था में भाग लेने धनबाद से गए

**धनबाद ।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रसाद की व्यवस्था में भाग लेने के लिए ब्रह्मवेता देवरहा हंस बाबा आश्रम विंध्याचल की तरफ से धनबाद के अरुण राय, मदन मोहन, पवन अग्रवाल, तीर्थंकर ठाकुर, अरुण सिंह, भास्कर, रामवतार गोयल आदि रविवार को अयोध्या के लिए रवाना हुए. अरुण राय ने बताया कि देवरहा हंस बाबा आश्रम द्वारा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 1111 मन शुद्ध घी के लड्डु का भोग लगाया जाएगा. प्रसाद के वितरण में धनबाद से भक्त अयोध्या सड़क मार्ग से रवाना हुए. बताया कि नृत्य गोपाल दास ने प्रसाद निर्माण के लिए स्थान दिया है. प्राण प्रतिष्ठा में जिन्हें निमंत्रित किया गया हैं, सभी को प्रसाद वितरण करना है. अरुण ने बताया कि प्रसाद निर्माण मे वाराणसी के 40 हलवाई लगे हैं. लड्डू के निर्माण में देश के कई राज्यों से शुद्ध घी मंगाए गए हैं.

## कोयलांचल में श्रद्धा के साथ मनाया गया त्योहार , नदी तटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, किया दान-पुण्य

संवाददाता । धनबाद

धनबाद कोयलांचल में सोमवार को मकर संक्रांति का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया. इस मौके पर लोगों ने सुबह में घरों, सरोवरों व दामोदर नहीं में स्नान कर दान-पुण्य किया. मंदिरों में भगवाना के चरणों में माथा टेक कर सुख-समृद्धि की कामना की. झरिया के मोहलबनी में दामोदर नदी घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही. श्रद्धालु ने नदी में स्नान कर ईश्वर जीवन में तरक्की और परिवार की खुशहाली की कामना की. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए घाट पर सुदामडीह थाने क पुलिस मुस्तैद रही.

**खिचड़ी भोग का वितरण :** इस मौके पर श्याम भक्त मंडल पाथरडीह की ओर से मोहलबनी घाट पर हजारों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया. मकर संक्रांति पर पतंगबाजी को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया. आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से पटा नजर आया. मकर संक्रांति के साथ ही एक महीने से चला आ रहा खरमास खत्म हो गया. अब विवाह, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे.



### मकर संक्रांति पर गंगा गौशाला में तुलादान कार्यक्रम आयोजित

**कतरास** । श्री श्री गंगा गौशाला कतरास–करकेन्द में मकर संक्रांति को लेकर सोमवार को तुलादान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 50 तुला दान हुआ . कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला . गाय को गुड़ व चौकर खिलाया गया . मौके पर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए . जिसमें करीब दो सौ लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया . कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौशाला समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, महासचिव महेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, डीएन चौधरी, राजेश खंडेलवाल, कृष्ण कन्हैया राय, सुशील चौधरी मौजूद थे .

### महुदा में स्नान ध्यान कर लोगों ने मनाई मकर संक्रांति

**महुदा** । मकर संक्रिंति के शुभ अवसर पर सोमवार को तेलमोचो ब्रिज स्थित दामोदर नदी के तट, नागदा घाट, भाटडीह घाट, बारकी घाट, व लोहापट्टी स्थित जमुनिया नदी तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचे. स्नान करने के पश्चात लोगों ने निकटवर्ती मंदिरों में पूजा अर्चना की. स्नान, दान, पूजा होने के बाद लोगों ने परिवार एवं मित्रों के साथ दही चूड़ा एवं तिलकुट ग्रहण किया. सुबह से ही ब्रिज के दोनों और काफी भीड़ लगी थी. तेलमोचो ब्रिज के पास हजारों श्रद्धालु आने के कारण ब्रिज एवं मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति बनी रही. संक्रांति पर बहुत से युवाओं की टोली गाजेबाजे के साथ लोग मकर संक्रंति का गीत गाते हुए नाचने में मसगुल थे. वहीं महिलाओं एवं किशोरियों के द्वारा समूह बनाकर रंग-बिरंगे टुसु लेकर गीत गाते हुए नदी में जा रही थी.बड़ी संख्या में महिला एक से बढ़कर एक आकर्षक टुसु लेकर विसर्जन करने आ रहे थे. टुसु पर्व एक सप्ताह पूर्व से ही मनाया जाता है. रंगीन कागज से सजाया हुआ टुसु को महिलाएं रात के समय पूजा अर्चना कर टुसु गीत गाकर नृत्य करते हैं. मकर संक्रान्ति के दिन इसे विसर्जित कर दिया जाता है.



## ब्रीफ खबरें

### घने कोहरे के कारण संतरा लदा ट्रक पलटा

**मैथन** । घने कोहरे के कारण मैथन टोल प्लाजा के समीप सोमवार के सुबह आठ बजे संतरा लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे के बाद संतरे सड़क पर बिखर गए हैं. जिससे एनएच-टू पर जाम लग गया और संतरा लूटने के लिए स्थानीय लोग दौड़ पड़े. लेकिन थोड़े ही देर में मौके पर मैथन पुलिस पहुंच गई और लोगों को भगाया. फिर पुलिस ने पलटी ट्रक को किनारे लगवाया और यातायात बहाल कराया.

### नगर आयुक्त ने की कर्मियों की छुट्टी रद्द

**धनबाद** । नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने नगर निगम के सभी नगर प्रबंधक, सुपरवाइजर, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं सफाई कर्मियों की छुट्टी 27 जनवरी तक रद्द कर दी है . आगामी 27 तक नगर निगम के किसी कर्मी को कोई छुट्टी नहीं मिलेगी. नगर आयुक्त ने यह आदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर दिया है. मालूम हो कि 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंदरी में हर्ल कंपनी का उद्घाटन करने आ रहे हैं.

### मॉल में मिली लाश की शिनाख्त नहीं

**धनबाद** । सरायढेला मेन रोड पर बन रहे नए मॉल के बेसमेंट में मिली लाश की शिनाख्त सोमवार को भी नहीं हो पाई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या करने की बात सामने आई है. इस कारण मॉल के प्रबंधक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है. बताते चलें कि शनिवार की देर शाम मॉल के बेसमेंट में उक्त शव बरामद हुआ था. बेसमेंट की पानी में शव डूबा हुआ था.

### विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**तेतुलामारी** । सोमवार को राइट टू फाइट ताइक्वांडो अकैडमी के विजेता खिलाड़ियों को ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वाले खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता कशिश कुमारी, आस्था कुमारी, रजत पदक विजेता सना परवीन, अमृता कुमारी प्रभा दत्ता ,कांस्य पदक विजेता चंदना दत्ता, सर्जिता सरकार, सोनम विश्वकर्मा, संस्कृति कुमारी एवं देहरादून में पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया.

### 17 दुकानदारों को जगह खाली करने का नोटिस

**सिंदरी** । बीआईटी सिंदरी की प्लैटिनम जुबली 2024 में मनाने को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं. सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति के आने की सूचना भी मिल रही है. सुरक्षा को लेकर बीआईटी प्रबंधन और धनबाद नगर निगम रेस हो गया है. इसी क्रम में बीआईटी सिंदरी के मुख्य द्वार के समीप वर्षों से अतिक्रमण किए 17 दुकानदारों को नगर निगम ने 7 दिनों में स्थल खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है.

## इलाके के लोग 6 किमी घूम कर धनबाद स्टेशन या बरमसिया फ्लाई ओवर रोजाना करते हैं आना-जाना

# नया बनाने से पहले पुराने ब्रिज को किया बंद, 6 साल से जनता परेशान


**खास बातें**

- रेल मैनुअल को ताक पर रखकर बंद किया पुल
- जानकारों ने कहा–काठपुल अंग्रेजों के जमाने में बना था

संवाददाता । धनबाद


धनबाद स्टेशन से 500 गज की दूरी पर रेलवे ने नया फुट ओवर ब्रिज बनाने से पहले अंग्रेजों के जमाने के काठपुल को खतरनाक बताते हुए 6 साल पहले बंद कर दिया. जबकि नियमतः पुराना ब्रिज को बंद करने से पहले समानांतर में नया ब्रिज बनाना है, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया. रेलवे मैनुअल को ताक पर रखकर वर्ष 2018 में बंद कर दिया. नया ब्रिज नहीं बनने से हिल कॉलोनी, भिस्तीपाड़ा, पुराना स्टेशन, बरमसिया, डुमरियाटांड़, टिकियापाड़ा, मनईटांड़ समेत एक दर्जन से अधिक इलाके में रहनेवाले लोगों को काफी परेशानी होती है. जानकारों का कहना है कि काठपुल अंग्रेजों के जमाने में बना था. 100 पूरे होने पर रेलवे ने नियमानुसार उसे खतरनाक घोषित कर बंद कर दिया. दोनों छोर में लोहे के एंगल देकर ताला बंद कर दिया गया. फिर कंक्रीट की सीढ़िया और स्लैब को हटा दिया गया, लेकिन ब्रिज के लोहे को काटकर नहीं गिराया गया. रेलवे के अधिकारी कहते हैं कि ब्रिज के लोहे का पाया और अन्य उपकरण को जल्द ही काटकर हटा दिया जाएगा. पुराने जमाने के लोहे काफी मजबूत होते थे, इसलिए इसको काटने में समय लगेगा. टेंडर निकाल कर पुल के पाया समेत सभी पार्टस को ध्वस्त कर दिया जाएगा.





### पार करने में 3 गंवा चुके हैं अपनी जान

सूत्रों के अनुसार पुराना ब्रिज 6 साल पहले बंद हो गया, लेकिन रोजाना कुछ लोग 5 से 6 किमी घूमकर सड़क मार्ग से होकर जाने की बजाय बंद रास्ते से छलांग लगाकर पार करते हैं . ब्रिज में न तो सीढ़ियां और ना ही स्लैब, फिर जान जोखिम में डालकर पुराना स्टेशन से हिल कॉलोनी की तरफ आते हैं और हिल कॉलोनी से पुराना स्टेशन की तरफ जाते है . 6 साल में तीन लोग संतुलन खोकर नीचे रेलवे पटरी पर गिर जाने से अपनी जान गंवा चुके हैं . पिछले माह 3 दिसंबर 2023 के दिन दोपहर में ब्रिज पार करने के दौरान पटरी पर नीचे गिर जाने से डीएस कॉलोनी का रहनेवाला रवि हांड़ी की मौत हो गई थी . हादसे के दिन रेलवे के अधिकारियों ने कहा था कि जबरन लोग छलांग लगाकर पार कर रहे हैं, जबकि ब्रिज के दोनों ओर से रास्ते को लोहे के एंगिल से बंद कर दिया गया . सीढ़िया व स्लैब हटा दिया गया . रास्ता इतान खतरनाक है, फिर भी लोग पार कर रहे हैं . इस ब्रिज को शीघ्र ही टेंडर निकालकर ध्वस्त कराया जाएगा . डेढ़ माह होने को हैं, लेकिन अभी तक टेंडर भी नहीं निकला है .



### अधिकारी नहीं देते हैं ध्यान

जानकारों का कहना है कि ठेकेदार नया ब्रिज पिछले छह साल से बना रहा है . आज तक रेलवे के एक भी बड़े अधिकारी आकर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि ब्रिज की वर्तमान स्थित क्या है और कितने दिनों में बनकर तैयार हो जाएगा . कुछ रेलकर्मी ही बताते हैं कि अधिकारी चाह लें तो एक साल के भीतर फुट ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो जाएगा . धनबाद स्टेशन से सटे पुराना ब्रिज के बगल में नया ब्रिज एक साल के भीतर बनकर तैयार हो गया . यहां पुराने ब्रिज को बंद करने से पहले नया ब्रिज बनाकर जनता को सौंप दिया गया . जबकि काठपुल के बगल में 6 साल में भी ब्रिज नहीं बन पाया है . रेलवे के अधिकारी गैर जिम्मेदार हैं . इसलिए है जनता को रोजाना परेशानी हो रही है . कई इलाके के लोग धनबाद स्टेशन या फिर बरमसिया फ्लाई ओवर से होकर आना–जाना करते हैं . इसमें समय भी लगता है और लोगों को काफी परेशानी होती है .

**हद कर दी साब**

## मर गए हम, खुली रह गई आंखें....

फटूरी



थानेदारी के आखिरी दौर में धनबाद है, जल्द ही जिले से एकभाव में बदली होनी है. ऐसे में नए साहब की कप्तानी में टिकना थोड़ा मुश्किल दिख रहा है. टीम के प्लेयर डिफेंसिव शॉट खेलकर अपना विकेट बचा रहे हैं. ऐसे में जिले के तीन थानेदारों के साथ ...मर गए हम खुली रह गई आंखें... वाली कहावत चरितार्थ हो रही है. हुआ ये है कि तीन थाना के थानेदारों से उनका पावर छीन लिया गया है, उनकी जगह पर एक प्रशिक्षू डीएसपी को कमान दे दी गई है. थानेदार तो रहेंगे ही लेकिन कुर्सी और पावर डीएसपी साहब का चलेगा. ऐसे में मीडिया ग्रुपों में थानेदार के ट्रांसफर की खबर भी फैल गई, तो थानेदार ने कहा कि देखिए तो हम यहीं है, कहीं नहीं गए हैं. लेकिन अब पावर छीन लेने की बात कोई भला खुद से कैसे कह सकता है.

### तो क्या दिखेगा बदलापुर ....

एनकाउंटर स्पेशलिस्ट का तमगा मिला है लेकिन इस साहब को उनके एक अधिनस्थ ने ही टोपी पहना दी. माजरा कुछ ऐसा है कि साहब ने एक को ठोंक दिया था, जिले में जमकर वाहवाही मिली, नाम फटा और जांच की भी सौगात में मिली. लेकिन बीच में ही थाना छोड़कर प्रशिक्षण के लिए जाना पड़ा, तभी उनके साथ काम करने वाले ने चैलेंज कर दिया कि लौटने पर कुर्सी बाजीगर की हो जाएगी. कई महीनों प्रशिक्षण के बाद साहब लौटे तो वही हुआ जो बताया गया था, कुर्सी हाथ से निकल गई, तब कंप्यूटर और की बोर्ड वाले थाने में जाना पड़ा, तब से ही साहब नाराज और भड़के हुए रहते थे. लेकिन जुबान पर बात नहीं लाते थे, जैसे ही पुराने कप्तान ने धनबाद छोड़ा फिर तो साहब का गुस्सा जुबान पर आ गया, कहते फिरने लगे कि सिपाही से भी कोई थानेदारी कराता है, इन साहब ने भी समय दिया कि अब बारी उसकी होगी, बहुत जल्द ही बदलापुर का सीन धनबाद में दिखेगा.

### विपक्षी पहुंचा रहा टिफिन, सत्ता वाले भौंचक

जिले के एक बड़े साहब फिलहाल खूब चर्चे में हैं. दनादन कार्रवाई से महकमा सकते में है. कारोबारियों की निगाह टकटकी लगाए है कि साहब का मूड कब बदलेगा, इसी बीच खबर आई है कि बंगले में काम चल रहा है. नए टाइल्स व मार्बल लगाए जा रहे हैं. यहां तक तो ठीक है, भई हर कोई अपने मुताबिक काम करवाता ही है. लेकिन पेंच ये है कि काम कौन करवा रहा है. तो ताजा सूचना है कि विपक्षी दल से जुड़ा एक नेता है, जो साहब के बंगले को नया क्लेवर देने से लेकर टिफिन ढोने तक की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है. ऐसे में सत्ता वाले भौंचक है कि क्या हो रहा हे....

## दो दिन पेयजल की आपूर्ति बंद रहेगी, शहरवासियों को परेशानी

संवाददाता । धनबाद

आधे शहर वासियों को दो दिनों के लिए पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था खुद करनी होगी. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा 17 एवं 18 जनवरी को पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी. इसके लिए विभाग द्वारा सूचना जारी कर दी गई है. इससे शहर के करीब साढ़े चार लाख लोग प्रभावित होंगे. शहर की इतनी बड़ी आबादी को दी दिनों तक पेयजल से वंचित रहना होगा. इस कड़कड़ाती ठंढ में पेयजल संकट से लोगों को काफी परेशानी होगी.

**जानिए क्या है कारण :** 16 जनवरी को मैथन के संजय चौक हनुमान मंदिर के पास सड़क चौड़ीकरण के कारण जलापूर्ति की मेन राइजिंग पाइपलाइन शिफ्ट किया जाएगा. इसी मेन राइजिंग पाइपलाइन से मैथन इंटेकवेल से भेलाटांड़ धनबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी पहुंचता है. पाइपलाइन शिफ्टिंग के कारण 17 व 18 को इंटेकवेल से जलापूर्ति रोकी जाएगी.

## गौवंश लदे ट्रक सहित चार लोग गिरफ्तार

संवाददाता । मैथन

मैथन पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर मैथन टोल प्लाजा के समीप से गोवंश लदे एक ट्रक को जब्त किया है. साथ ही ट्रक चालक जितेन्द्र यादव, सह चालक सहित दो अन्य को गिरफ्तार किया है. जब्त ट्रक पर 15 दुधारू गाय एवं सात बछड़े लदे थे. बताया गया कि ट्रक चालक जितेंद्र यादव सहित ट्रक के मालिक एवं ट्रक में सवार तीन अन्य लोगों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है.

मैथन ओपी प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक को रोका गया, तो पाया गया कि ट्रक में जरूरत से ज्यादा मवेशी लदे हुए थे. पुलिस ने बताया कि मवेशी बिहार के छपरा से पश्चिम बंगाल के बर्नपुर ले जाया जा रहा था. इसी क्रम में मैथन टोल प्लाजा के समीप पुलिस ने ट्रक को पकड़ा. वहीं मवेशी ले जा रहे लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा पकड़े गए सभी गोवंश दुधारू हैं, जिनमें से सात गोवंश बच्चों के साथ हैं. जबकि आठ गोवंश एक सप्ताह में बच्चा देने वाली है. उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने जानबूझकर दुधारू गोवंश को पकड़वाया है. अब इस ठंड में सारे गोवंश को बचाए रखना भी पुलिस के लिए चुनौती है. क्योंकि गोवंश के साथ छोटे-छोटे बछड़े भी हैं.



### हीरापुर में दुकानदार और ग्राहक में मारपीट

**धनबाद** । हीरापुर पार्क मार्केट में सोमवार को ग्राहक और जूता दुकानदार के बीच तू-तू, मैं-मैं के बाद जमकर मारपीट हुई. विवाद बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने सदर थाना को फोन कर सूचना दी. टाइगर मोबाइल टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्राहक और दुकानदार को पकड़कर थाना ले गई. बताया गया कि जेसी मलिक निवासी सुमन चप्पल रिटर्न करने के लिए अपने भाई सूरज के साथ पार्क मार्केट स्थित केशरी शू दुकान में गई थी. सुमन ने बताया कि वह चप्पल रिटर्न करने दुकान पहुंची और दुकानदार को पूरी बात बताई, जिस पर दुकानदार ने उस पर हाथ चला दिया. वहीं दुकानदार केशरी का कहना है कि चप्पल पुराना था, जिसकी रिपेयरिंग करवा दी थी, रिटर्न करना संभव नहीं था. यह सुनते ही लड़की ने उस पर थप्पड़ चला दिया.

**सिवरेज एंड ड्रेनेज** अगले दो -तीन महीने में फस्ट फेज का शुरू हो सकता है काम

# सिस्टम को धरातल पर उतारने की कवायद तेज

संवाददाता । धनबाद

शहरी क्षेत्र के सिवरेज एंड ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की कवायद नगर निगम ने तेज कर दी है. पहले चरण का काम अगले दो तीन माह में शुरू हो सकता है. नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि अभी पहले चरण के टेंडर की प्रक्रिया चल रही है, हमलोग ने सेकेंड फेज का डीपीआर भी तैयार कर लिया है. पहले चरण का टेंडर फाइनल होने बाद जल्द ही काम शुरू कराया जायेगा. पहले चरण में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाले गंदे पानी की सफाई के लिए पांच सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा. सफाई के बाद इस पानी को दामोदर एवं अन्य सहायक नदियों में छोड़ा जाएगा.इसपर नमामि गंगे योजना की राशि खर्च होगी. वहीं सेकेंड फेज के टेंडर में अभी वक्त लगेगा. डीपीआर की स्वीकृति मिलने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू होंगी.

### पहले चरण में 792 करोड़ होगा खर्च

पहले चरण में शहरी क्षेत्र से हर दिन निकलने वाले 192 एमएलडी गंदे पानी को दामोदर व अन्य नदियों में जाने से रोका जायेगा . इसके लिए कतरी नदी रामपुर में 18 एमएलडी, वासुदेव नदी पांडरकनाली में 21, मटकुरिया नाला जामाडोबा में 75, जोरिया नाला परसबनिया में 60 और गोविंदपुर–बलियापुर नाला धांगी में 18 एमएलडी यानी पांचों को मिलाकर 192 एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाया जाएगा . इस योजना पर 792 करोड़ रुपये खर्च किया जाना है . इस पूरे प्रोजेक्ट पर 2649 करोड़ रुपये की लागत आने वाली है . इस इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य धनबाद के आस पास दामोदर एवं इसकी सहायक नदियों को प्रदूषित होने से बचाना है . भविष्य में शोधित किए जाने वाले इस पानी का व्यावसायिक उपयोग भी किया जाएगा .



### 2016 में बनी थी सिवरेज एंड ड्रेनेज की योजना

शहर के सिवरेज और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की योजना वर्ष 2016 में बनाई गई थी . नालियों को अंडरग्राउंड कर इसे नदी के मुहाने पर साफ कर नदी में छोड़ना था . योजना की डीपीआर बनी, स्टेक होल्डर के साथ बैठक भी हुई . लेकिन वर्ष 2017 में मामला नगर विकास विभाग में जाकर अटक गया . लेकिन वर्ष 2024 में इसके धरातल पर उतारने की उम्मीद दिखाई दे रही है . लेकिन इसके पूरा होने में चार साल से अधिक समय लगेगा . मालूम हो कि शहर में 16 प्रतिशत ही सड़क किनारे ड्रेनेज बना है, जबकि सड़कों की लंबाई 243 किलोमीटर है . अभी लंबा काम होना बाकी रह गया है .

## डॉ. जीएल प्रसाद को चिकित्सा रत्न से सम्मानित किया गया

संवाददाता । धनबाद



होम्योपैथी चिकित्सा में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टर जीएल प्रसाद को गत 24 दिसंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान ऑडिटोरियम में सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, गायक कैलाश खेर उपस्थित थे. इस सेमिनार में डॉक्टर जी एल प्रसाद को चिकत्सा रत्न से सम्मानित किया गया. डॉक्टर जी एल प्रसाद ने बताया कि इस सेमिनार में शामिल होने के साथ-साथ सम्मानित होना होम्योपैथी जगत के साथ धनबाद वासियों के लिए गौरव की बात है, इस सेमिनार में लगभग 3 हजार चिकित्सक उपस्थित थे. अगस्त 2022 में डॉ. प्रसाद को दुबई में प्राइड ऑफ होम्योपैथी का अवार्ड वर्ल्ड हेल्थ समित में दिया गया था.बता दे कि हाउसिंग कॉलोनी स्थित डॉक्टर मनिषाज के डॉ जी एल प्रसाद ने अपने अनूठे दृष्टिकोण से लाखों रोगियों को राहत प्रदान किया है, जिन्होंने उनकी ओर रुख किया. जब पारंपरिक औषधि राहत देने में विफल रही है. डॉक्टर प्रसाद ने सभी प्रकार की बीमारियों का उपचार कर कई रोगियों को ठीक किया है.

# 75 वर्षों बाद भी गांव में नहीं पहुंचा बिजली, सड़क व पानी

आदित्य कुमार । गावां (गिरिडीह)

हमारा देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है, पर अभी भी प्रदेश में ऐसी जगहें हैं जहां पर लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. आज हम आपको बताएंगे एक ऐसे गांव के बारे में जहां पर आजादी के 75 साल बाद भी बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पानी आदि की सुविधा नहीं है. बता दें कि गावां- तीसरी सीमा पर बसा तीसरी प्रखंड के लक्ष्मीबथान गांव, जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर व प्रखंड मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर स्थित है. इस गांव में जाने के लिए 5 किलोमीटर रास्ता जंगल की पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ता है. यहां पर न तो सफाई है और न ही बिजली. गांव में जल निकासी, पेयजल, सड़क की सुविधाएं भी नहीं हैं.

**मामला लक्ष्मीबथान गांव का**



**लालटेन व सोलर लाइट का करते हैं उपयोग :** बिजली न होने के कारण यहां पर लोग लालटेन व सोलर लाइट के सहारे अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं. लक्ष्मीबथान के पास स्थित जंगल इस गांव के विकास में बाधक है, क्योंकि जंगल की वजह से बिजली की लाइन, सड़क गांव से नहीं जुड़ पा रही है.

### दिन में ही करने पड़ते हैं सारे काम

यहां के लोगों को बिजली ना होने के कारण दिन में ही सारे काम करने पड़ते हैं. जैसे खाना बनाना, कपड़े धोना, बच्चों को पढ़ाना आदि. शुभम संदेश की रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र के सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक बाबूलाल मरांडी का इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है. जिसकी वजह से आज भी गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. ग्रामीणों ने बताया कि सुरजी मरांडी की मौत के बाद उम्मीद जगी थी लेकिन विकास नहीं हो सका. वहीं, बालेश्वर तुरी ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व गर्भवती महिला को खटिया से टांग कर अस्पताल लाने के दौरान जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई थी, जिसके बाद क्षेत्र के विधायक बाबूलाल मरांडी, तत्कालीन एसडीएम धीरेंद्र सिंह, बीडीओ, सीओ समेत कई पदाधिकारी पहुंचे थे और लोगों से मिलकर आश्वासन दिए थे कि 15 दिनों के अंदर सड़क, टावर, बिजली व पेयजल की व्यवस्था की जाएगी. लेकिन तीन वर्ष बीत गया, किसी नेता व पदाधिकारी देखने तक नहीं आये. आज भी कोई बीमार पड़ता है तो खटिया पर टांग कर ही आसपास ले जाना पड़ता है.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- कंप्यूटर में आईसी चिप्स का निर्माण किससे होता है **- सिलिकान**
- पूर्व का वेनिस किस शहर को कहा जाता है **- कोच्चि**
- खाद्य एवं कृषि संगठन का मुख्यालय कहां है **- रोम**
- भारत में रुपकुंड झील कहां है **- उत्तराखंड**
- लैंबर्ट नियम किससे जुड़ा हुआ है **- प्रदीप्ति**
- अरुणाचल प्रदेश का उच्च न्यायालय कहां है **- गुवाहाटी**
- रॉकेट की गति पर कौन सा संरक्षण सिद्धांत लागू होता है **- संवेग का संरक्षण**
- संयुक्त राष्ट्र के चार्टर कहां स्वीकार किए गए थे **- सैन फ्रांसिस्को**
- ट्रेफलगार के युद्ध में नेपोलियन किस देश से हारा था **- इंग्लैंड**
- बलबन का तत्कालीन उत्तराधिकारी कौन था **- कैकूबाद**

## ब्रीफ खबरें

### संस्कृति और परंपरा का पर्व है टुसू: खीरु महतो

**बेरमो ।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत तिलैया स्थित सुप्रसिद्ध झारखंडी बाबा मंदिर परिसर में मकर संक्रांति पर टुसू मेला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर राज्यसभा सांसद खीरू महतो और गोमिया के पूर्व विधायक बबीता देवी मेला में शिरकत की. नेता द्वय ने मंदिर में मत्था टेक क्षेत्र की सुख, समृद्धि की मंगलकामना की. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि टुसू झारखंड की संस्कृति और परंपरा का एक जीवंत उदाहरण है. जिसमें भरपूर फसल के उपलक्ष्य में खुशी और आगामी मौसम बेहतर होने की मंगलकामना की जाती है. झारखंड के लोग इसे धूमधाम से मनाते हैं. इस दौरान पूर्व विधायक बबिता देवी ने टुसू पालकी लिए महिलाओं के साथ टुसू गीत गाए और नृत्य भी किया.

### नौ दिवसीय राम कथा यज्ञ का हुआ शुभारंभ

**रंभगावां (गिरिडीह) ।** गावां प्रखंड स्थित पंच मंदिर पिहरा में अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर नौ दिनों तक संगीतमय राम कथा का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम का शुभारंभ 14 जनवरी से किया गया है जिसका समापन 22 को होगा. सोमवार सुबह से ही मंदिर में पूजित अक्षत व कलश की परिक्रमा करने लोगों की भीड़ उमड़ रही है. संध्या छः बजे से भजन संध्या व प्रवचन का शुभारंभ किया जाता है. मौके पर प्रवचन करते हुए आचार्य विजय कुमार पांडेय ने कहा कि भगवान राम ने इस धरा पर जन्म लेकर एक मर्यादा की स्थापना की है. भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है. श्री राम का पावन चरित्र हम सबों के लिए अनुकरणीय है. उन्होंने भारत की पवित्र धरती पर जन्म लेकर आसुरी शक्तियों का विनाश कर सत्य व धर्म की स्थापना की.

### द एचीवर्स क्लब ने बांटे चूड़ा और तिलकुट

**सरिया (गिरिडीह)।** द एचीवर्स क्लब सरिया के द्वारा सरिया क्षेत्र के बिरहोर टण्डा, घाटों खैराबाद, केंझिया कोसी तथा कलापत्थर के लगभग 250 बच्चों व बुजुर्गों को मकर संक्रांति पर्व मनाने के लिए चूड़ा, तिलकूट व बच्चों के बीच कॉपी पेंसिल सहित अन्य सामानों का वितरण किया. इस बाबत सौरव मोदी ने बताया कि सरिया में द एचीवर्स नामक एक सोसायटी गठित कर संचालित किया जा रही हैं, जिसमें गरीबों के हित को देखते हुए कार्य की जाएगी. हमारे आस पास कई ऐसे दिव्यांग व गरीब बच्चे हैं जो शिक्षा प्राप्त करने से वंचित होते हैं. हमारी संस्था समाज के विकास के लिए अग्रसर कार्य करते रहेगी. आज मकर संक्रांति में हमारी टीम ने 250 बिरहोर व गरीब बच्चों को तिलकूट बांट कर खुशियां बटोरने का कार्य किया गया हैं.

### भाजपा नेता ने मकर संक्रांति पर बांटे कंबल

**कसमार (बोकारो) ।** मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपा नेता सह जिला बीस सूत्री कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक ने कसमार प्रखंड के ओरमो गांव में गरीबों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल एवं तिलकुट का वितरण किया. इस अवसर पर लक्ष्मण नायक ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर हर साल कसमार प्रखंड के अलग-अलग गांव में गरीबों एवं असहाय लोगों को कंबल एवं तिलकुट का वितरण किया जाता है, ताकि लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके. मौके पर भाजपा कसमार प्रखंड अध्यक्ष राजेश पांडेय, सुमित जायसवाल, खेदन महतो, प्रदीप करमाली, रामू करमाली, पानो देवी व अन्य लोग मौजूद थे.

## सूरज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, मुख्य अतिथि कुमार अमित बोले

# खिलाड़ियों का आईपीएल व रणजी में चयन गर्व की बात

संवाददाता । बोकारो

बोकारो के सेक्टर नौ स्थित बड़ा खटाल के पास जय माता दी खेल मैदान में आयोजित सात दिवसीय सूरज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन सोमवार को हुआ. इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बमबम एलेवन टीम ने केएसपी एलेवन टीम को छः विकेट से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब जीता. फाइनल मैच में टॉस जीत कर बमबम एलेवन ने गेंदबाजी करते हुए केएसपी टीम को चौदह ओवर में 75 रन पर समेट दिया. बमबम एलेवन ने दस ओवर में पांच विकेट खोकर आसानी से केएसपी पर जीत हासिल की.

इस टूर्नामेंट में कुल सोलह टीमों ने हिस्सा लिया. फाइनल मैच के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर कुमार अमित ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बोकारो क्रिकेट के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है. बोकारो के ही खिलाड़ी आदित्य सिंह और कुमार कुशाग्र का क्रमशः रणजी और आईपीएल में चयन हुआ है, जो कि बोकारो के लिए गर्व का विषय है. इस टूर्नामेंट का मैन ऑफ द सिरीज रसल बने, जबकि मैन ऑफ द मैच सन्नी को दिया गया. मैच का अंपायर नवल यादव और मनीष पाण्डेय और कमेंटेटर जयप्रकाश थे. इस अवसर पर टूर्नामेंट के आयोजक विक्रम यादव, नवल यादव, धर्मेन्द्र यादव, नीतीश कुमार, पिंटू, मुकेश, रवि यादव, संजय यादव, वैद्यनाथधाम यादव, आनंद, लालबाबू , चंद्रप्रकाश, शंकर, सत्येन्द्र गुप्ता, अमित गिरि, जानकी यादव आदि के अलावा खिलाड़ी एव बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे.



बोकारो में टूर्नामेंट के विजेता को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अतिथि.

**खास बातें**

- बमबम 11 ने केएसपी 11 को छह विकेट से हराया
- टूर्नामेंट का मैन ऑफ द सिरीज बने रसल

### छठे राउंड में लक्ष्य भेदकर विजेता बने भुनेश्वर महतो

**बोकारो ।** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को बेझा बिंधा नामक पारंपरिक तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित हुई. प्रतियोगिता में मंजूरा पंचायत के झरमूंगा गांव के खपराकनारी टोला निवासी भुनेश्वर महतो सांखुआर ने बेझा बिंधा के छठे राउंड में लक्ष्य भेदकर इस अनूठी तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता बने. इस दौरान विधिवत पहला तीर छोड़ प्रतियोगिता की शुरुआत मंजूरा के नाया जानकी महतो गुलिआर ने किया. विजेता बनने के बाद परंपरा के अनुसार भुनेश्वर को कंधे पर उठाकर पूरे गांव में घुमाया गया. प्रतियोगिता में दर्जनों प्रतिभागियों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया. इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. उल्लेखनीय है कि मंजूरा निवासी स्वर्गीय रीतवरण महतो ने लगभग 106 साल पहले इस अनूठी तीरंदाजी प्रतियोगिता की परंपरा की शुरुआत की थी. तब से प्रत्येक वर्ष काफी उत्साह एवं उमंग के साथ यह प्रतियोगिता आयोजित होती आ रही है. इस प्रतियोगिता के तहत निशाना साधने के लिए खुले मैदान में केला का एक खंभा गाड़ा गया था.



## बोकारो थर्मल में संरक्षिका कार्यक्रम का आयोजन

# सीआईएसएफ परिवार ने लिया भाग

संवाददाता । बोकारो थर्मल

सीआईएसएफ संरक्षिका कार्यक्रम के तहत बोकारो थर्मल की सिक्स यूनिट स्थित सीआईएसएफ बैरेक में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें सीआईएसएफ परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. कार्यक्रम का उद्घाटन सीआईएसएफ के प्रभारी उप कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी की पत्नी मौसमी सेठी व संस्था की अध्यक्ष पूजा कुमारी ने किया. मौसमी सेठी ने कहा कि संरक्षिका के तहत होने वाले कार्यक्रम सीआईएसएफ परिवार में सकारात्मक सोच पैदा करते हैं. वहीं, कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी, गीत, संगीत, सिंगल डांस, ग्रुप डांस, चेयर रेस, फैशन शो, रीडिंग कॉम्पिटिशन, कविता, अंत्याक्षरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में सफल होने वाले प्रतिभागियों अभिमन्यु सेठी, केदारनाथ, होनी कुमारी, इतिश्री राना, विधा, सोनाली सामल, खुशबू, वैष्णवी, गायत्री साहू, पायल कुमारी, अनुष्का, सानवी, अनन्या, नीरू, गोपिका व सीता को पुरस्कार से नवाजा गया. इस मौके पर सुनीता, चंचला, वीणा, नीलम रानी, मीनाक्षी, राधिका, नुतन, नीरा, रेशमा, रीमा, अंकिता, गीता, कुमकुम आदि आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.




### विहिप ने बरईकला में चलाया जनसंपर्क अभियान

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के बरईकला पंचायत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में सोमवार को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत कलश जनसंपर्क अभियान चलाया गया. जिसमें मुख्य रूप से संघ के जिला पर्यावरण प्रमुख रामदास महतो, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष सूरज तोगड़िया, पंचायत के मुखिया अनीता देवी, बैजनाथ महतो, नेहालीराम महतो, केदार महतो, दिलीप कुमार महतो, भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, महानंद महतो, कपिल रजक, वार्ड सदस्य भूषण महतो, पानो देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, सावित्री देवी, सविता देवी, अर्जुन सोरेन, सुमन देवी, श्रीकांत महतो, रामचंद्र ठाकुर, अशोक महतो, शंकर सोनी, कुंती देवी, कौशल्या देवी, संतोष करमाली समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

## 2006 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह आयोजित



संवाददाता । कसमार (बोकारो)

बोकारो जिले के कसमार स्थित प्लस टू हाई स्कूल के 2006 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने सोमवार को खांजो नदी किनारे स्थित पिकनिक स्पॉट में मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान सभी छात्रों ने विद्यालय में बिताए सुनहरे पलों को याद करते हुए जमकर मस्ती की. साथ ही शिक्षकों से ऑनलाइन संवाद कर आशीर्वाद लिया. इस मौके पर बीते वर्ष बनाए गए सखा सहयोग समिति का बैंक खाता खोलने एवं सहपाठियों के सुख-दुख में शामिल होकर मदद करने का संकल्प लिया. मौके पर सभी पूर्ववर्ती छात्रों ने पिकनिक का भी आनंद लिया. मौके पर नितेश कुमार पाल, गौतम कुमार पाल, सूरज सिंह, राजकुमार दत्ता, आनंद सेन, सरफराज अहमद, साकेत कुमार, नदीम अंसारी, संजय महतो, इशान चौबे, मनोज कुमार, पंकज स्वर्णकार समेत अन्य सहपाठी मौजूद थे.

## भाजपा के पूर्व सांसद ने किया दही-चूड़ा भोज का आयोजन



संवाददाता । बेरमो

देशभर में मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व मनाया जा रहा है. भाजपा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने इस अवसर पर देश वासियों को शुभकामनाएं दी और फुसरो स्थित आवासीय परिसर में दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया. इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पाण्डेय को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. मौके पर गिरजा शंकर पांडेय, लक्ष्मण नायक, रविंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर प्रहलाद बरनवाल, जगन्नाथ राम, युगेश तिवारी, राजन साव, विनय सिंह हिमाचल मिश्रा, सचिन मिश्रा, वासुदेव मिश्रा, जवाहर यादव, मदन गुप्ता, परवेज अख्तर, वैभव चौरसिया, भारत वर्मा, भाई प्रमोद कुमार सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, अजय झा, साधु बाउरी, बसंत पाठक, बृज बिहारी पांडेय, कुट्टू सिंह, देवता नंद दुबे, ओम शंकर सिंह, लालमोहन महतो, ललन मल्लाह, जिप सदस्य संतोष पांडेय, मदन गुप्ता, अर्चना सिंह, प्रशांत सिंह उर्फ सन्नी, विनय सिंह शामिल थे.

### तिसरी प्रखंड : कई गांवों में पहुंचा पूजित अक्षत

**तिसरी (गिरिडीह) ।** आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन भव्य मंदिर भूतल के गर्भ ग्रह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा किए जाने को लेकर पूरे देश के सनातनियों में अपार हर्ष व्याप्त है. इसी को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता 1 जनवरी से ही अपने-अपने क्षेत्रों के हरेक घरों में अयोध्या से आए पूजित अक्षत और राम मंदिर की तस्वीर भेंट कर न्योता देने और 22 जनवरी की संध्या में अपने आस-पास के मंदिरों व घरों में द्वीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील कर रहे हैं. इसी क्रम में सोमवार को सुनील साव के नेतृत्व में दर्जनों महिला व पुरुष सनातनियों ने ढ़ोल-नगाड़े व भगवा ध्वज के साथ जय श्री राम का नारा लगाते हुए तिसरी के बेलवाना पंचायत अंतर्गत खोरो, मलूकचाल, बेडमी, अंजनवा आदि गांवों में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण किया.

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बिरने व अमतरो गांव



संवाददाता । गावां (गिरिडीह)

गावां प्रखंड में भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा की आईईसी वैन द्वारा बिरने व अमतरो गांव का दौरा किया गया. इस अवसर पर बीडीओ महेंद्र रविदास ने बताया कि भारत सरकार ने पिछले 9 वर्षों में जो उपलब्धियां हासिल की हैं उन्हें आईईसी वैन द्वारा लोगों तक पहुंचाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि 17 योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा शिविर लगाकर मरीजों का जांच कर रहा है. उन्होंने कहा कि इस बीच आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा कार्ड, आभा आईडी बनाए जा रहे हैं. इस अवसर पर सीओ अविनाश रंजन, मुन्ना सिंह, श्रीराम यादव, चंदन कुमार, प्रभा देवी, इंद्रदेव यादव, वीणा देवी, मेवालाल राजवंशी, धर्मेंद्र राजवंशी, प्रदीप राम, रवींद्र बरनवाल, निरंजन सिंह, कन्हाय राम, मंटू सिंह, चंद्रशेखर आजाद, उमेश आदि शामिल थे.

### बरजो पंचायत में घर-घर बांटा गया पूजित अक्षत

**धनवार (गिरिडीह) ।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरजो में बरजो पंचायत के मुखिया सुभाष यादव की अगुवाई में सोमवार को बरजो पंचायत के बरजो, बनगडगी गांव में जाकर पूजित अक्षत, पुष्प, और श्री राम मंदिर का पंपलेट गाजे बाजे के साथ वितरण किया गया. इस दौरान प्रभु श्री राम की नारा लगाया गया. समाजसेवी सुशेन पांडेय ने ग्रामीणों को बताया कि प्रभु श्री राम का अयोध्या में 22 जनवरी को मूर्ति की स्थापना पूरी हर्षोंउल्लास के साथ किया जा रहा है, जिसमें आप सभी ग्रामीण सादर आमंत्रित हैं. जो भक्त अयोध्या नहीं जा सकते हैं वह भक्त अपने घर में पांच दीपक को अवश्य जलाएं और अपने निकट मंदिर में दीपक अवश्य जलाएं. महिला, माता और बहन प्रभु श्री राम के चरित्र की गुणगान करें. मौके पर विजय पांडेय, शशि भूषण पांडेय, आनंद किशोर पांडेय ,अमित पांडेय, बबलू राय नकुल राय उमेश साव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.


**F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल में आपका स्वागत और अभिनंदन!**

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू , कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।




- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved


## पुण्यतिथि स्व रीतलाल वर्मा की 20वीं पुण्यतिथि का हुआ आयोजन, बोले पुत्र प्रणव वर्मा-

# पिता जी के सपनों को साकार बनाने के लिए हमेशा तत्पर हूं

संवाददाता । जमुआ (गिरिडीह)

कोडरमा लोकसभा के पूर्व सांसद जननायक स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा के 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कई राजनीतिक व स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया. यह पुण्यतिथि सोमवार को सादगी पूर्वक भंडारो स्थित जगदीश प्रसाद कुशवाहा कॉलेज स्थित उनके समाधि स्मारक पर महावीर पांडेय के द्वारा वैदिक रूप से पूजा पाठ कर श्रद्धा सुमन का कार्य प्रारम्भ किया गया. इस अवसर पर स्व रीतलाल के सुपुत्र व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने कहा की हम पिता जी के विकास के सपनों को साकार बनाने के लिए हमेशा कटिबद्ध रहूंगा.



कहा स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा के विचारों को मानने वाले लोग व उनके सपनों को साकार करने के लिए समर्पित हैं. मौके पर जमुआ विधायक केदार हाजरा, गांडेय के पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, मुनिया देवी, छोटे लाल यादव, प्रभा वर्मा, मंजू देवी, विवेकानंद वर्मा, महेंद्र प्रसाद वर्मा, रिंकू वर्मा, मुस्लिम अंसारी, रामदेव महतो, कुलदीप शरण, अंबिका प्रसाद वर्मा, टिंकू साव, प्रमोद वर्मा, मनोहर प्रसाद वर्मा, विवेक विकाश, विनय यादव, प्रकाश शर्मा, गणेश वर्मा, लालू यादव, सच्चिदानंद कुमार वर्मा, तिलकधारी विश्वकर्मा, राजकुमार वर्मा, अनिल मोदी सहित राजनीति दल के अलावा उपस्थित लोगों ने स्व वर्मा को पुष्प अर्पित किया, साथ ही साथ बगल स्थित स्व डॉ जगदीश कुशवाहा के समाधि पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया.

**खास बातें**

- सोमवार को सादगी के साथ पुण्यतिथि मनाई गई
- मौके पर कई गणमान्य लोग शामिल हुए

### मांगों को लेकर दिया अनिश्चितकालीन धरना

**जमुआ (गिरिडीह) ।** विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की ओर से जमुआ प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे प्रखंड अध्यक्ष महशर इमाम के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड पार्टी कार्यालय जमुआ से पैदल यात्रा कर जमुआ चौक होते हुए धरना स्थल पर पहुंचे. धरना स्थल पर माल्यार्पण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ. इस बाबत महशर इमाम ने बताया कि जमुआ में खुले तौर पर बीज का काला बाजारी किया गया है, इस पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गयी. पशु शेड में घोटाला किया गया है. मौके पर हसनैन अली, सच्चिदानंद सिंह, बासुदेव वर्मा, धोकल दास, मकबूल आलम, संतोष दास, मुनसफ आलम, बालेश्वर माली, अश्विनी राय, समीर आदि शामिल थे.

# काशियापेचा में नाबालिग से दुष्कर्म, हत्या कर शव दफनाया

संवाददाता। किरीबुरु

गुआ थाना अन्तर्गत नक्सल प्रभावित सारंडा के सुदूरवर्ती गांव काशिया-पेचा में एक नाबालिग युवती की हत्या कर शव को जंगल में फेंकने तथा बाद में मुंडा व डकुआ के निर्देश पर साक्ष्य को छिपाने हेतु मृतका का शव को गांव में ही दफना दिये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. सूत्रों के अनुसार काशियापेचा गांव निवासी गंगाराम सुरीन की 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री रादी सुरीन बीते 3 जनवरी को दोपहर लगभग एक बजे गांव के समीप बांगुरकिया जंगल में अपना भैंसा खोजने गई थी. वह वापस जंगल से नहीं लौटी तो उसकी की मां, अन्य परिजन तथा ग्रामीण युवती की खोज उक्त जंगल से लेकर आसपास के रिश्तेदारों के यहां करने लगे. इसी बीच 7 जनवरी को उक्त युवती को खोजने के दौरान गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में संदिग्ध स्थिति में युवती का शव बरामद हुआ.

सूत्रों के अनुसार युवती का मुंह बंधा तथा गला को कपड़ा लपेट कर दबाया हुआ था. सिर पर भी हल्का जख्म था. युवती का शव जब गांव में लाया गया और मृतका की मां पुलिस को सूचना देने जा रही थी तब गांव के मुंडा व डकुआ ने दबाव बनाकर पुलिस को सूचना नहीं देने तथा शव को दफना देने का निर्देश दिया. इस घटना की जाकारी अपने रिश्तेदारों व गांव के बाहर किसी को नहीं देने का फरमान सुनाकर 8 जनवरी को मृतका का शव दफना दिया गया.

मृतका के पिता गंगाराम सुरीन को वन विभाग ने जंगली सुअर मारने के आरोप में 15 दिन पूर्व ही दो अन्य ग्रामीणों के साथ चाईबासा जेल भेजा है. कुछ ग्रामीण चाईबासा जेल जाकर गंगाराम सुरीन से मुलाकात कर उसकी बेटी की हत्या व शव दफनाने संबंधी घटना की पूरी जानकारी दी.

गंगाराम ने कहा कि इस घटना की शिकायत पुलिस थाना में मेरी पत्नी से दिलवाया जाये. इसके बाद मृतका की मां 14 जनवरी को गुआ थाना जाकर घटना की जानकारी दी.



### कब्र से नाबालिग का शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**किरीबुरु।** छोटानागरा एवं गुआ थाना पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नक्सल प्रभावित सारंडा के सुदूरवर्ती गांव काशिया-पेचा स्थित कब्र से नाबालिग मृत युवती का शव को निकाल पोस्टमार्टम हेतु चाईबासा भेजा. घटना व घटनास्थल छोटानागरा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है.

## आओ जानें

### वर्ष 2021 में चार्जशीट दाखिल हुए

| | | | |
|---|---|---|---|
| झारखंड | 84.6 | मणिपुर | 42.2 |
| आंध्रप्रदेश | 91.7 | मेघालय | 40.6 |
| अरुणाचल प्रदेश | 78.9 | मिजोरम | 91.3 |
| असम | 46.8 | नागालैंड | 75.0 |
| बिहार | 90.0 | ओडिशा | 81.1 |
| छत्तीसगढ़ | 92.4 | पंजाब | 83.7 |
| गोवा | 95.5 | राजस्थान | 61.7 |
| गुजरात | 92.3 | तमिलनाडु | 96.6 |
| हरियाणा | 73.7 | तेलंगाना | 93.3 |
| हिमाचल प्रदेश | 85.1 | त्रिपुरा | 80.5 |
| कर्नाटक | 91.5 | उत्तरप्रदेश | 84.6 |
| केरला | 93.5 | उत्तराखंड | 79.1 |
| मध्यप्रदेश | 94.1 | पश्चिम बंगाल | 86.0 |
| महाराष्ट्र | 91.9 | | |

(स्रोत: एनसीआरबी)

## ब्रीफ खबरें

### बुढ़मू में बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत

**रांची।** जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के कोटारी पुल के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. तिरु फॉल जाने के क्रम में पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी. इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी. जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक की पहचान मल्ती निवासी सीलबानुश खलखो के रूप में हुई है. वहीं घायल युवक की पहचान सुनील खलखो के रूप में की गयी है. सूचना पाकर बुढ़मू पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को लेकर सीएचसी बुढ़मू ले गयी. जहां डॉक्टर ने सीलबानुश को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

### रेलवे स्टेशन के पास से अज्ञात शव बरामद

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत नगजुआ रेलवे स्टेशन के बगल में अज्ञात शव बरामद किया गया है. बताया जाता है कि नगजुआ स्टेशन से कुछ दूरी पर अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है. जिसकी सूचना कैरो थाना पुलिस को दी गई. कैरो थाना पुलिस शव की शिनाख्त करने का प्रयास में जुटी हुई है. कैरो थाना के पुअनि सुजीत कुमार कहना है कि शव की पहचानी के लिए लोगों से संपर्क किया है रहा है. कैरो थाना पुलिस द्वारा शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया है.

### मुंशी ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के बारामुड़ी निवासी नागेंद्र सिंह ने रविवार की रात फांसी लगा ली जान दे दी. मामले को लेकर नागेंद्र सिंह के इकलौते बेटे ने धनबाद पुलिस से बयान दर्ज कराते हुए बताया है कि उनके पिता पेट्रोल पंप में नोजल ऑपरेटर व मुंशी का काम करते थे. प्रतिदिन सुबह उठकर शराब पीना उनकी दिनचर्या थी. इसी कारण घर में अक्सर विवाद होता था. रविवार की रात हुए विवाद के बाद वे खाना खाकर वह अपने कमरे में सोने चले गए. सुबह करीब साढ़े चार बजे उठने पर उनका दरवाजा बंद मिलने पर दरवाजा तोड़ दिया.

### वर्कशॉप में सेंधमारी कर लाखों की चोरी

**तेतुलमारी।** रविवार की देर रात तेतुलामारी कोलियरी वर्कशॉप के स्टोर रूम में सेंधमारी कर चोरों ने करीब डेढ़ सौ फीट कोपर केबल लें भागे. घटना की खबर पाकर कंपनी अधिकारी तेतुलामारी पुलिस व सीआइएसएफ घटनास्थल पहुंच कर जांच-पड़ताल की. बताया जाता है कि स्टोर रूम में पुराने सभी तरह के सामान रखा रहता है. अपराधी पीछे से दीवार में सेंध मार कर स्टोर रूम में प्रवेश कर करीब डेढ़ सौ फीट कोपर केवल के साथ कई अन्य कीमती पार्ट पुर्जे ले भागे हैं. इंजीनियर धीरज कुमार ने बताया कि घटना कि सूचना सीआईएसफ व स्थानीय पुलिस को दे दिया है.

### गाड़ी से बकरा फॉर्म में चोरी करते एक पकड़ाया

**महुदा।** डी आर एग्रो बकरा फॉर्म महुदा बस्ती में रविवार की देर रात बोलेरो वाहन से चोरी करने आए एक चोर को फार्म मालिक ने ग्रामीणों के साथ मिलकर दबोच लिया. बाद में गिरफ्तार आरोपी को भाटडीह ओपी पुलिस के हवाले कर दिया, मौके पर पुलिस ने एक बोलेरो वाहन भी जब्त किया है. हालांकि घटना में शामिल तीन चोर भागने में सफल रहे. फार्म मालिक रिजवान अंसारी ने बताया कि रात्रि करीब एक बजे तीन लोग मेरे बकरा फार्म का ताला तोड़कर अंदर गये और वहां रखे खस्सी को बाहर निकाल रहे थे. इसी दौरान ग्रामीणों की मदद से बोलेरो में बैठा एक व्यक्ति को पकड़ लिया.

### कंपनी में लगी आग, डेढ़ करोड़ का नुकसान

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के फेज 1 स्थित सोमा पफ कंपनी में सोमवार सुबह आग लगी. जिसमें करीब डेढ़ करोड़ की परिसंपत्तियों की क्षति हुई है. आग सुबह करीब साढ़े 8 बजे लगी जिसे बुझाने में 3 घंटे लगे. जिसमें 2 टाटा मोटर्स, 2 गोलमुरी और 1 आदित्यपुर अग्निशमन विभाग का दमकल ने सफलता पाई. कंपनी के मैनेजर वेंकटेश राव ने बताया एक शेड में रखा तैयार माल और एक मशीन में भी अगलगी में जलकर राख हो गया है. फिलहाल क्षति का आंकलन किया जा रहा है. उन्होंने अगलगी का कारण शार्ट सर्किट होना बताया है.

## बोकारो जिला पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# साइबर ठगी करनेवाले 16 आरोपी को किया गिरफ्तार

- **मोबाइल 45 पीस, स्पेयर सिम कार्ड 13 पीस, कूपन कार्ड लगभग 1300 पीस आदि हुए बरामद**

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर साइबर क्राइम को अंजाम देनेवाले 16 युवकों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बोकारो के बारी-कोऑपरेटिव और मनमोहन को-ऑपरेटिव के आवासों में छापेमारी कर साइबर ठगी के धंधे में लिप्त बदमाशों को धर दबोचा. जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी आवास किराये में लेकर साइबर फ्रॉड करते थे. पकड़े गए सभी लोग बिहार के नालंदा, नवादा, जमुई, शेखपुरा सहित अन्य जिलों के हैं. इनमें अधिकतर 18-30 वर्ष के युवक हैं. इनके पास साइबर अपराध से जुड़े दस्तावेजों के अलावा 100 और 200 रुपये के नकली नोट भी बरामद हुआ है. बोकारो सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक को लगातार कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि बारी कोऑपरेटिव के आसपास किराये के घरों में रहकर कुछ बाहरी लोगों के द्वारा साइबर अपराध जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है. इस पर सेक्टर 12 थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के द्वारा सत्यापन किया गया तो पाया कि बारी को-ऑपरेटिव के प्लॉट नं. 119 एवं मनमोहन को-ऑपरेटिव के प्लॉट नं 647 में उस तरह के कुछ संदिग्ध लड़कों को देखा गया है. इस सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए रविवार को थाना प्रभारी ने एक छापेमारी टीम का गठन कर दोनों प्लॉट स्थित मकानों में छापेमारी किया गया, जिसमें बारी को-ऑपरेटिव प्लॉट संख्या 119 से कुल 5 व्यक्ति तथा मनमोहन को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित प्लॉट नं 647 से कुल 11 व्यक्ति पकड़े गए. इनलोगों के पास साइबर अपराध से संबंधित कई दस्तावेज एवं मोबाइल फोन, नकली नोट, पम्पलेट, ऑफर लेटर इत्यादि कई समान को बरामद किया गया है. पूछताछ में इन सभी के द्वारा बताया गया कि ये लोग प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर फेसबुक एवं इस्टाग्राम में अपना ऐड एवं पोस्ट करते हैं तथा जो लोग इस प्रलोभन में आ जाते हैं, उनसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटे रकम की ठगी करते हैं.

साथ ही साथ ऑनलाइन खरीददारी के नाम पर भी ठगी की घटना को अंजाम दिया जाता है. सभी गिरफ्तार युवाओं ने बताया कि उनका सरगना सुमित नाम का व्यक्ति है, जो पटना में निवास करता है. उन्हीं के दिशा निर्देश में सारा काम होता है. पकड़े गए आरोपी बारी को-ऑपरेटिव में मकान मालिक को कूरियर कंपनी का स्टाफ बता कर मकान किराये पर लिए थे. इस दौरान पुलिस द्वारा विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन 45 पीस, स्पेयर सिम कार्ड 13 पीस, कूपन कार्ड- लगभग 1300 पीस, विनर लेटर- करीब 3000 पीस, विनर कार्ड और लेटर भरा लिफाफा जिसमें भिन्न-भिन्न पता अंकित करीब 300 पीस, पोस्टल बारकोड- 250 पीस, रबर स्टाम्प एवं मुहर पैड, नकली नोट 100 रूपये का 50 पीस, 200 रूपये का 15 पीस, खाली लिफाफा 300 पीस, कस्टमर डिटेल्स- करीब 500 पेज जब्त किया गया है. पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया.



बोकारो में साइबर क्राइम करनेवालों बदमाशों के साथ जानकारी देती पुलिस.

# खुलेआम धमका रहा अमन साहू गिरोह का मयंक सिंह, नहीं हो रही गिरफ्तारी

सौरभ सिंह। रांची

जेल में बंद अपराधी अमन साहू गिरोह का मयंक सिंह कौन है, जिसे आजतक झारखंड पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है. एक मोस्ट वांटेड अपराधी विदेश से अपना गिरोह चला रहा है और खुलेआम लोगों को मयंक सिंह के नाम से धमकी मिल रही है. इतना ही नहीं आए दिन फेसबुक पर पोस्ट मिलती है, पुलिस कभी सिंगापुर लोकेशन तो कभी नेपाल बताती है. लेकिन इससे पहले मयंक सिंह दो बार जेल भी जा चुका है. लेकिन असली मयंक सिंह कौन है और कहां है, आज तक इसका पता नहीं चल सका है.

**एक के बाद एक आपराधिक घटनाएं दे रहा अंजाम:** झारखंड में कई आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं. लेकिन इन दिनों अन्य गिरोह की तुलना में अमन साहू गिरोह का उत्पात बढ़ा है. खासकर यह गिरोह राज्य के लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग और रांची के अलावा कोयलांचल क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है. इस गिरोह द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद मयंक सिंह नाम का व्यक्ति घटना की जिम्मेवारी भी लेता है. अमन साहू जेल से ही अपने गिरोह को चला रहा है. जानकारी के मुताबिक, मयंक विदेश में बैठकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है.

### इंटरनेट से आये कॉल को ट्रेस करने में पुलिस अबतक नाकाम रही है

झारखंड के अलग-अलग जिलों में इन दिनों अपराधियों द्वारा इंटरनेट कॉल के जरिए कारोबारी को फोन कर रंगदारी और जान से मारने की धमकी दी जा रही है. इंटरनेट के जरिए किए जाने वाले कॉल में वर्चुअल नंबर का यूज किया जाता है. इसे आसानी से ट्रेस नहीं किया जा सकता है. बिना सिम कार्ड के इस्तेमाल के होने वाली कॉल को वर्चुअल कॉल कहा जाता है. इसके लिए मोबाइल की भी जरूरत नहीं होती है और न ही सिम कार्ड की. सिमकार्ड का इस्तेमाल न होने से पुलिस टावर लोकेशन सहित अन्य जानकारी ट्रेस करने में नाकाम रह जाती है. राजधानी में कई लोगों को धमकियां मिली है. जिसे ट्रेस करने में पुलिस नाकाम रही.

### थाना प्रभारी ने युवक के साथ मारपीट की एसपी से की शिकायत

**नावाडीह।** बेरमो अनुमंडल के पेंक थाना प्रभारी द्वारा कोयला ले जा रहे एक युवक की बुरी तरह से पिटाई कर देने के कारण वह घायल हो गया है और उसका इलाज बोकारो में चल रहा है. इस संबंध में घायल युवक कलीमुद्दीन अंसारी ने बोकारो एसपी से लिखित शिकायत की है और जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है. बता दें कि युवक गिरिडीह जिला के निमियाघाट थाना अंतर्गत बालेडीह का निवासी है. लिखित शिकायत में उन्होंने कहा है कि पिछले 11 जनवरी को वह जलावन के लिए बाइक से कोयला लेकर घर जा रहा था तभी पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार उसे रोक कर दस हजार रुपए की मांग करने लगा. पैसा नहीं देने पर उन्होंने मारपीट की.

# किरीबुरू में युवक ने पेड़ पर फंदे से झूल कर आत्महत्या की

संवाददाता। किरीबुरु

किरीबुरु के मेन मार्केट हाटिंग निवासी मनीष एक्का (20 वर्ष), पिता सोमा एक्का ने अपने घर से 500 मीटर दूर जंगल स्थित बड़ा बरगद के पेड़ की सबसे ऊंची डाली (लगभग 40 फीट उंची) पर फंदे से लटक आत्महत्या कर लिया. मृतक 15 जनवरी की सुबह 4 बजे अपने घर से बिना कुछ बताये निकला था. कुछ लोग जंगल आये तब इस पेड़ की ऊंची डाली पर एक युवक को लटकते देख अन्य लोगों को जानकारी की. मृतक का परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा की फंदे से झूलता युवक मनीष है. मनीष मेहनत, मजदूरी कर अपना पेट पालता था. वह घर का अकेला कुवारां लड़का था. उसकी दो बहन है जिसमें एक की शादी हो चुकी है. दोनों बहनों ने बताया की घर में कोई विवाद या ऐसी बातें नहीं हुई थी. मनीष सुबह 4 बजे घर से निकला था. घटनास्थल पर दोनों बहने व परिवार तथा आसपास के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है.



### दिगंबर जैन मंदिर में लाखों की हुई चोरी

**कतरास।** रविवार की देर रात चोरों ने कतरास पुलिस को चुनौती देने हुए थाना से चंद कदमों की दूरी पर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर कतरास से चांदी के बर्तन सहित लाखों की अन्य सामग्री चोरी कर ली. पॉस इलाका व थाना के निकट से चोरी की घटना से लोग पुलिसिया कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहे हैं. इधर, सोमवार की सुबह घटना की खबर पाकर कतरास पुलिस घटनास्थल पहुंच कर मंदिर कमेटी के लोगों से जानकारी ली. साथ ही मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन किया. वहीं मंदिर कमेटी ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. मंदिर कमेटी के अनुसार चोरों ने मंदिर में रखे चांदी के पाण्डु शीला एक पीस ,जेवर दो पीस, पंचमैक पांच पीस, अष्टमंगल आठ पीस, प्लांट चार पीस, कलश चार पीस, दीया 48 पीस सहित अन्य सामग्री की चोरी हुई है. उल्लेखनीय है कि शनिवार को भी कतरास थाना क्षेत्र के रामपुर रक्षा काली मंदिर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है.

# दुकान में अपराधियों ने की फायरिंग, खोखा बरामद



संवाददाता। मेदिनीनगर

पाटन प्रखंड के राजहरा गांव स्थित एक किराना दुकान में रविवार रात अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की है. जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने कंचन दुबे के दुकान में तीन राउंड फायरिंग की. गोली स्टर को छेदते हुए काउंटर में लगे शीशा को तोड़ते हुए रजिस्टर में फंस गयी. घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीन गोली का खोखा बरामद किया है. दुकान मालिक कंचन दुबे के अनुसार, कल रात सात बजे दुकान बंद कर बगल वाले कमरा में सो गये थे. रविवार देर रात करीब 12 बजे किसी ने दुकान खोलने को कहा. शटर नहीं खोलने पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ तीन राउंड गोली चलायी. वहीं दुकान में रखी चौकी को भी जला दिया. बताया कि पाटन पुलिस और किशनपुर ओपी पुलिस को घटना की जानकारी दी है. साथ ही पाटन थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ आवेदन दिया है.

### 30 एकड़ में लगी पोस्ता की फसल को किया नष्ट

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा के नेतृत्व में बालूमाथ पुलिस अनुमंडल के बालुभांग पंचायत के डाकादीरी, हेरहन होप्पा ग्राम के जंगल में अभियान चलाकर करीब 30 एकड़ भूमि में लगे अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया. एसपी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी. बरियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गयी. सूचना पर प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा व बालूमाथ इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज थाना के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया. प्रशिक्षु आईपीएस मीणा ने कहा कि पुलिस विभाग के द्वारा लगातार लोगों को पोस्ते की खेती नहीं करने की हिदायत दी जा रही है. उसके नुकसानों के बारे में बताया जा रहा है, बावजूद इसके लोग लालच में आकर इसकी खेती कर रहे हैं. यह कानूनन अपराध है.

# प्रतिबंधित नशीली दवा बेचते मामा और भांजा गिरफ्तार

संवाददाता। पलामू

प्रतिबंधित नशीली दवा कोरेक्स की खरीद बिक्री करने के आरोप में जिले के तरहसी के बेदानी चौक से मामा-भांजे को गिरफ्तार किया गया है. उनके पास से 90 बॉटल प्रतिबंधित कोरेक्स दवा बरामद की गयी है. प्रत्येक बॉटल में 100 एमएल दवा भरी हुई पाई गई है. दोनों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. उनकी पहचान मटपुरही के 29 वर्षीय अमित कुमार पांडे (मामा) पिता अंजनी पांडे एवं 20 वर्षीय चिलहो के नितेश पांडे (भांजा) के रूप में हुई है. दोनों बेदानी चौक पर गुमटीनुमा दुकान में नशीली दवा की खरीद बिक्री करते थे.

तरहसी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार दास 13 जनवरी को दिवा गश्ती में निकले थे. बेदानी चौक के पास पहुंचने पर गुप्त सूचना मिली कि बगही में पेट्रोलपंप के पास स्थित एक गुमटी में नशा करने वाला प्रतिबंधित कोरेक्स दवा रखकर बिक्री की जा रही है. सूचना के आलोक में तरहसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डा. नदीम सिद्दीकी के साथ कार्रवाई की गयी और गुमटी से 90 बॉटल कोरेक्स दवा बरामद करते हुए दोनों मामा-भांजे को गिरफ्तार किया गया. उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि एक वर्ष पूर्व बिहार के गया से एक व्यक्ति पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए आया था. उसने अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर कोरेक्स दवा बेचने के लिए कहा था. उसके द्वारा लगातार दवा लाकर बेचने के लिए दिया जाता था. प्रत्येक दिन 8 से 10 बॉटल दवा बेच दी जाती थी.



### बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**जरीडीह (बोकारो)।** बोकारो जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह फोरलेन चौक में रविवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान गोमिया थाना क्षेत्र के साड़म निवासी 30 वर्षीय केशर अंसारी के रूप में हुई. स्थानीय लोगों के अनुसार रांची से चिलगड्डा लौटने के क्रम में मुक्तेश्वरी बस ने बाइक सवार केशर अंसारी को बांधडीह फोरलेन में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. जिसके बाद उसे एंबुलेंस से सदर अस्पताल बोकारो भेजा गया. जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया. युवक बाइक पर सवार था. बस बहादुरपुर से चिलगड्डा जा रही थी. सोमवार को उचित मुआवजे की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में मृतक के परिजन थाना पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया. घटना की सूचना मिलने पर दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो थाना पहुंचे और बस मालिक से वार्ता कर उचित मुआवजा व सरकारी लाभ दिलवाने में पहल की.

**हादसा** रविवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, परिजन दे रहे हैं 12 घंटे से धरना

# मुआवजा-नौकरी की मांग को लेकर शव के साथ धरना

संवाददाता। बेरमो

गोमिया बारूद कंपनी के इंटेक टावर में कार्यरत पंप ऑपरेटर कृष्ण कुमार बेसरा 40 वर्ष की रविवार देर रात बाइक से दुर्घटना में मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण कंपनी से रोजगार और मुआवजे की मांग को लेकर इंटेक टावर के निकट शव के साथ धरना पर बैठ गए. 12 घंटे बाद भी समझौता नहीं हो सका, लिहाजा परिजन और ग्रामीण धरना पर बैठे हुए हैं. ग्रामीणों की मांग है कि कंपनी ने मृतक के आश्रित को स्थायी नौकरी, 25 लाख रुपये मुआवजा और उनके बच्चों को पिट्स स्कूल में मुफ्त शिक्षा मुहैया कराया जाए. इस मांग पर कंपनी के साथ एक दौर समझौता वार्ता किया गया लेकिन स्थायी नौकरी की मांग पर बात नहीं बनी इसलिए वार्ता टूट गई और धरना अभी तक जारी है.

घटना के संबंध में समाजसेवी सोनाराम बेसरा ने बताया कि रविवार की रात को वह ड्यूटी के लिए बाइक से निकला था. अंधेरे और कुहासे के कारण वह इंटेक टावर के निकट गिर गया और बाइक से वह दब गया. रात को किसी ने नहीं देखा जिसके कारण जानकारी नहीं मिल सकी. सुबह जब उनके सहयोगी ड्यूटी से वापस लौट रहे थे, तब वे देखा. गांव वालों और परिजनों को जानकारी दी. इसके बाद कंपनी प्रबंधन को भी इसकी सूचना दी गई. जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण और आश्रित नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर धरना पर बैठे हैं.

मौके पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, दर्जा प्राप्त मंत्री सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, सीओ प्रदीप कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, गोमिया के पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह, आईईएल थाना प्रभारी देवानंद कुमार, गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन, कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार, मुखिया बंटी उरांव, मुखिया शांति देवी, पंसस प्रतिनिधि धनेश्वर रविदास, पूर्व प्रमुख गुलाब हांसदा, वार्ड सदस्य राजकुमारी देवी, समाजसेवी सोना राम बेसरा, गंदौरी राम, नूनी देवी, सहित अन्य लोग शामिल हैं.



### खास बातें

- मृतक इंटेक टावर में पंप ऑपरेटर के पद पर था
- स्थायी नौकरी व 25 लाख रुपये मुआवजा मांग रहे हैं

# पीरटांड़ : ऑटो पलटने से मेला घूमने जा रहे युवक की मौत

संवाददाता। पीरटांड़ (गिरिडीह)

पीरटांड़ थाना क्षेत्र के हरलाडीह में सोमवार को डुमरी गिरिडीह मुख्य पथ के हरलाडीह के समीप ऑटो पलटने से एक किशोर की मौके पर मौत हो गई. मृतक अपने दोस्तों के साथ ऑटो में सवार होकर मधुवन मेला देखने जा रहा था. इसी दरम्यिान हरलादी के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई. वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. जिसके बाद घटना की जानकारी पीरटांड़ थाना पुलिस को दी गई. सूचना मिलने के बाद पीरटांड़ थाना प्रभारी गौरव भगत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ऑटो को कब्जे में लेकर थाना ले गई. वहीं, स्थानीय लोगों ने किशोर को डुमरी रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया जाता है की डुमरी प्रखंड के मधुवन थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी मुकेश यादव का 14 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार अपने घर से दोस्तों के साथ मधुवन मेला घूमने जाने की बात कह कर निकला था. रोशन और उसके साथी चैनपुर के समीप एक ऑटो मैं बैठकर मधुवन के लिए निकल गए, लेकिन उक्त स्थान पर ऑटो अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में जा गिरा.



निश्चित रूप से यह दिन सिर्फ हिंदू समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए अविस्मरणीय दिन है

# 22 जनवरी को अवकाश के लिए सांसद सेठ ने सीएम को लिखा पत्र

संवाददाता । रांची

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है. मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि 22 जनवरी को झारखंड सरकार को अवकाश घोषित करना चाहिए. इसके साथ ही उसे दिन मांस और मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना चाहिए. अपने पत्र में सेठ ने कहा है कि 22 जनवरी 2024, भारतीय इतिहास का वह दिन है, जिसकी प्रतीक्षा सदियों से भारत का जनमानस कर रहा था. यह दिन इतने लंबे समय के संघर्ष, त्याग और

**करें अवकाश**

- 22 जनवरी को मांस-मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित हो
- हनुमान जी की भी जन्मस्थली है हमारा झारखंड : सेठ

तपस्या के बाद सौभाग्य के रूप में हम सबको मिला है. हम अपने आराध्य रामलला की पुनः प्राण प्रतिष्ठा अयोध्याधाम में कर रहे हैं. इस दिन को लेकर हमारा गौरव इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि झारखंड से भगवान श्री राम का भी अनन्य प्रेम रहा है. भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी की जन्मस्थली भी झारखंड ही है. सेठ ने कहा कि निश्चित रूप से यह दिन सिर्फ हिंदू समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए अविस्मरणीय दिन है. संविधान और शासन व्यवस्था में हम जिस रामराज्य की संकल्पना की बातें करते हैं, उसी राम की पुनः प्राण प्रतिष्ठा सदियों के बाद हो रही है. यह हम जनप्रतिनिधियों और शासन के लिए भी गौरव की बात है. उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि इस तिथि को लेकर संपूर्ण समाज स्वतः स्फूर्त होकर दीपावली मनाने की तैयारी कर रहा है. कई सामाजिक व सांस्कृतिक उत्सव की तैयारी चल रही है. निश्चित रूप से राज्य के मुखिया होने के नाते आप भी इस उत्सव में शामिल होंगे, यह विश्वास मुझे है. सांसद ने कहा कि इस महत्वपूर्ण और पवित्र दिन मेरा आपसे अनुरोध है कि 22 जनवरी को झारखंड में राजकीय अवकाश घोषित किया जाए. इसके साथ ही इस दिन मांस मदिरा की बिक्री भी प्रतिबंधित की जाए ताकि राम लाल के पुनः आगमन का यह उत्सव हम और भी भावपूर्ण और सात्विक तरीके से मना सकें. हम अपने लोगों को यह एहसास दिला सकें कि वास्तव में रामराज्य की संकल्पना को साकार करने प्रभु श्रीराम खुद अयोध्याधाम आ रहे हैं.




राम मंदिर अयोध्या के पूजित अक्षत को कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को वितरित करते रांची के सांसद संजय सेठ, साथ में हैं डॉ. भारती कश्यप, डॉ. बीपी कश्यप, डॉ. बिभूति कश्यप व अन्य



क्रिकेट खिलाड़ी महेंद्र सिंह धौनी को आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय सिंह ने आमंत्रण पत्र दिया. इस मौके पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, धोनी के मित्र सीमांत लोहनी उपस्थित थे.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** बारहवें चंद्र राहु का योग है. रोग पर व्यय से तनाव रहेगा. अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा. विवेक से कार्य करें. स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी. पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा. जल का दान किसी शिवमंदिर में करें.

**वृषभ** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. शत्रु भय रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी. नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी. मशक्कत करने से लाभ होगा. चिंता होगी. शत्रु पराजित होंगे.

**मिथुन** मान-सम्मान मिलेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्त्री कष्ट संभव. कलह से बचें. कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे. विवेक से कार्य बनेंगे. पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना. वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग. किस्मत का साथ मिलेगा.

**कर्क** बिना वजह किसी से विवाद न करें. लेन-देन में सावधानी रखें. कानूनी बाधा दूर होगी. देव दर्शन होंगे. राज्य से लाभ होने की संभावना. मातृपक्ष की चिंता. वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें. धन आने की संभावना. मित्र मिलेंगे.

**सिंह** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. झंझटों में न पड़ें. आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना. शत्रु पराजित होंगे. लाभ होगा. स्वास्थ्य ठीक न हो. अनजाना भय सताएगा. राज्य से लाभ.

**कन्या** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. राजकीय बाधा दूर होगी. नेत्र पीड़ा की संभावना. धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा. शत्रु से परेशान होंगे. अपमान होने की संभावना. कष्ट की संभावना. धनहानि. कष्ट-पीड़ा.

**तुला** स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. भागदौड़ रहेगी. भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. धनागम सुस्त रहेगा. कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा. दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है. कुछ लाभ की संभावना.

**वृश्चिक** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना. कुसंग से हानि. धनागम सुखद रहेगा. प्रेमिका मिलेगी. कुछ आय होगी. माता को कष्ट रहेगा.

**धनु** समय सामान्य है. भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना. लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा. दुःसमाचार प्राप्त होंगे. हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा. भयकारक दिन रहेगा.

**मकर** मेहनत से किया गया प्रयास सफल होगा. कोई धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे. कुछ कष्ट होने की संभावना. लाभ के योग बनेंगे. स्त्री वर्ग को कष्ट साथ ही कुसंग से कष्ट. कलहकारक दिन रहेगा. अन्न और फल का दान करें.

**कुंभ** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. आय में वृद्धि होगी. विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना. चिंताएं जन्म लेंगी.

**मीन** किस्मत का साथ मिलेगा. परिवार की चिंता रहेगी. लाभ होगा. अस्वस्थता का अनुभव करेंगे. चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी. शत्रु दबे रहेंगे. कलह-अपमान से बचें. संभावित यात्रा होगी. सावधानी बरतनी होगी.

सरकार को उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करने की घोषणा वापस लेनी चाहिए

# प्राइमरी स्कूलों से उर्दू शिक्षकों की पद समाप्ति का विरोध शुरू

**शिक्षक नाराज**

- राज्य गठन के बाद झारखंड में शिक्षकों के 4401 पद थे
- इनमें से केवल 689 पद पर ही शिक्षक की नियुक्ति हुई

रेहान अहमद । रांची

राज्य के प्राथमिक विद्यालयों से उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त किये जाने का चौतरफा विरोध हो रहा है. प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा पिछले दिनों शिक्षकों की प्रोन्नति को लेकर जारी पत्र में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक शिक्षक अथवा इंटर मीडिएट उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 फीसदी सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग समाप्त बताया गया है. अल्पसंख्यक मामलों के जानकार शमीम अली ने कहा कि झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा उर्दू शिक्षक व सहायक शिक्षक के पदों को समाप्त करने के लिये बनाये गये झारखंड राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 का ड्राफ्ट जला कर जिले में विरोध शुरू किया गया है. उन्होंने कहा कि सरकार खाली पड़े 3721 उर्दू शिक्षक के पदों को कक्षा 1 से 5 व कक्षा 6 व 8 में बांट कर नियुक्ति नियमावली 2012 के अनुसार बहाली करने के बजाय पदों को सरेंडर करने में लगी है. झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि एकीकृत बिहार के समय उर्दू शिक्षकों के पद सृजित हुए थे. राज्य गठन के बाद झारखंड में शिक्षकों के 4401 पद थे. इनमें से केवल 689 पद पर ही शिक्षक की नियुक्ति हुई. शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के बदले पद ही समाप्त किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष सरकार द्वारा इन पदों को योजना मद से गैर योजना मद में स्थानांतरित किया गया है. इसके बाद पद को समाप्त किया गया है, इसे वापस नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करने की तैयारी है.

## उर्दू शिक्षक एवं सहायक शिक्षक पद की समाप्ति दुर्भाग्यपूर्णः शहाबुद्दीन

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता मो शहाबुद्दीन ने कहा कि झारखंड



सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा उर्दू शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पद को समाप्त कर देना दुर्भाग्यपूर्ण है और उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार है. हमारी पार्टी सरकार की इस नीति का कठोर शब्दों में निंदा करती है. उन्होंने कहा कि सरकार की इस नीति से जहां उर्दू शिक्षकों की आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, वहीं आने वाले आगामी चुनाव में हेमंत सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा, सरकार को चाहिए कि इस नीति को शीघ्र बंद करें और राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालयों से उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करने की घोषणा को वापस ले, अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो हमारी पार्टी राज्य स्तर पर सरकार के विरुद्ध आंदोलन तेज करेगी. शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के चेयरमैन मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि सरकार का यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है, झारखंड बटवारे में जो हक अधिकार उर्दू को मिलने चाहिये थे, वह किसी सरकार ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया. वहीं मौजूदा सरकार का उर्दू के प्रति सौतेला रवैया चिंता का विषय है. हम सरकार के इस फैसले का विरोध करते हैं. निवेदन करते हैं कि सरकार संज्ञान में लेकर उर्दू शिक्षकों की बहाली का रास्ता साफ करें. अंजुमन इसलामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद ने कहा कि उर्दू के मामले में सरकार की यह नीति गलत है. हज इसका विरोध करते है. साथ ही अपील करते हैं कि जारी नियमावली को वापस कर उर्दू शिक्षकों के पद नियुक्ति को पूरी सही अधिकार मिले. ताकि उर्दू को उसका सही अधिकार मिल सके.

## राज्य के उर्दू भाषी लोगों के साथ यह अन्याय है : एमजेड खान

अंजुमन तरक्की उर्दू, झारखंड के केंद्रीय प्रतिनिधि एमजेड खान ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर



नियुक्ति किए जाने के बजाय पदों को ही समाप्त करने की साजिश है. राज्य के उर्दू भाषी लोगों के साथ यह अन्याय है. अभी भी वर्षों से 3500 से अधिक सरकारी विभागों में उर्दू के पद रिक्त हैं, जिन्हें भरा जाना शेष है. उर्दू के साथ ये अन्याय असहनीय है . उर्दू भी संविधान से मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं में एक है ,इसे भी वो सुविधाएं मिलनी चाहिए जो अन्य 22 भाषाओं को मिल रही हैं. हम अंजुमन तरक्की उर्दू झारखंड की ओर से इस कृत की निंदा करते हैं, मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री इस मामले में अपने स्तर से हस्तक्षेप कर उर्दू शिक्षकों की बहाली में आए व्यवधान को खत्म करने का आदेश दे. मदरसा अंजुमन इस्लामिया के शिक्षक मौलाना हम्माद कासमी ने कहा कि उर्दू दूसरी सरकारी भाषा है. उसके बावजूद उर्दू भाषा के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार चिंता का विषय है. इस लिये सरकार को इसे वापस कर उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति की समस्या दूर करनी चाहिये. एदार ए शरिया के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के पद समाप्ती का मामला गंभीर है. इस मुददे पर शिक्षा सचिव से मिलेगा, कि उर्दू के साथ आखिर क्या हो रहा है. अल्पसंख्यक महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि सरकार का यह निर्णय उर्दू के प्रति गलत है, हम इसका खंडन करते हैं, अल्पसंख्यक वर्ग के साथ यह अन्याय किया गया है. इसके विरोध में सीएम आवास घेरने की तैयारी की जायेगी.

## सरकार उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति की परेशानी करे दूर : आबिद अली

झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष आबिद अली ने कहा कि इस फैसले का



हम विरोध करते हैं. सरकार इस मामले को संज्ञान में लेकर उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति की परेशानी दूर करें. अंजुमन इस्लामिया के शिक्षक मौलाना शुजाउल हक ने कहा कि यह सरासर उर्दू भाषा के साथ जुल्म है. सौतेला व्यवहार है. इस लिये सारी तंजीमों को साथ जुट कर इसका लिये खड़े होने की जरूरत है. समाजसेवी नदीम इकबाल ने कहा कि उर्दू के प्रति आया फसला दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार को इसके इसके प्रति संज्ञान लेकर आये फैसले को बदलने की जरूरत है. हरमू हामीम मसजिद के इमाम व खतीब मौलाना अब्दुल माजिद ने कहा कि उर्दू भाषा के प्रति आये फैसले का हम विरोध करते हैं. उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर गौर करते हुए इसे वापस लेने की जरूरत है. ताकि सभी में आपसी मोहब्बत कायम रहे. यूनाइटेड मिल्ली फोरम झारखंड के जनरल सेक्रेटरी अफजल अनीस ने कहा कि राजय में उर्दू भाषा के साथ इंसाफ नहीं किया गया है.साक्षारता विभाग की ओर से जारी नियमावली में 1 से 8 तक के उर्दू शिक्षकों की बहाली मर्ज कर दी गई है. यानी अब आगे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं होगी. सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप कर नियमावली बदलने की जरूरत है. समाजसेवी इमाम सफी ने कहा कि झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग द्वारा जारी प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारूप में उर्दू शिक्ष के पद को मरणशील कर दिया जायेगा. इसके बाद रिक्त बचे 3712 पदों को सरेंडर कर दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि सरकार का यह उर्दू विरोधी फैसला है. इस अविलंब वापस लेना चाहिये, नहीं तो आंदोलन की तैयारी है.

अखंड जात्रा के दिन मनाई जाती है चिड़ीदाग की परंपरा

# आदिवासियों की अनोखी परंपरा गर्म लोहे से दागे गए नौनिहाल



बच्चों को चिड़ीदाग देते पुरोहित.

रतन सिंह । जमशेदपुर

आज के डिजिटल युग में भी परंपरा के नाम पर अंधविश्वास का बोलबाला है. झारखंड में कुछ ऐसी ही पुरानी परंपरा है जिसमें दर्द और चीख सुनाई देती है. इन्हीं में से एक विचित्र परंपरा है आदिवासी समुदाय का चिड़ी दाग. जमशेदपुर से सटे हुए आदिवासी क्षेत्र में पेट संबंधी रोग ठीक करने के नाम पर बच्चों के पेट में गर्म सलाखों से दागा जाता हैं. वर्ष के पहले महीने में मकर संक्रांति के दूसरे दिन को आदिवासी समाज अखंड जात्रा कहते हैं. अखंड जात्रा के अहले सुबह गांव में अलग-अलग कस्बे में महिलाएं अपने बच्चे को लेकर स्थानीय एक पुरोहित के घर में आती हैं. जहां पुरोहित जमीन पर बैठकर लोहा या तांबे की सींक को लकड़ी की आग में गर्म करते हैं. इसके बाद एक-एक बच्चों के पेट में मंत्रोच्चार के साथ चार बार दागा जाता है.

**असहनीय पीड़ा से चीख उठते है बच्चे :** परंपरा के अनुसार सुबह-सुबह सबसे पहले पुरोहित के घर के आंगन में उपले और लकड़ी जलाई जा रही है. इस आग में तांबे की सींक को गर्म किया जा रहा है. पुरोहित एक कटोरी में सरसो तेल लेकर बैठते है. इसके बाद आये हुए बच्चों को अपने पास बुलाकर अपनी उंगलियों पर सरसों तेल लेकर कुछ बुदबुदाते (मंत्र पढ़ते) है और अलग-अलग उंगलियों से जमीन पर उसी तेल से निशाना बनाते है. उसके बाद बच्चे को लिटाकर उसकी नाभि के आसपास तेल लगाकर गर्म सींक से दागा जाता है. इससे बच्चों की चीख निकलती है और असहनीय पीड़ा भी उन्हें झेलना पड़ता है. बच्चों के साथ-साथ बड़े भी अपने दर्द का निवारण करने के लिए पहुंचते है. लोगों का विश्वास है ऐसा करने से पेट समेत शरीर के अन्य जगहों का दर्द ठीक हो जाता है. इसमें 21 दिन के बच्चे से लेकर बड़े को भी चिड़ी दाग दिया जाता है.

**नहीं होती पेट की बीमारी**

इसको लेकर करनडीह निवासी पुरोहित छोटू सरदार बताते हैं कि उनके दादा, परदारा चिड़ी दाग की परंपरा निभाते आ रहे हैं. इसको लेकर मान्यता है कि चिड़ी दाग से पेट का जो नस बढ़ जाता है, वो ठीक हो जाता है. चिड़ी दाग से पेट दर्द नहीं होता है. इसके अलावा पैर, कमर दर्द के लिए भी चिड़ी दाग दिया जाता है. पुरोहित का मानना है कि इस तरह की बीमारी में दवा से अंदर का इलाज होता है लेकिन चिड़ी दाग से ऊपर से नस का इलाज हो जाता है. वहीं ग्रामीण महिलाएं बताती हैं कि उन्हें अपनी इस परंपरा पर पूरा विश्वास है, ऐसा करने से उनके बच्चे का स्वास्थ्य ठीक रहता है और पेट से संबंधित कोई बीमारी नहीं होती. आदिवासी समाज के जानकारों का मानना है कि अब लोग ज्यादा जागरूक हो गए है. पहले के मुकाबले काफी कम लोग ही चिड़ी दाग के लिए पुरोहितों के पास आते है. अब ज्यादातर लोग अस्पतालों का ही रुख करते है.

# लॉटरी माफिया के गुट ने पत्रकार पर किया हमला

**पाकुड़** । पाकुड़ नगर के हरिनडंगा बाजार निवासी रिकी अंसारी, सलीम और उनके कुछ सहयोगी के द्वारा युवा पत्रकार अविनाश मंडल पर रेलवे स्टेशन पाकुड़ परिसर में दोपहर को मारपीट की गई. उन्होंने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई. उसके बाद पत्रकार के द्वारा नगर थाना पाकुड़ में रिकी अंसारी और उनके गर्गों द्वारा की गई मारपीट की नगर थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया. लेकिन 24 घंटे होने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं किया गया. रिकी के द्वारा संचालित फर्जी एटीएम टिकट जो खुलेआम थाना क्षेत्र में बेची जा रही है एवं कई एजेंट के माध्यम से खबर को पूरे पुख्ता सबूत के साथ छापा गया था, खबर छपने के बाद रिकी अंसारी एवं उसके गुर्गे के द्वारा पहले पत्रकार से फोन पर बात की कहां हो. उसके बाद अचानक हमला कर दिया. पत्रकार कुछ समझ पाता तब तक उसकी पिटाई कर दी गई.

# मकर परब में उमड़ा संस्कृति प्रेमियों का सैलाब

संवाददाता । चांडिल



सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मकर संक्रांति का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है. नीमडीह प्रखंड के घाघरा जुड़िया के आमड़ाबेड़ा में भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मकर परब का आयोजन किया गया. मेला का उद्घाटन भाजपा के सरायकेला-खरसावां जिला महासचिव मधुसूदन गोराई एवं संयोजक साधु बाबा (जन्मेंजय सिंह सरदार) ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. इस अवसर पर मेला में दूर-दराज से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. लोगों ने मेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया. श्रद्धालुओं के जनसैलाब को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मधुसुदन गोराई ने कहा कि आधुनिक युग में प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित करना सभी का दायित्व है. उन्होंने कहा कि प्राचीन पारंपरिक संस्कृति हमारी विरासत है. मेला में रघु डांस ग्रुप के कलाकारों ने दर्शकों का जमकर मंनोरंजन किया. मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष जीतु सिंह सरदार, उपाध्यक्ष बृहस्पति सिंह सरदार, सचिव लाल सिंह सरदार, घनश्याम महतो, भोलानाथ महतो, द्विजपद पारित, श्रावण मंडल, महेश्वर कालिंदी, सागर सिंह, दुबराज सिंह, माणिक सिंह, निरंजन सिंह, सुषेण महतो, चिराम गोराई समेत बड़ी संख्या में मेला प्रेमी उपस्थित थे.

# तिरुलडीह में पारंपरिक फोदी खेल आयोजित

संवाददाता । चांडिल



चांडिल अनुमंडल अंतर्गत कुकड़ प्रखंड क्षेत्र के तिरुलडीह में सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पारंपरिक फोदी खेल का आयोजन किया गया. फोदी खेल में तिरुलडीह, गुंदलीडीह, सिरकाडीह, कुदा सहित आसपास के कई गांवों के दर्जनों लोग शामिल हुए.

फोदी खेल का विधिवत शुभारंभ वरिष्ठ खिलाड़ी रमेश कुईरी और हीरालाल कुईरी ने किया. इस खेल में मुख्य अतिथि के रूप में तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इद्रजीत महतो उपस्थित हुए. खेल में वरिष्ठ फोदी खिलाड़ी हीरालाल कुईरी, नबो महतो, शिवनंदन कुईरी, सहदेव महतो समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए. खेल के दौरान लोग काफी उत्सुक दिखे. खेल के समापन के बाद उत्कृष्ट फोदी खेलने वाले चार दर्जन से अधिक खिलाड़ियों को परितोषिक देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान फोदी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा ने पारंपरिक फोदी खेल को बचाये रखने का संकल्प लिया और आने वाले सालों में इसे और भव्य तरीके से करने की बात कही.

**मकर संक्रांति** दक्षिणी कोयल नदी के तट पर चितरी-डांड़ू पहुंचे भारी संख्या में श्रद्धालु

# हर्षोल्लास का साथ संपन्न हुआ ऐतिहासिक चितरी मेला

**उमड़ी भीड़**

- मंदिर के निकट कई ओर पाषाण आकृतियां हैं
- श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति का पवित्र स्नान किया

संवाददाता । सेन्हा /लोहरदगा



मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक चितरी मेला सोमवार को हर्षोल्लास संपन्न हो गया. ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से भारी संख्या में धर्मावलंबी व श्रद्धालु दक्षिणी कोयल नदी तट पर सेन्हा प्रखंड के चितरी-डांड़ू पहुंचे. सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति का पवित्र स्नान किया. उसके बाद नदी के पूर्वी छोर पर स्थित भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया. ऐसी मान्यता रही है कि मकर संक्रांति के दिन इस मंदिर में पूजा करने वाले व्यक्ति की मनोकामना पूरी होती है. मंदिर के निकट कई ओर पाषाण आकृतियां हैं, जिन्हें लोग प्राचिन मंदिर का अवशेष मानकर पूजा-अर्चना करते हैं. ग्रामीणों ने बताया कि उसी स्थान पर शेषनाग के जाने का निशान सभी पत्थरों में देखने को मिल रही हैं. मेले में आने वाले श्रद्धालु कोयल नदी के तट पर स्नान कर मंदिर में जल एवं प्रसाद अर्पण किए. यहां पर पत्थरों के बीच एक छोटी सी गुफानुमा जगह है, जो श्रद्घालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा. मकर संक्रांति के अलावा महाशिवरात्रि के दिन भी यहां हजारों की भीड़ उमड़ती है. मेला देखने वाले ज्यादातर लोग घर से खाद्य पदार्थ लेकर आए थे और पूजनोपरांत दही-चूड़ा व तिलकुट मिल-बांटकर खाते देखे गये. मेला स्थल पर लोगों का आना अहले सुबह से ही प्रारंभ हुआ, जो शाम तक जारी रहा. कोयल नदी के बीचो-बीच आड़े-तिरछे चट्टानों पर लगने वाला यह मेला अपने आप में अनोखा मेला है. ग्रामीण आकर्षण व रीक्ष-रंग से प्रभावित मेले में बच्चों का झूला, रंग-बिरंगे गुब्बारे, फिरकी, युवाओं के लिए तरह-तरह के मनोरंजक खेल, गन्नों की सजी क्रमबद्ध दुकानें, तिलकुट की दर्जनों दुकानें की भरमार सभी उम्र के लोगों को आकर्षित करने के लिए काफी था. मेले में भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अनहोनी को टालने के लिए मेला स्थल पर पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां के निर्देश पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी अभिनव कुमार सहित वरीय प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद थे.

आजसू छात्र संघ के प्रदेश सचिव दीपक पांडेय ने वीसी को लिखा पत्र

# जमशेदपुर महिला विवि के कल्चरल विभाग अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता । जमशेदपुर



जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की प्राध्यापक एवं खेलकूद प्रशिक्षिका शांति मुक्ति बारला के निधन के बाद उनके परिजनों को दस लाख मुआवजा देने की मांग उठने लगी है. इस संबंध में आजसू छात्र संघ के प्रदेश सचिव दीपक पांडेय ने कुलपति को एक पत्र लिखा है. इसमें मृत शिक्षिका के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने और शोक सभा के दिन नृत्य करवाने वाले कल्चरल विभाग के अध्यक्ष सनातन दीप पर उचित कार्रवाई की मांग की गई है. दीपक पांडेय ने बताया है कि कई वर्षो तक जमशेदपुर महिला विवि में खेलकूद (एथलेटिक) में अपना योगदान दे रही शांति मुक्ति बारला की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी. उनके परिवार में वे अकेले ही कमाने वाली थी. ऐसे में शिक्षिका की मृत्यु के उपरांत झारखण्ड सरकार उनके परिवार के भरण पोषण की व्यवस्था करें. दस लाख मुआवजा के साथ ही उनकी बेटी (लीना) को नौकरी दी जाए. आजसू छात्र संघ ने पत्र की प्रतिलिपि राज्यपाल, खेलमंत्री और शिक्षा मंत्री को भी भेजा है. दीपक पांडेय ने कहा है कि इससे पूर्व भी एक ज्ञापन जमशेदपुर महिला विवि के कुलसचिव को दिया गया था, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई. उन्होंने कहा है कि अगर कॉलेज खुलते ही इनपर कार्रवाई कर पदमुक्त नहीं किया गया तो आजसू छात्र संघ धरना पर बैठेगा.

कल कारखानें और उद्योग किसी राज्य के विकास और समृद्धि के प्रतीक हैं. इससे वस्तुओं का उत्पादन तो होता ही है. लोगों को रोजगार भी मिलता है. इतना ही नहीं इससे राज्य के विकास की गति भी तेज हो जाती है. महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, उत्तर प्रदेश सरीखे राज्यों में कल कारखानों की भरमार है. यही वहज है कि बड़ी संख्या में लोग काम के सिलसिले में उन राज्यों में पलायन कर जाते हैं. अगर झारखंड में ही बड़े पैमाने पर औद्योगिक संयंत्र स्थापित किए जाएं तो लोग बाहर क्यों जाएंगे. इस समय राज्य के तीन सौ से अधिक उद्योगपति ओडिशा में उद्योग का विस्तार करने में लगे हैं. उनका कहना है कि उद्योग के लिए जमीन कम पड़ रही है. साथ ही सरकारी स्तर पर भी जमीन मुहैया कराने में रुचि कम देखी जा रही है. यही वजह है कि उद्योगपति अन्य राज्यों का रुख कर रहे हैं. सरकार को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा उद्योग राज्य में स्थापित किए जाएं. इसका प्रावधान आने वाले बजट में होना चाहिए. इतना ही नहीं उद्योग लगाने के नियम कायदे भी आसान होने चाहिए. तभी व्यावसाइयों का पलायन रुक पाएगा. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों के चैंबर पदाधिकारियों और उद्योग जगत के उद्यमियों से इस संबंध में बातचीत की है. पेश है रिपोर्ट.






## अगले महीने पेश होगा झारखंड का बजट, तैयारियों में जुटी सरकार

- 300 व्यापारी ओडिशा में कर रहे हैं उद्योग का विस्तार
- बजट को लेकर लोगों के बीच चर्चा जारी
- सरल हो उद्योग स्थापित करने के नियम-कानून
- झारखंड में उद्योग के लिए कम पड़ रही है जमीन
- किसानों और ग्रामीणों के लिए हो बजट में प्रावधान
- विभागों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाना चाहिए

## चैंबर सदस्य और उद्योगपतियों ने कहा...

# बजट में उद्यमियों का पलायन रोकने का हो प्रयास...

## आदित्यपुर

### उद्योगों के लिए जमीन कम पड़ रही है इस पर ध्यान दे सरकार : इंदर अग्रवाल

उद्यमी संगठन आदित्यपुर स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल का यह कहना है कि झारखंड में उद्योगों के लिए जमीन कम पड़ रही है. झारखंड के 300 उद्यमी अपना उद्योग विस्तार ओडिशा में कर रहे हैं, राज्य सरकार उद्योगों का पलायन रोकने की रणनीति बनानी चाहिए .सरकार को चाहिए कि वह सरल और सहज तरीके से उद्यमियों को जमीन उपलब्ध कराने की नीति बनाए. उन्होंने झारखंड सरकार से बजट से नई मांग करने की बजाय कहा कि सरकार ने जो पूर्व में घोषणा की थी उसे ही इम्पलीमेंट कर दे तो बहुत होगा. उन्होंने बताया कि झारखंड के 300 उद्यमी अपना उद्योग विस्तार ओडिशा में कर रहे हैं. ओडिशा सरकार वहां सस्ते और सुलभ तरीके से राज्य में उद्योग विस्तार करा रही है. वहीं यहां उद्यमियों को जमीन के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है. राज्य सरकार उद्योगों का पलायन रोकने की रणनीति बनाए. हमारी यही अपेक्षा झारखंड सरकार से है.

### राज्य सरकार उद्योगों के विकास के प्रति उदासीन है : ज्ञान जायसवाल

लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष ज्ञान जायसवाल का कहना है कि वर्तमान झारखंड सरकार उद्योगों के विकास के प्रति उदासीन है. यहां औद्योगिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की घोर किल्लत है. जमीन नहीं मिल रही हैं. सड़कें, नालियां, औद्योगिक सुरक्षा सभी भगवान भरोसे हैं. यहां की सरकार जब चुनाव में आई थी तो बड़े बड़े वायदे किये थे. जिसमें से एक का भी इम्पलीमेंट नहीं हुआ. यहां मदर इंडस्ट्रीज को लाने का प्रयास नहीं हुआ. जिसकी वजह से अनुषंगी इकाइयां यहां से पलायन करने के कगार पर है. हमारी सरकार से मांग है कि वह अपना मेनोफेस्टो देखे और बस उसी को लागू करने की रणनीति बनाए तो यहां के औद्योगिक इकाइयों में जान आ जाएगी. यहां उद्योगों को पर्याप्त मात्रा में जमीन, बिजली, पानी नहीं मिल रहा है, जो पहले से उपलब्ध है. यह जर्जरावस्था में जा पहुंचा है. सरकार अपने बजट में इन सारी कमियों को दूर करने की रणनीति बनाए. यही हमारी सरकार से अपेक्षा होगी.

## बहरागोड़ा

### राज्य सरकार को व्यवसाय के ऊपर ध्यान देकर बजट बनाना चाहिए : नंदन कुमार

व्यवसायी नंदन कुमार का कहना है कि राज्य सरकार को बढ़ते महंगाई को देखते हुए व्यवसाय के ऊपर ध्यान देकर बजट बनाना चाहिए. क्योंकि व्यवसाय जगत के ऊपर ही अर्थव्यवस्था निर्भर करती है. इसलिए सरकार को व्यवसाय वर्ग को लाभान्वित करने के लिए पहल करनी चाहिए. क्योंकि कोरोना काल के समय व्यावसाई वर्ग को काफी नुकसान हुई है. उसकी भरपाई जरुरी है. यह बजट में प्रावधान के कारण ही हो सकता है.

### सरकार को कुटीर उद्योग पर अब अधिक बल देना चाहिए : जयंत कुमार घोष

कुटीर उद्योग चलाने वाले जयंत कुमार घोष का कहना है कि वित्तीय बजट बनाते वक्त राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी कुटीर उद्योग पर ध्यान देना चाहिए. क्योंकि कुटीर उद्योग से प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रुप से कई लोग जुड़े रहते हैं. इसलिए सभी को ध्यान में रखते हुए ऐसा बजट बनाया जाए जिसमें सभी वर्ग के लोगों को लाभ हो.

### सभी वर्गों के लोगों को देखते हुए इस बार बजट बनाना चाहिए : सूजन साउ

व्यावसायी सूजन साउ का कहना है कि व्यावसाय के साथ-साथ शिक्षा, चिकित्सा व खाद्य संसाधन पर विशेष ध्यान देकर सरकार को बजट बनाना चाहिए. न कि किसी एक वर्ग विशेष पर फोकस करना चाहिए. राज्य के विकास की गति धीमी न हो सरकार को इसका ख्याल रखना चाहिए. साथ ही साथ सभी को रोजगार मिले इसका प्रावधान भी बजट में करने की जरुरत है.

## लातेहार

### इस बार के बजट में छोटे और मझौले व्यवसाई को राहत मिले : रामनाथ अग्रवाल

लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव रामनाथ अग्रवाल ने कहा कि बजट में व्यावसाइयों की हितों की बात की जानी चाहिए. व्यावसाइयों को बजट में राहत दी जानी चाहिए. खास कर छोटे और मझौल व्यावसाइयों को लगने वाले राज्य सरकार के कर को कम करना चाहिए. किसानों को उनकी उत्पाद के लिए बाजार मिलना चाहिए, तभी किसानों को सही मूल्य मिल पाएगा. किसानों को उनकी उत्पात का सही दाम नहीं मिल पाता है. इस कारण किसान परेशान हैं.

### किसानों को अब राहत मिले : निर्दोष गुप्ता

लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के सह प्रवक्ता निर्दोष कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार को कृषि पर लगाए गए टैक्स को कम करना चाहिए. आज के किसान काफी परेशान हैं. इस वर्ष अच्छी बारिश नहीं हुई है. किसानों की फसल मारी गई है. किसानों को बजट में राहत देने का प्रावधान किया जाना चाहिए. किसानों को अनुदानित मूल्य पर कृषि उपकरण और खाद और बीज समय पर उपलब्ध कराना जरूरी है. किसानों को ऋण आदि ले कर फसल लगानी पड़ती है. अगर उन्हें राहत नहीं मिलेगी तो कैसे होगा.

### स्वास्थ्य पर विशेष जोर हो : विशाल चंद्र

युवा उद्यमी विशाल चंद्र साहू ने कहा कि सरकार को बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा में विशेष जोर दिया जाना चाहिए. राज्य के अस्पतालों में चिकित्सकों की काफी पद रिक्त हैं. इस कारण लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही है. लातेहार सदर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण मामूली रोगों में भी रोगियों को रेफर कर दिया जाता है. इसी प्रकार स्कूलों में विषयवार शिक्षकों के नहीं रहने के कारण छात्रों का परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं हो पा रहा है. बजट में रिक्त स्थानों को भरने का प्रावधान करना चाहिए. तभी फायदा होगा.

## चक्रधरपुर

### बजट में कहीं लोगों पर बोझ न बने : अभिषेक साव

चक्रधरपुर निवासी व्यावासायी अभिषेक साव ने कहा कि झारखंड का बजट लोगों के लिए जनकल्याणकारी होना चाहिए .बजट लोगों के ऊपर बोझ न बने .घरेलू सामानों के दामों में वृद्धि न हो तो बेहतर होगा .सरकार को आम लोगों के हित में बजट लाना चाहिए .वहीं रसोई गैस, पेट्रोल, डिजल के दाम पहले से अत्याधिक बढ़े हुये हैं .राज्य सरकार को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि दामों में वृद्धि न हो . व्यावासायिों व उद्यमियों के लिए भी सरकार को बजट में प्राथमिकता देना चाहिए .साथ ही बढ़ती बिजली दरों में भी कटौती करने की आवश्यकता है.

### ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हो योजना :राजेन्द्र

चक्रधरपुर निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य का ग्रामीण क्षेत्र कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाता है. राज्य सरकार के बजट में ग्रामीण क्षेत्र पर विशेष रुप से फोकस करने की आवश्यकता है. ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की स्थिति में सुधार होना चाहिए. पंचायत स्तर पर लोगों की समस्या का समाधान का निपाटारा होना चाहिए .साथ ही सरकार को पलायन रोकने के लिए भी युवाओं को रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था करनी होगी. ताकि आए दिन बड़ी संख्या में हो रहे पलायन पर रोक लग सकें.

### शिक्षा व्यवस्था व सिस्टम मजबूत करने के लिए बने योजना: धीरन जायसवाल

चक्रधरपुर निवासी धीरन जयसवाल ने कहा कि राज्य सरकार को शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने की योजनाएं चलाये जाने की आवश्यकता है. राज्य के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, इससे बच्चों का पठन-पाठन प्रभावित होता है .सरकारी विद्यालयों में बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलने के कारण अभिभावक मजबूरीवश बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ानेको मजबूर होते हैं. साथ ही राज्य के बाजारों की स्थिति इस समय ठीक नहीं है. सरकार को बजट में ऐसा प्रावधान करना चाहिए कि इसमें सुधार हो सके.

## धनबाद

### इस बार बजट से निम्न व मध्य वर्गीय लोगों को लाभ मिले : प्रभात सुरोलिया

बैंक मोड़ चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया कहते हैं की बजट से निम्न और मध्य वर्गीय लोगों को लाभ मिले. युवाओं को रोजगार मिले. सरकार को चाहिए की इंडस्ट्रीज के लिए जमीन मुहैया कराए. जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त हो. दूसरी ओर अगर डीजल के कर में छूट दी जानी चाहिए. टैक्स में रिबेट मिलने से समान के दामों में कमी आएगी. धनबाद को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की जरूरत है. एयरपोर्ट की मांग पूरी होनी चाहिए.

### व्यवसायियों को अब मनमाने टैक्स से मिले मुक्ति तो अच्छा है : राजेश गुप्ता

जिला चेंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता कहते हैं कि नगर निगम के होल्डिंग टैक्स को सरल और पारदर्शी बनाने की जरूरत है. अभी पूरी तरह जटिलता बनी हुई है. सरकार स्पष्ट करे कि व्यवसाई वर्ग को कब तक राहत मिलेगी. ट्रेड लाइसेंस के साथ झारखंड प्रोफेशनल टैक्स भी देना पड़ रहा है. एक को लागू और दूसरे को निरस्त किया जाना चाहिए. धनबाद में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन मुहैया करवाई जाए. क्योंकि केंद्र सरकार बार बार जमीन उपलब्ध नहीं होने की बात कह रही है.

### धनबाद में एम्स की तर्ज पर मिले लोगों को स्वास्थ्य सेवा : दिनेश हेलीवाल

मटकुरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दिनेश हेलीवाल कहते हैं कि एम्स की तर्ज पर धनबाद में स्वास्थ्य सेवा बहाल की जाए. झारखंड में व्यापार और व्यापारी सुरक्षा के लिए विशेष बजट का प्रावधान हो. व्यापारियों को सुरक्षा मिले. व्यापार के क्षेत्र में सरकार को विचार करने की जरूरत है. धनबाद में बढ़ते अपराध से व्यापारी त्रस्त हैं. इसका भी उपाय होना चाहिए.

### स्वास्थ्य और शिक्षा पर अब ज्यादा काम करने की जरूरत है : लोकेश अग्रवाल

बैंक मोड़ चेंबर के सचिव लोकेश अग्रवाल कहते हैं कि धनबाद में स्वास्थ्य सेवा के नाम पर कुछ भी नहीं है. इस पर कार्य करने की जरूरत है. धनबाद में सरकारी स्तर पर शिक्षा के मामले में व्यवस्था गिरती जा रही है. उसमें भी सुधार की जरूरत है. धनबाद में ट्रेन सुविधा और फ्लावर ओवर बनने की जरूरत है. लघु उद्योग को बढ़ावा मिले, इसके लिए विचार करने की जरूरत है. लघु उद्योग को बढ़ावा मिलने से कई रोजगार विकसित होंगे और बेरोजगारी कम होगी.

## जमशेदपुर

### बिजली को लेकर सरकार को ध्यान देने की है जरूरत : सुरेश सोंथालिया

सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सोंथालिया का कहना है कि झारखंड में आधारभूत संरचना के विकास लिए जो होना चाहिए वह अब तक नहीं हुआ. इस कारण नई कंपनी यहां आना नहीं चाहती. उस दिशा में सरकार को काम करना चाहिए. एक माहौल बनना चाहिए. जिससे कि बाहर की कंपनियां झारखंड में आने के लिए उत्सुक हो. रघुवर दास की सरकार में भी इतना तामझाम हुआ था. हेमंत सरकार में भी दिल्ली में पहल की गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ. जो पुराने उद्योगपति हैं वे उद्योग लगाने में दिलचस्पी लेते हैं .लेकिन नए सामने नहीं आते. कहीं न कहीं कमी है जिसे सरकार को देखना चाहिए. बिजली को लेकर व्यावसायी खास तौर पर परेशान हैं. कोल्हान में ज्यादातर कंपनियां बंद हो रही है. उसका कारण झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड और डीवीसी के रेट में काफी अंतर है. इसलिए गिरिडीह और रामगढ़ में लोग अपना उद्योग लगाना ज्यादा पसंद कर रहे है, क्योंकि वहां डीवीसी की बिजली है. वहां उन्हें काफी कम रेट में बिजली मिल जा रही है. इसलिए सरकार को चाहिए कि डीवीसी और बिजली बोर्ड के रेट को समान करे या डीवीसी को भी यहां बिजली वितरण की अनुमति दे. उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रचुर मात्रा में संसाधन मौजूद हैं. लेकिन यहां सिर्फ दोहन ही हो रहा है. प्रदेश में नया कारखाना नहीं लगाया जा रहा है जिस कारण लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है.

### इस बजट में सरकार से हम ज्यादा की उम्मीद नहीं कर सकते : अनमोल वर्मा

आभूषण कारोबारी अनमोल वर्मा ने कहा है कि इस बजट में भी हर बार की तरह हम कारोबारियों को निराशा ही हाथ लगने वाली है. इस बार का बजट भी फिसड्डी ही साबित होगा. झारखंड सरकार ने पूर्व में जो वादा किया था उसे अब तक पूरा नहीं कर पायी है. झारखंड सरकार अपने चुनावी वादों में विफल रही है और युवाओं के साथ धोखा किया है. ऐसे में इस सरकार से ज्यादा की उम्मीद नहीं की जा सकती है. उन्होंने कहा कि व्यावसाइयों के लिए सरकार को ऐसा कुछ बजट पेश करना चाहिए जिससे उनपर अतिरिक्त बोझा न पड़े.

### बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाया जाए, यह जरुरी है : राम कुमार

जुगसलाई निवासी और व्यवसायी राम कुमार ने कहा कि बजट महंगाई को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए. ताकि हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके. बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाया जाए. खासकर खाद्यान्न के दाम में वद्धि न हो. साथ ही सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर बहाली होनी चाहिए, इससे राज्य के बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इधर-उधर नहीं भटकेंगे. बजट जन कल्याणकारी होना चाहिए, ताकि इसे सभी को लाभ मिल सके. खासकर ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिए. शिक्षा पर भी विशेष जोर देना चाहिए ताकि युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर राज्यों का रुख न करना पड़े.




## चाईबासा

### व्यापार क्षेत्र में कारोबार करने वालों पर विशेष ध्यान दे सरकार: राजकुमार ओझा

पश्चिमी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार ओझा ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से कुछ दिनों में राज्य का बजट पेश होने को है. इस बार कारोबार करने वाले लोगों पर सरकार का विशेष ध्यान होना चाहिए. सरकार को चाहिए कि छोटे-छोटे कुटीर उद्योग करने वालों को अधिक लोन देकर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए. बजट ऐसे तैयार करें कि छोटे शहरों में काम करने वाले कारोबारियों को भी लाभ हो. जब तक छोटे कारोबारी आगे नहीं बढ़ेंगे. तब तक राज्य का विकास नहीं होगा. इसलिए सरकार की कोशिश ऐसी होनी चाहिए कि हर स्तर का व्यापार फले फूले. इससे राज्य की आर्थिक प्रगति तो होगी ही बहुत से लोगों को रोजगार भी मिलेगा.

### जब तक उद्योग मजबूत नहीं होगा तब तक विकास नहीं होगा : अनूप कुमार

चाईबासा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अनूप कुमार सुल्तानिया ने कहा कि सरकार को गंभीरता से इस बार का बजट पेश करने करने की जरूरत है. चेंबर की मांग है कि सरकार उद्योग क्षेत्र में विकास के लिए बजट में प्रावधान करे. जबतक उद्योग को मजबूत नहीं किया जाएगा. तब तक राज्य का विकास नहीं होगा. छोटे कारोबार अब भी ब्याज के बोझ तले दबे हुए हैं. कई जगह लोन चल रहे हैं. लेकिन उन सबों का लोन अभी तक सरकार की ओर से माफ नहीं किया गया है. छोटे कारोबारी राज्य सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस बार बजट में कुछ ऐसा प्रावधान जरुर होगा ताकि लोन की समस्या थोड़ी आसान हो. बजट उम्मीद की किरण लाता है. यदि सरकार छोटे कारोबारियों को सहयोग नहीं करेगी तो आगे कैसे बढ़ेंगे.

## रांची

### शिक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की जरूरत : आदित्य

चैंबर आफ कामर्स के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि आने वाले बजट में शिक्षा व स्वास्थ्य पर खास फोकस होना चिाहये. उच्च शिक्षा के लिये लोग दूसरे राज्य जाते हैं. वहां का नाम बढ़ता है. वहीं गंभीर रोगों के इलाज के लिये लोग दक्षिण के राज्य जाते हैं. राज्य में पर्यटन स्थल को विकसित किया जाये तो लोगों को अच्छा रोजगार भी मिलेगा. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

### पर्यटन व माइनिंग पर हो खास ध्यान : राहुल साबू

चैंबर के उपाध्यक्ष राहुल साबू ने कहा कि आने वाले बजट में केंद्र से मांग करते हैं कि पर्यटन में खास फोकस हो, टूरिज्म पर बढ़ावा मिले, इसका लाभ राज्यवासियों को मिल पायेगा. झारखंड में माइनिंग इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने की जरूरत है. पड़ोस में ओडिशा माइनिंग क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है. जबकि झारखंड में खनिज संपदा की भरमार हैं. इस पर ध्यान देने की जरूरत है.

### गंभीर मरीजों के इलाज की व्यवस्था राज्य में हो : अमित

चैंबर के सह सचिव अमित शर्मा ने कहा कि आने वाले बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य में खास ध्यान देने की जरूरत है. यहां के छात्र उच्च शिक्षा के लिये दूसरे राज्य में जाते हैं, यहां के मरीज इलाज के लिये दूसरे राज्य में जाते हैं. राज्य में ऐसी व्यवस्था की जाये की छात्रों को उच्च शिक्षा के लिये बाहर नहीं जाना पड़े, गंभरी मरीजों का इलाज भी यहां उपलब्ध हो. इससे लोगों को सुविधा होगी.

### बजट में शिक्षा को अब बढ़ावा मिलना चाहिए : कुर्बान

आजाद हाईस्कूल के शिक्षक कुर्बान अली ने कहा कि शिक्षा में कटौती हो रही है. इस पर सुधार बेहद जरूरी है. 2024-25 के आने वाले बजट में शिक्षा पर खास ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा मिले, अच्छी शिक्षा मिले, अच्छी शिक्षा से ही समाज शिक्षित होगा, शिक्षा से संबंधित सामग्रियों की खरीदारी में जीएसटी मुक्त हो और एजुकेशन टैक्स माफ हो.

### बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाना चाहिए : सफी

समाजसेवी इमाम सफी ने कहा कि राज्य सरकार बजट पर विधानसभा में सकारात्मक चर्चा के साथ पारित किया जाना चाहिए. बजट पर पारदर्शिता, जवाबदेह और कड़ी निगरानी हो, बजट में सभी वर्गों विशेषकर किसान, मजदूर,महिला और बेरोज़गार युवाओं के साथ-साथ बजट में पत्रकारों के लिए भी कुछ प्रतिशत हिस्सेदारी तय होनी चाहिए, ताकि लोकतंत्र के चौथा स्तंभ पत्रकारिता निष्पक्ष और मजबूत हो सके.

### अब जन समस्याओं पर अधिक राशि खर्च होना चाहिए : अकरम राशिद

जन सूचना अधिकार मंच के संयोजक मो अकरम राशिद ने कहा कि इस साल का नया बजट गरीब जनता, मुस्लिम अल्पसंख्यक (सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को नजर में रखते हुए) के हित में बने. राज्य में मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं में पीड़ित परिवार को मुआवजे का भी प्रावधान हो, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 09 के तहत इस बजट में अधिक से अधिक राशि हो, जन मुद्दे एवं जन समस्याओं पर आधारित योजनाओं पर भी सरकार को ध्यान देने की जरुरत है. जिससे गरीब जनता को लाभ मिले.

### गरीबों को राशन भी मिले : नसर इमाम

अधिवक्ता नसर इमाम ने कहा कि आने वाले बजट में गरीबों को राहत मिले. खाद्य पदार्थों के भाव में गिरावट हो, गरीबों को मिलने वाले राशन में गेंहू, चावल के साथ दाल भी मिले. राशन 10 किलो बढ़ा कर दिया जाना चाहिए. हर घर में पानी के लिए नल की सुविधा हो तथा बिजली दर में कमी आनी चाहिए.

### छोट उद्योगों को बढ़ावा जरूरी, तभी बढ़ेगा अपना झारखंड राज्य : विकास

चैंबर प्रवक्ता विकास विजयवर्गीय ने कहा कि आने वाले बजट में छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने की खास जरूरत है. छोटे उद्योगों को इंडस्ट्री लगाने की जगह मिले. इस तरह राज्य के विकास में छोटे उद्योग मील के पत्थर साबित होंगे. इसका दूरगामी लाभ भी होगा.

### मध्यम वर्गों को मिले बजट का लाभ : पवन शर्मा

चैंबर के पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने कहा कि 2014 से 2014 आ गया है. मोदी जी ने जो किया वह तो ठीक है. इस समय आने वाले बजट में मध्यम वर्गों पर खास ध्यान देकर बजट बनाना चाहिये. ताकि मध्यम वर्गों को इस बजट का सही लाभ मिल सके.

### शिक्षा से समाज का विकास संभव : हम्माद

मदरसा इस्लामिया रांची के शिक्षक मौलाना हम्माद कासमी ने कहा कि आने वाले 2024-25 के बजट में शिक्षा की बेहतरी पर खास ध्यान दिया जाये. क्योंकि अच्छी शिक्षा से ही समाज व देश का विकास संभव है. तेजी से उच्च शिक्षा का फैलाव होगा तो प्रदेश में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा. इसलिए इस पर हम सभी को विचार करना चाहिए.

### गरीबों को मिले उनका अधिकार : हुसैन खान

महानगर अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि आने वाला बजट में गरीबों को मिलने वाला उनका अधिकार मिले. समय पर गरीबों को राशन मिले, स्कूल-कॉलेज में होनहार विद्यार्थयों को छात्रवृत्ति मिले. ताकि वे आगे की अपनी शिक्षा पूरी कर सकें.

### छोटे व्यवपारियों को मिले सुविधा : ओमप्रकाश

रांची सेनिटरी वेयर ट्रेड के सचिव एवं चैंबर सदस्य ओमप्रकाश सर्राफ ने कहा कि आने वाले बजट में छोटे व्यवपारियों पर खास ध्यान दिया जाये. छोटे व्यवपारियों को सुविधा मिलेगी, तो राज्य भी तेजी से विकास की ओर बढ़ेगा. इससे समाज के हर वर्ग को फायदा होगा.

### प्रदेश में अब बंद पड़े खदानों को खोलने की विशेष जरुरत है : परेश गटानी

चैंबर के महासिचव परेश गटानी ने कहा कि बजट के माध्यम से उद्योग, व्यापार व निवेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. राज्य में बंद पडे.खदानों को खोलने और मिनरल्स की आसान उपलब्धता के लिए सुविधाजनक नीति का निर्माण जरूरी है. इससे करोड़ों रूपये राजस्व की प्राप्ति होगी. राज्य में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना, रेलवे व्हिल और कोच फैक्ट्री की स्थापना के साथ ही विश्वस्तरीय आईटी कंपनियों को स्थापित करने की नीति का निर्माण भी जरूरी है, इससे भारी संख्या में रोजगार सृजन होगा. राज्य में फूड प्रोसेसिंग यूनिट का बड़ा स्कोप है. उत्तर प्रदेश की तर्ज पर झारखंड में भी फूड प्रोसेसिंग यूनिट को बढावा देने की पहल होनी चाहिए ताकि यहां अधिकाधिक यूनिट स्थापित हो सके. इससे रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे.



# लोकतंत्र की कठिन परीक्षा

क्या लोकतंत्र संविधान के प्रावधानों के अनुकूल कार्य कर रहा है या इसमें निरंतर गिरावट आ रही है. यह सवाल देश के एक बडे तबके को मथ रहा है. इसके कुछ ठोस कारण भी हैं. महाराष्ट्र में जून 2022 से चल रहे राजनैतिक प्रहसन में 10 जनवरी को फिर एक नया मोड़ आया. विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शिवसेना में दो फाड़ करने वाले एकनाथ शिंदे और उनके गुट के सभी विधायकों की अयोग्यता पर अपना फैसला सुना दिया. अनुमान के मुताबिक फैसला शिंदे गुट के पक्ष में ही आया. राहुल नार्वेकर ने 1999 के शिवसेना के संविधान को मान्य कहते हुए शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है. इससे पहले शिवसेना के नाम और निशान की लड़ाई में भी चुनाव आयोग ने भी शिंदे गुट के पक्ष में फैसला सुनाया था. महाराष्ट्र का मामला इससे पहले सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुका है, जहां अदालत ने शिंदे सरकार को बने रहने के निर्देश दिए थे, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष को विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाने को कहा था. अदालत ने श्री नार्वेकर को 31 दिसंबर तक फैसला सुनाने का निर्देश दिया था, लेकिन फिर भी समय सीमा 10 दिन बढ़ा दी गई. इस फैसले को सुनाने में चाहे लंबा वक्त लिया गया हो, लेकिन सभी को अहसास था कि भाजपा के राज में किसी भी तरह उद्धव गुट को जीत नहीं मिलेगी. अब फैसले के पीछे चाहे जो तर्क दिए जाएं, यह तो जाहिर ही है कि भाजपा के सहयोग से एक पार्टी में फूट डालकर, उसके मंत्रियों और विधायकों को खरीदकर भाजपा को सत्ता में लाया गया. पिछले चुनावों में महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी थी, जिसमें भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा था, लेकिन 2022 में भाजपा ने आपरेशन लोटस चलाया और सत्ता में आ गई. उसके बाद से शिवसेना में नाम, निशान और सत्ता की लड़ाई चली, जिस पर बुधवार को उद्धव गुट को एक और मात मिली है. बुधवार का फैसला आने से पहले स्पीकर श्री नार्वेकर और मुख्यमंत्री श्री शिंदे की मुलाकात भी हुई थी, जिस पर उद्धव गुट ने सवाल उठाए थे, लेकिन अब इंसाफ की लड़ाई में नीयत और नैतिकता के सवाल हाशिए पर धकेले जा रहे हैं. अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और बिहार में विगत 10 सालों में भाजपा का किसी न किसी तरह सत्ता में आना राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन और शोध का विषय हो सकता है. विश्व में लोकतंत्र की सर्वाधिक प्रचलित परिभाषा है- जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन, लेकिन भारत में भाजपा के छत्र तले एक नयी परिभाषा और अध्याय लोकतंत्र के नाम पर लिखा जा चुका है, जिसमें तंत्र गाढ़े अक्षरों में लिखा हुआ है और लोक को हाशिए पर धकेल दिया गया है. महाराष्ट्र में शिवसेना के प्रकरण के बहाने देश की अदालत और चुनाव आयोग जैसी स्वायत्त संस्था के पास सुनहरा मौका था कि वे लिखे हुए नियमों और कानूनों पर आंख मूंदकर चलने की जगह नैतिकता पर बल देते हुए गलत और सही के बीच के भेद को उजागर करते.

> बुधवार का फैसला आने से पहले स्पीकर श्री नार्वेकर और मुख्यमंत्री श्री शिंदे की मुलाकात भी हुई थी, जिस पर उद्धव गुट ने सवाल उठाए थे, लेकिन अब इंसाफ की लड़ाई में नीयत और नैतिकता के सवाल हाशिए पर धकेले जा रहे हैं.

## सुभाषित

**शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः।**
**वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा ।।**

सौ लोगों में एक शूरवीर होता है, हजार लोगों में एक विद्वान होता है, दस हजार लोगों में एक अच्छा वक्ता होता है वहीं लाखों में बस एक ही दानी होता है. कहने का आशय यह है कि शूरवीर, विद्वान, अच्छा वक्ता और दानी जैसे महान लोग दुर्लभ ही होते हैं.

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक हैं राम

**राम केवल हिंदुओं के इष्ट नहीं, बल्कि भारतीयता के प्रतीक हैं. भारत की सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रेरणा स्रोत के रूप में राम को देखना होगा.भारतीय उपमहाद्वीप जो कि आर्यावर्त के नाम से जाना जाता था, दुनिया के इतिहास में सबसे ज्यादा विदेशी आक्रमणों का दंश झेलने वाली भूमि रही है. इन हमलों का परिणाम था एक घायल सभ्यता, एक आहत संस्कृति और एक दबी, कुचली और कुंठित मानसिकता.**



• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

भारत के इतिहास में 22 जनवरी 2024 एक महत्वपूर्ण दिन साबित होगा, क्योंकि उस दिन भगवान राम अयोध्या के राम मंदिर में विधिवत प्रतिष्ठित होंगे. दरअसल भारत के लिए राम का महत्व अलग है. राम सिर्फ एक हिंदू देवता नहीं हैं. केवल एक धार्मिक प्रतीक के रूप में ही उनकी पहचान सीमित नहीं है. राम एक अवतार से बहुत ज्यादा हैं. राम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में देखना होगा. यानी पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ और राम की पहचान भारतीय सीमाओं के बहुत आगे तक है. सुदूर प्रशांत महासागर में स्थित फिजी के विश्व रामायण सम्मेलन 2016 में आमंत्रित वक्ता की तरह भाग लेकर इस स्तंभकार को समझ में आया की राम की वैश्विक पहचान क्या है. वहां दुनिया के आठ देशों से आए लोगों के बीच राम पर जो चर्चा हुई, वह आश्चर्य कर देने वाली थी. एक भगवान के रूप में नहीं, बल्कि नैतिकता और मूल्य, कर्तव्य और चरित्र के एक अद्भुत समागम के रूप में राम को लोग जानते और मानते हैं. जब अंग्रेजी हुकूमत के समय में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को गुलाम बनाकर समुद्र मार्ग से दूर देशों में ले जाया गया था तो तुलसी कृत रामचरितमानस की राम कथा ही उन गुलामों का संबल बनी थी, जिसने उन्हें शक्ति दी थी. राम को समझना है तो देश की सीमाओं से बाहर जाना होगा. राम केवल हिंदुओं के इष्ट नहीं, बल्कि भारतीयता के प्रतीक हैं. भारत की सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रेरणा स्रोत के रूप में राम को देखना होगा.

भारतीय उपमहाद्वीप जो कि आर्यावर्त के नाम से जाना जाता था, दुनिया के इतिहास में सबसे ज्यादा विदेशी आक्रमणों का दंश झेलने वाली भूमि रही है. इन हमलों का परिणाम था एक घायल सभ्यता, एक आहत संस्कृति और एक दबी, कुचली और कुंठित मानसिकता. प्राचीन काल का भारत एक समृद्ध सभ्यता थी, शायद दुनिया की पहली नॉलेज सोसायटी. वैश्विक ख्याति के शिक्षण केंद्र के रूप में भारतीय विश्वविद्यालय जाने जाते थे. लेकिन विदेश के यवन हमलावरों के अनेक आक्रमण के चलते हमारे इस समृद्ध उपमहाद्वीप की समृद्धि नष्ट हो गई. शताब्दियों की लगातार गुलामी ने आर्यावर्त के लोगों के मन मस्तिष्क में हीन भावना कूट-कूट कर भर दी. पहले मंगोल और हूण, फिर मुगल और फिर यूरोपीय हमलावर खासकर अंग्रेज़ों के शासन ने भारतीयों का आत्म बल इस हद तक तोड़ दिया कि ज्यादातर भारतीय अपने आपको दूसरे दर्जे का नागरिक मान बैठे, जो सिर्फ शोषित और शासित होने के लिए बना है. हमारे धार्मिक स्थलों को नष्ट करना और मूर्तियों को खंडित करना एक सोची समझी योजना का हिस्सा थी, जो इस्लामिक आक्रमणकारियों ने भारतीयों का मनोबल तोड़ने के लिए बनायी थी. वह अपने धर्म को भारतीय धर्म से श्रेष्ठ साबित करने और लोगों में हीन भावना भरने के लिए यह सब करते रहे. भारतीय मंदिर न केवल धन-धान्य से परिपूर्ण थे, बल्कि सभ्यता और संस्कृति के गौरव के प्रतीक थे. ब्रिटिश शासकों ने हमारे संस्कृति पर चोट करने की परंपरा को आगे बढ़ाया, हालांकि उनका मूल उद्देश्य अर्थ और व्यापार पर केंद्रित था. लेकिन वह भी एक कमजोर मनोबल वाले भारत का निर्माण करना चाहते थे, ताकि उनके शासन को चुनौती न मिले. इन विदेशी ताकतों के शासन के लंबे दौर ने भारतीय जनमानस के मनोबल को पूरी तरह से तोड़ दिया. अमेरिकी इतिहासकार विल दुरांत की 1930 की किताब इसका बड़ा ही विस्तृत वर्णन करता है. ए केस फॉर इंडिया के नाम से लिखी गई इस किताब में ब्रिटिश हुकूमत की मक्कारी और क्रूरता का व्यापक विश्लेषण किया है. आजादी मिलने के बाद भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र तो बन गया, लेकिन लोगों की चोटिल मानसिकता काफी हद तक नहीं बदली. इसको और स्थापित करने में विदेशी मीडिया ने भी बड़ी भूमिका निभाई. इस टूटी हुई और कमजोर मानसिकता के लोगों को एक मजबूत सांस्कृतिक प्रतीक चिह्न की जरूरत थी, जो उनके मनोबल को शक्तिशाली बना सके. मानसिक संघर्ष के बड़े ही लंबे दौर के बाद भारतीय गर्व के प्रतीक के रूप में भगवान राम ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काम किया. राम और राम मंदिर आज बहुत कुछ साबित करते हैं. राम सिर्फ एक अवतार के रूप में नहीं, बल्कि भारतीय मानस को मजबूत बनाने की एक संजीवनी के रूप में स्थापित हो चुके हैं. ऐसे ही किसी प्रतीकात्मक चिह्न की वर्षों से आवश्यकता थी. लेकिन यहां यह जान लेना जरूरी है कि राम सिर्फ इसी का प्रतीक नहीं हैं. राम तो वैश्विक और शाश्वत मूल्यों की प्रतिमूर्ति हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हमें प्रेरित करते रहेंगे. राम का जीवन नैतिकता का मानदंड था. राम राजधर्म के भी प्रतीक थे. उस राज धर्म के जो आज लुप्तप्राय है.राज्य से बढ़ कर राम के लिए मूल्य थे और इसीलिए भरत और तमाम अयोध्या वासियों के कहने के बावजूद राम ने अयोध्या की गद्दी स्वीकार नहीं की. राम का व्यक्तित्व, उनके कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता अनुकरणीय है. राजधर्म राजा के कर्तव्य पर राम ने जो भरत को शिक्षा दी, वह प्रशासन का महामंत्र है जो हर राज्य प्रमुख को जानना चाहिए. राम के लिए धर्म का मर्म तुलसीदास जी ने बड़े सुंदर ढंग से समझाया है- परहित सरसि धर्म नहीं भाई. अर्थात दूसरों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है. आज राम पूरी भारतीयता के पुनर्जागरण के प्रेरणा स्रोत हैं.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## नाथ अभिमान

एक घर के मुखिया को यह अभिमान हो गया कि उसके बिना उसके परिवार का काम नहीं चल सकता. उसकी छोटी सी दुकान थी. उससे जो आय होती थी, उसी से उसके परिवार का गुजारा चलता था. चूंकि कमाने वाला वह अकेला ही था इसलिए उसे लगता था कि उसके बगैर कुछ नहीं हो सकता. वह लोगों के सामने डींग हांका करता था. एक दिन वह एक संत के सत्संग में पहुंचा. संत कह रहे थे, "दुनिया में किसी के बिना किसी का काम नहीं रुकता. यह अभिमान व्यर्थ है कि मेरे बिना परिवार या समाज ठहर जाएगा. सभी को अपने भाग्य के अनुसार प्राप्त होता है." सत्संग समाप्त होने के बाद मुखिया ने संत से कहा, "मैं दिन भर कमाकर जो पैसे लाता हूं उसी से मेरे घर का खर्च चलता है. मेरे बिना तो मेरे परिवार के लोग भूखे मर जाएंगे." संत बोले, "यह तुम्हारा भ्रम है. हर कोई अपने भाग्य का खाता है." इस पर मुखिया ने कहा, "आप इसे प्रमाणित करके दिखाइए." संत ने कहा, "ठीक है. तुम बिना किसी को बताए घर से एक महीने के लिए गायब हो जाओ." उसने ऐसा ही किया. संत ने यह बात फैला दी कि उसे बाघ ने अपना भोजन बना लिया है. मुखिया के परिवार वाले कई दिनों तक शोक संतप्त रहे. गांव वाले आखिरकार उनकी मदद के लिए सामने आए. एक सेठ ने उसके बड़े लड़के को अपने यहां नौकरी दे दी. गांव वालों ने मिलकर लड़की की शादी कर दी. एक व्यक्ति छोटे बेटे की पढ़ाई का खर्च देने को तैयार हो गया. एक महीने बाद मुखिया छिपता-छिपाता रात के वक्त अपने घर आया. घर वालों ने भूत समझकर दरवाजा नहीं खोला. जब वह बहुत गिड़गिड़ाया और उसने सारी बातें बताईं तो उसकी पत्नी ने दरवाजे के भीतर से ही उत्तर दिया, "हमें तुम्हारी जरूरत नहीं है. अब हम पहले से ज्यादा सुखी हैं." उस व्यक्ति का सारा अभिमान चूर-चूर हो गया. संसार किसी के लिए भी नही रुकता ! ! यहां सभी के बिना काम चल सकता है संसार सदा से चला आ रहा है और चलता रहेगा. जगत को चलाने की हाम भरने वाले बडे बडे सम्राट, मिट्टी हो गए, जगत उनके बिना भी चला है. इसलिए अपने बल का, अपने धन का, अपने कार्यों का, अपने ज्ञान का गर्व व्यर्थ है. आशय यही है कि इस अभिमान का त्याग कर देना चाहिए कि आपकी बदौलत ही यह दुनिया चल रही है. निरभिमान हो कर वर्तमान के कर्तव्यों का निर्वाह करना चाहिए.

# थके हुए शिक्षक बच्चों के भविष्य पर बोझ

• शिक्षा जगत

चैतन्य नागर

बर्नआउट अंग्रेजी का शब्द है पर आज कल इसका सामान्य तौर पर हिंदी में भी उपयोग होने लगा है. इसका अर्थ है बहुत अधिक काम के कारण होने वाली थकान की वजह से अवसाद, चिड़चिड़ेपन और हमेशा थकान का अनुभव होना. जैसे किसी वाहन में ईंधन ख़त्म हो जाए, और वह रुक जाए. ऐसी ही हालत बहुत अधिक काम की वजह से किसी इंसान की हो जाए, तो उसे बर्नआउट का शिकार कहा जायेगा. कॉर्पोरेट जगत में तो यह एक आम बात है. कम उम्र में ही लोग थक कर चूर हो जाते हैं, कई बीमारियों का शिकार भी हो जाते हैं. और देश में एक ऐसे महान उद्योगपति हैं जो सुझाव देते फिर रहे हैं कि लोगों को हफ्ते में सत्तर घंटे काम करना चाहिए. गौरतलब है कि देश में शिक्षण के पेशे में बर्नआउट की गंभीर समस्या है, पर इस पर शायद ही कोई गंभीरता से ध्यान दे रहा हो. शिक्षक लगातार इस कोशिश में रहते हैं कि वे छात्रों को बेहतर शिक्षा दें. शायद यह बात सभी स्कूलों पर लागू नहीं होती, तो भी ऐसे कई स्कूल तो हैं हीं, जिनमें यह स्थिति हमेशा देखी जा सकती है. ऑनलाइन शिक्षा, बनावटी बुद्धि के असर से शिक्षा जगत में दबाव बढ़ते जा रहे हैं. शिक्षक तनाव महसूस करते हैं, उन्हें शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होता है और इस कारण वे अक्सर अपने काम-काज को लेकर उदासीन हो जाते हैं. नौकरी में आनंद नहीं बचता, और नौकरी करना मजबूरी भी है. इसका सबसे बुरा असर पड़ता है बच्चों पर जो स्कूल या कॉलेज में पढ़ रहे होते हैं. ऐसे में शिक्षक अक्सर शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से क्लांत हो जाते हैं. विरक्ति और उदासीनता भी इसी स्थिति में जन्मते हैं. शिक्षक में बर्नआउट या अत्यधिक थकान की कई वजहें होती हैं. स्कूल में शिक्षकों की संख्या अक्सर आवश्यकता से कम होती है. जब कुछ शिक्षक गैरहाजिर होते हैं तो समस्या और भी कठिन हो जाती है. क्योंकि फिर बाकी शिक्षकों को अनुपस्थित शिक्षकों के क्लास लेने पड़ते हैं, जिसका अर्थ है अतिरिक्त जिम्मेदारी और दोहरा तनाव. अक्सर स्कूलों में शिक्षकों को प्रशासनिक काम भी सौप दिये जाते हैं. नए छात्रों के प्रवेश के समय, या नए सत्र की शुरुआत में अक्सर ऐसा होता है. जब देश में चुनाव या कोई महामारी जैसी घटना हो जाए तो शिक्षकों को भी ऐसे कामों में लगा दिया जाता है जिसका न ही उन्हें अनुभव होता है, और न ही उनकी रूचि. कभी-कभार शहर में या दूर कहीं विशेष प्रशिक्षण के लिए जाना पड़ता है. यह सब काम के बोझ को बढ़ाता है. इस तरह की व्यस्तताओं के चलते शिक्षक न खुद पर ध्यान दे पाते हैं और न ही बच्चों का हित कर पाते हैं.भले ही स्कूल प्रबंधन शिक्षकों से नए-नए तरीकों को अपनाने की सलाह दे, पर सचाई यही है कि वह अपने पाठ्यक्रम से बंधा रहता है. सिलेबस पूरा करने का काम सीमाबद्ध और तनावपूर्ण होता है. कुछ नया करने का दबाव एक नए तनाव का स्रोत ही बनता है. शिक्षण के पेशे में एक ख़ास बात यह होती है कि एक शिक्षक को लगातार बच्चों के संपर्क में बने रहना पड़ता है, उनके साथ संवाद में लगे रहना पड़ता है. इसका भावनात्मक दबाव बहुत अधिक रहता है. बच्चों की ऊर्जा बड़ों की तुलना में बहुत अधिक होती है और उनके साथ लगातार बझे रहने में ही शिक्षक थक जाया करते हैं. रिहायशी स्कूलों में तो यह समस्या बहुत ही गंभीर है. ख़ास कर तब, जब वार्डन और शिक्षक एक ही व्यक्ति हो. हर उम्र के बच्चों की अपनी समस्याएं होती हैं. कुछ उपद्रवी होते हैं, कुछ बड़े गुस्सैल, कुछ साथ मिलकर काम ही नहीं कर पाते और कई छात्रों को दोस्त बनाने में दिक्कत आती है. किशोर उम्र के बच्चों को पढ़ाने वाले हाई स्कूल के शिक्षकों की समस्या अलग किस्म की होती है. उन्हें एक तरह के मनोवैज्ञानिक सलाहकार का काम भी करते रहना पड़ता है. इस तरह शिक्षकों का बच्चों में भावनात्मक निवेश बहुत अधिक हो जाता है और नतीजा फिर वही होता है – वे खुद को भी भूल जाते हैं. लगातार थकान की हालत में बने रहते हैं. स्कूलों में सामाजिक, आर्थिक प्रगति के सीमित रास्ते और स्कूल प्रबंधन से अपर्याप्त सहयोग मिलना भी शिक्षकों की पीड़ा का कारण बनता है. अक्सर स्कूल के माहौल में शिक्षक ही अलग-थलग महसूस करने लगते हैं. बच्चे, अभिभावक, प्रबंधन सभी उनसे बहुत अधिक अपेक्षाएं रखते हैं और ये भी उनके लिए अतिरिक्त दबाव का कारण बनती हैं. फिलहाल, वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कुछ सुझाव दिए जा सकते हैं जो प्रत्यक्ष रूप से शिक्षकों के जीवन और अप्रत्यक्ष रूप से छात्रों एवं स्कूल के माहौल को सकारात्मक बना सकते हैं.

> शिक्षक लगातार इस कोशिश में रहते हैं कि वे छात्रों को बेहतर शिक्षा दें. शायद यह बात सभी स्कूलों पर लागू नहीं होती, तो भी ऐसे कई स्कूल तो हैं हीं, जिनमें यह स्थिति हमेशा देखी जा सकती है. ऑनलाइन शिक्षा, बनावटी बुद्धि के असर से शिक्षा जगत में दबाव बढ़ते जा रहे हैं. शिक्षक तनाव महसूस करते हैं, उन्हें शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होता है.

# जलवायु बदलाव के प्रति लापरवाही के खतरे

• सामयिकी

सुरेश भाई

दुबई में हुए 28वें 'जलवायु परिवर्तन सम्मेलन' (कॉप28) में 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने चेतावनी दी थी कि दुनियां तबाही की कगार पर है और यह सम्मेलन हमें आखिरी मौका दे रहा है. इस सम्मेलन में दुनिया के 200 देश डीजल, पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से दूरी बनाने पर सहमत दिखाई दिये. जीवाश्म ईंधन 'ग्लोबल वार्मिंग' का सबसे बड़ा कारण माना जाता है. यदि इस पर निर्भरता धीरे-धीरे घटाई जा सके तो जलवायु को नियंत्रित किया जा सकता है. इससे पहले वर्ष 2015 में 'संयुक्त राष्ट्र संघ' द्वारा जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों व सामूहिक प्रगति पर नजर रखने के लिए पेरिस में भी 200 से अधिक देशों का सम्मेलन हुआ था. इस सम्मेलन के समझौते के अनुसार, वैश्विक तापमान वृद्धि को 'पूर्व औद्योगिक काल' (1850-1900) के स्तर के मुकाबले 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है, लेकिन महसूस किया गया कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक निधि अपर्याप्त है. पिछले सम्मेलनों में संयुक्त-अरब-अमीरात की तरफ से इसका विरोध हुआ था. उसका कहना था कि जब तक नवीकरणीय ऊर्जा के पर्याप्त स्रोत उपलब्ध नहीं हो जाते, तब तक जीवाश्म ईंधन पर बंदिशें लगाना उचित नहीं है क्योंकि दुनिया की 80 फ़ीसदी ऊर्जा ज़रूरतें इसी से पूरी हो रही हैं. दूसरी तरफ वे यह भी कह रहे हैं कि जीवाश्म ईंधन से दूर रहने के लिए वे भी सहमत हैं. इसके साथ ही 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा गया है. 40 से अधिक देशों और 20 संगठनों के मंत्रियों, नीति निर्माताओं, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने एक वार्ता करके कहा है कि वे वैश्विक स्तर पर स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़कर 11 हजार गीगावॉट करने और इस समय सीमा में वार्षिक ऊर्जा दक्षता सुधार को दोगुना करने के लक्ष्य प्राप्त करने पर सहमत हैं, लेकिन इसे हासिल करने के लिए 4.5 खरब डालर की आवश्यकता है. वर्ष 2009 में कोपनहेगन में हुई जलवायु वार्ता में प्रस्तावित 'हरित जलवायु निधि' में अमीर देशों ने 2020 तक, हर साल विकासशील देशों को 100 अरब डॉलर की मदद करने का संकल्प लिया था, लेकिन किसी भी साल वे इस राशि को नहीं जुटा सके. इन देशों ने 2013 में 52.5 अरब डॉलर जुटाए थे जो 2015 में घटकर 44.6 अरब डॉलर हो गए थे. 2019 में उनकी तरफ से 80.4 अरब डॉलर का फंड संग्रह किया गया था जो 2020 में बढ़कर 83.3 अरब डालर हो गया था. अब तो 100 अरब डॉलर से भी अधिक की आवश्यकता महसूस की जा रही है. ऐसे में 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने के प्रयासों को झटका लग सकता है. एक अनुमान के मुताबिक दुनिया के 55 देशों को बीते दो दशक में जलवायु परिवर्तन संबंधी घटनाओं से 525 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है. 2030 तक यह बढ़कर 580 अरब डालर पहुंच जाएगा. वहीं अगर अकेले अमेरिका से उसके उत्सर्जन प्रभाव की कीमत वसूली जाए तो यह 1900 अरब डॉलर होती है. विकासशील देशों का सवाल है कि क्या अमेरिका इस कीमत को चुकाएगा? अगर नहीं तो फिर किसी दूसरे देश से कैसे कह सकते हैं कि वह विकास न करे. इस संदेश से ऐसा लगता है कि सभी देश अमेरिका की राह पर हैं और आधुनिक जीवन शैली व विकास के मायने जलवायु परिवर्तन ही है. जीवाश्म ईंधन के उपयोग का आखिरी पन्ना 28वें जलवायु सम्मेलन में नहीं पलटा जा सकता है, लेकिन जीवाश्म ईंधन के अंत की शुरुआत यहां से की जा सकती है. इसके लिए कोयला से बिजली बनाने वाले देश, जैसे - भारत और चीन से भी अपेक्षा की जा रही है कि वे चरणबद्ध तरीके से कोयले के उपयोग में कमी करें, हालांकि भारत विकसित देश बनने तक कोयले पर कितना नियंत्रण कर सकेगा, यह तो समय ही बताएगा. मजबूत विकल्प के अभाव में जीवाश्म ईंधन और कोयले पर निर्भरता को चरणबद्ध तरीके से कम करने की तैयारी अभी भी नगण्य है. दूसरी ओर विकल्प के तौर पर परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल करें तो रेडियोएक्टिव कचरे को लेकर खतरे की आशंका जताई जाती रही है. विकासशील देश विकसित देशों पर आरोप लगा रहे हैं कि वे अपना योगदान देने की बजाय भारत, ब्राजील, चीन जैसे देशों पर दबाव बना रहे हैं कि वे विकास के लिए होने वाली औद्योगिक गतिविधियों में कमी लाएं. विकासशील देश कह रहे हैं कि वैश्विक जलवायु कार्रवाई के लिए ज्यादा वित्तीय साधनों की आवश्यकता है.

> पिछले सम्मेलनों में संयुक्त–अरब–अमीरात की तरफ से इसका विरोध हुआ था. उसका कहना था कि जब तक नवीकरणीय ऊर्जा के पर्याप्त स्रोत उपलब्ध नहीं हो जाते, तब तक जीवाश्म ईंधन पर बंदिशें लगाना उचित नहीं है क्योंकि दुनिया की 80 फ़ीसदी ऊर्जा ज़रूरतें इसी से पूरी हो रही हैं. दूसरी तरफ वे यह भी कह रहे हैं कि जीवाश्म ईंधन से दूर रहने के लिए वे भी सहमत हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

# स्वच्छ पुरस्कारों पर आंकड़ों का खेल

**लगातार** आठवें वर्ष, केंद्र ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कारों की घोषणा की है. यह उन शहरों, कस्बों और राज्यों को पुरस्कृत करने की वार्षिक प्रक्रिया है, जिन्होंने सार्वजनिक स्वच्छता के विभिन्न मापदंडों पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है. एक ऐसी प्रक्रिया में जो अब पूर्वानुमानित हो गई है, मध्य प्रदेश के इंदौर शहर को लगातार सातवें वर्ष भारत का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है. एकमात्र बदलाव यह है कि इस वर्ष इसे सूरत, गुजरात के साथ सम्मान साझा करना होगा. पिछले साल, सूरत दूसरे स्थान पर आया था, जो आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि यह आमतौर पर पहले के संस्करणों में रैंकिंग सीढ़ी के उच्च सोपानों पर काबिज था. भोपाल, इंदौर, सूरत और विशाखापत्तनम ने पिछले कुछ वर्षों में खुद को मजबूत किया है. शीर्ष 10 से परे एक निश्चित अस्थिरता है - उदाहरण के लिए, अहमदाबाद, चंडीगढ़ और ग्वालियर अस्थिर शहर हैं - लेकिन शीर्ष शहर सुसंगत हैं. यह सब कुछ हद तक ठहराव का सूचक है. सर्वेक्षण की एक और ख़ासियत यह है कि यह कई उप-श्रेणियां बनाता है, ताकि कई शहरों को किसी न किसी श्रेणी में शीर्ष स्कोरिंग का मौका मिले. इस प्रकार जबकि जनसंख्या के आधार पर उप-श्रेणियां बनाना सार्थक है, कुछ वर्गीकरण विश्वसनीयता को बढ़ाते हैं. मध्य प्रदेश के महू को सबसे स्वच्छ 'छावनी' शहर का पुरस्कार दिया गया है. वाराणसी और प्रयागराज को 'सबसे स्वच्छ गंगा शहर' का गौरव प्राप्त है और चंडीगढ़ को सबसे स्वच्छ 'सर्वश्रेष्ठ सफाईमित्र सुरक्षित शहर' (स्वच्छता कार्यकर्ताओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर) का खिताब मिला है. संकीर्णतावाद की स्पष्ट आलोचनाओं के अलावा. उदाहरण के लिए, सबसे स्वच्छ कावेरी या नर्मदा शहर क्यों नहीं हो सकता? इससे शीर्ष पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित हो जाता है. केंद्र द्वारा लागू की गईं कई रैंकिंग योजनाओं का अंतर्निहित सिद्धांत शहरों, गांवों, स्कूलों जैसे वर्गों को अपनी क्षमता के दम पर आगे बढ़ने के लिए 'प्रेरित' करना है. हालांकि यह खेल प्रतियोगिताओं के लिए अच्छा काम करता है, सार्वजनिक स्वच्छता कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जो किसी कस्बे या शहर द्वारा सक्रिय रूप से खुद को बेहतर बनाने में आलसी या मेहनती होने का परिणाम है. यह उनके इतिहास, आर्थिक स्थिति और सत्ता से निकटता से काफी प्रभावित है. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### प्रसाधन/संसाधन

**जिसके** पास सारे साधन हैं, वही संपन्न है. साधन हीन व्यक्ति विपन्न होता है. कुछ साधन हमें प्रकृति और वातावरण से मिल जाते हैं तो कुछ साधनों को अर्जित करने के लिए हमें प्रयास और परिश्रम करना पड़ता है. साधन वह सामग्री है, जिसका सीधा प्रयोग किया जा सकता है. जैसे पानी, यातायात, लेखन के साधन. इसी साधन में जब प्र उपसर्ग लगता है तो शब्द बनता है प्रसाधन, लेकिन सम् उपसर्ग लगने पर बन जाता है संसाधन. साधन, प्रसाधन और संसाधन तीनों शब्दों के बीच काफी अंतर है. समानता यह है कि ये तीनों संस्कृत भाषा आये तत्सम शब्द हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार प्रसाधन का मतलब है सजावट, शृंगार, बनावट, बालों को सजाने, होंठ या पांव रंगने की क्रिया, कार्य को सिद्ध या निष्पादन करनेवाला. वहीं संसाधन वह सामग्री है, जिसे किसी सुधार-आदि की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा हो. उपयोगी होने के लिए दुकान में जो भी बंद खाद्य या पेय सामग्री मिलती हैं, वे संसाधित होती हैं, इसलिए वे सभी सामग्री संसाधन ही हैं, जिन्हें प्राप्त करने का साधन दुकान है. यानी मानव निर्मित सभी चीजें साधन हैं तो प्रकृति द्वारा निर्मित सभी चीजें संसाधन हैं. उदाहरण के लिए बस एक साधन है, लेकिन ईंधन एक संसाधन. हमारे पर्यावरण में उपलब्ध हर वह वस्तु संसाधन कहलाती है. संसाधन अनेक हैं. जैसे जैव संसाधन, अजैव संसाधन, नवीकरण योग्य संसाधन, अनवीकरण योग्य संसाधन आदि. वैसे संसाधन को जैव संसाधन कहते हैं, जो जैव मंडल से प्राप्त होते हैं. उदाहरण के लिए मनुष्य, वनस्पति, मछलियां, प्राणीजात, पशुधन आदि. अजैव संसाधन निर्जीव पदार्थों से प्राप्त होते हैं. जैसे मिट्टी, हवा, पानी, धातु पत्थर आदि. जिन्हें हम भौतिक, रासायनिक या यांत्रिक प्रक्रिया द्वारा नवीकृत या पुनः उत्पन्न कर सकते हैं, वे नवीकरण योग्य और जिन्हें हम पुनः उत्पन्न नहीं कर सकते, वे अनवीकरण योग्य संसाधन कहलाते हैं.

# डेंगूवाली, कहो तो अभी जान दे दूं !

• तीर-तुक्का

रामवृक्ष सिंह



डेंगू फैलाने वाली मादा मच्छर मुझ पर फिदा हो गयी. मुझे भी प्यार आ गया. मैंने भी इस पंक्ति का सस्वर पाठ कर दिया-डेंगूवाली कहो तो अभी जान दे दूं. उसने कहा-मुझे जान नहीं, केवल तुम्हारा खून चाहिए . मैंने उसे समझाया. हम हिंदी की सेवा करनेवालों के खून में जान नहीं होती, मगर मादा मच्छर कब मानने वाली थी- 'क्या बात करते हैं श्रीमानजी. इधर-उधर, जहां देखिए हिन्दी में काम करने के पोस्टर लगे हैं. खूब कार्यशालाएं होती हैं. खूब सेमिनार होते हैं. बड़ी-बड़ी समितियां जगह-जगह दौरे करके सरकारी दफ्तरों में हिन्दी लागू करवाती हैं. देश-विदेश में हिन्दी के जलसे होते हैं. हिन्दी का इकबाल तो हर जगह बुलंद है. और आप कह रहे हैं कि हिन्दी की सेवा करने वालों के शरीर में प्लेटलेट्स की कमी है.' हमें मादा मच्छर के अज्ञान पर रोना आया. हमने उसे समझाते हुए कहा- 'किस दुनिया में रहती हैं मोहतरमा? जो-जो बातें आपने गिनाईं वे सब हाथी के दाँत हैं. ड्राइंग रूम की बातें हैं ये सारी. इस देश में हिन्दी का तो बस नाम बचा है. सारे मजे तो अंग्रेजी लूट रही है. अंग्रेजी लेखकों का उपन्यास पूरा नहीं होता कि प्रकाशक मोटी रॉयल्टी देकर खरीद लेता है. हिन्दी लेखक को प्रकाशक ढूंढ़े नहीं मिलता. अंग्रेजी पत्रकार को खूब मोटी तनख्वाह मिलती है, जबकि हिन्दी वाला धक्के खाता है. अंग्रेजी अखबार में विज्ञापन ऊंची दर पर छपता है, हिन्दी वालों को कोई विज्ञापन देता ही नहीं. अंग्रेजी स्कूल खूब चलते हैं, हिन्दी स्कूल को कोई पूछता नहीं. गिटपिट अंग्रेजी बोलने वालों को ऊंची पगार पर नौकरी मिल जाती है, हिन्दी बोलने वाले को लोग गंवार समझकर गेट से बाहर कर देते हैं.' न जाने मादा मच्छर को क्या हुआ. वह हमसे दूर जा बैठी. उसकी यह बेरुखी हमें कुछ खास अच्छी नहीं लगी. अरे हमारे खून की गुणवत्ता ठीक नहीं है तो खून न पिए, पर ढंग से बात तो करे. उसकी बॉडी लैंग्वेज से हमें रेशा-रेशा उपेक्षा टपकती दिखी. बेरुखी का कारण पूछने पर बड़े बेमन से बोली- 'जब तुम्हारे पास कुछ है ही नहीं, तो मैं तुम्हारा खून क्यों पिऊं? फालतू ही टाइम खराब किया. इससे अच्छा तो होता कि मैं कहीं और ट्राई करती.' 'मैं तो पहले ही कह रहा था बेन. अपुन टिपिकल मिडिल क्लास है. बस ऊपरी टीम-टाम है. अंदर से सब खोखला. उधार का घर, किस्त की कार, किस्त का टीवी, पूरी जिन्दगी किस्त चुकाते निकल जाती है. अपना खून पी लोगी तो तुम्हें फायदा चाहे न हो, किस्त चुकाने की चिन्ता जरूर होने लगेगी. समझी बेन... ' हम अपनी बात समाप्त करते कि मादा मच्छर झुंझला कर बीच में ही बोल पड़ी- 'डोण्ट कॉल मी बेन. अंडरस्टुड ? मैडम बुलाओ, बुलाना है तो. वरना अपना काम देखो. खून में प्लेटलेट्स तो हैं नहीं. मार मोटाए घूम रहे हैं. उधार में रोयां-रोयां डूबा है... बात-बात पर इनका खून सूख जाता है. जिगरा कुछ है नहीं..चले हैं बड़े अधिकारी बनने. ऐसे मरदुए का खून पीकर हमें अपना धर्म नहीं बिगाड़ना.'

# रफ्तार टेक्नो

## ये हैं दुनिया की अजीबो गरीब कार

**कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो, 2024 में कई कंपनी ने अलग तरह के कार का डेमो दिया. कोई कार हवा में उड़ने वाली है तो कोई सड़कों की तरह पानी में भी रफ्तार से चलने वाली. ऐसे में एक बार फिर अजीबोगरीब कारों की चर्चा लाजिमी है. आइए, दुनिया की कुछ अजीबो गरीब कार की करें चर्चा**



**डबल कार**

सड़कों पर डबल डेकर बस तो हम सबने कभी न कभी जरूर देखी है. लेकिन एक कार डबल डेकर है. डिजाइन ऐसी कि लगे कि एक कार दूसरी कार पर उल्ट कर रख दी गई है. यह डिजाइन आकर्षक तो है, पर अचानक और नए देखने वालों के लिए बेहद डरावना भी.



**ब्रूक हंस कार**

1910 ब्रूक हंस कार की कीमत रोल्स रॉयस कार की तुलना में तीन गुना अधिक थी. कार में पक्षी की चोंच काफी खूबसूरत है. इस चोंच से सड़क पर गर्म पानी फेंका जाता है जिससे राइड करने वाले के पहुंचने से पहले धूलकण शांत हो जाते हैं और सड़क चकाचक भी हो जाती है.



**टेलिफोन कार**

यह डिजाइन इतना अलग है कि कुछ लोगों के लिए यह बहुत अच्छा लग सकता है, जबकि कुछ के लिए यह अजीब हो सकता है. दरअसल इस फोन का आकार वैसा है जैसा बचपन में आपने अपने घर चोग वाला लैंड लाइन फोन देखा होगा.



**ओईफ इलेक्ट्रिक**

अगर इस 1942 मॉडल कार का नाम अंग्रेजी में अनुवादित किया गया है, तो आकार के हिसाब से यह ₹इलेक्ट्रिक अंडे₹ पर आ जाएगा. पेरिस से पॉल अर्जेन्स ने इस कार को डिजाइन किया है. बता दें कि ट्रेनों के डिजाइनर के तौर पर उन्होंने लंबे समय तक काम किया है.

**मिनी आउट्सपैन ऑरेंज**




यह कार वन सीटर है. इसका आकार एक बड़े संतरे की तरह है. इसकी रफ्तार भी तेज नहीं है. लेकिन दिखने में यह बड़ी प्यारी लगती है. पास से गुजरने वाले, खास कर बच्चे इसे देख कर थम जाएं, ऐसी ही है छोटी सी मिनी आउट्सपैन ऑरेंज कार.

**पील P50**

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में 50 से ज्यादा सालों तक इस कार का टाइटल सबसे छोटी कार के रूप में रखा गया है. यह एक सीटर कार है जिसके महज तीन पहिए होते हैं. इस कार को 1962 से 1965 तक बनाया गया था.




अमेरिका के लास वेगास में आयोजित कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो (सीईएस 2024) में एक से बढ़कर एक नए कॉन्सेप्ट और इलेक्ट्रिक वाहनों को पेश किया जा रहा है. इसी बीच चीन की प्रमुख टेक कंपनी शीपेंग ने अपनी फ्लाइंग कार शीपेंट एरो एचटी को पेश किया है. स्टेज पर आते ही हवा में उड़ने वाली इस कार ने लोगों का खूब ध्यान आकर्षित किया. कंपनी का दावा है कि, इस साल के अंत इस फ्लाइंग कार की ऑफिशियल बुकिंग चीन में शुरू कर दी जाएगी और साल 2025 तक इसकी डिलीवरी शुरू करने की भी योजना है. 2025 के अंत तक यूजर इस फ्लाइंग कार का इस्तेमाल कर सकेंगे.

### स्पेशल नंबर के लिए दीवानगी ऐसी कि...

## कार से अधिक नंबर के लिए खर्च

*लग्जरी कारों के ही नहीं, जमाने में कारों के स्पेशल नंबर प्लेट के दीवाने भी कम नहीं. ऐसे ही एक क्रेजी शख्स की खबर हाल ही केरल से आई. केरल में फेयरफ्यूचर ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर एस. राज ने हाल ही में अपने लिए सुपर लग्जरी इलेक्ट्रिक सेडान बीएमडब्ल्यू आई 7 खरीदी और इसके लिए बेहद खास नंबर प्लेट 7777 ऑक्शन में जीता, जिसकी कीमत 7.7 लाख रुपए पड़ी. इससे आपको अंदाजा हो रहा होगा कि लोग फैंसी नंबर प्लेट के लिए कितने पैसे चुकाते हैं. जाहिर है स्पेशल नंबर के लिए उन्होंने जो कीमत चुकाई, उसमें कोई अच्छी हैचबैक या किफायती एसयूवी खरीदी जा सकती है.*






## 7 लोगों ने ऑक्शन में लिया था हिस्सा

एस राज केरल के एर्नाकुलम जिले के तेवारा के रहने वाले हैं. बीएमडब्ल्यू आई 7 खरीदने के बाद उनका दिल एक और चाहत के लिए मचल उठा. उनकी इच्छा कार के नंबर प्लेट के लिए एक ऐसे नंबर की हुई जिसपर किसी की नजर पड़े तो उसकी नजर का ठहर जाना और दाद देना जरूरी हो जाए. जब उन्होंने अपने नंबर प्लेट के लिए 7777 नंबर चुना तो इसके लिए 50000 रुपए की बेस अमाउंट से नीलामी आयोजित की गई. नीलामी में आखिरकार 7.7 लाख रुपये देकर एस. राज ने यह नंबर अपने नाम किया. इस ऑक्शन में कुल 7 लोगों ने भाग लिया था. यह खास नंबर राज के लिए इस मायने में भी अहम है, क्योंकि बीएमडब्ल्यू आई7 उनकी 7वीं कार है.

## ये हैं दुनिया के सबसे महंगे नंबर प्लेट

दुनिया में कुछ ऐसे नंबर प्लेट्स हैं जो अपनी कीमत के कारण जमाने भर में चर्चा पाते हैं. इनकी लुक भी शानदार है और इसके लिए इन कार मालिकों ने भारी-भरकम रकम चुकाई है. इनमें से एक है एमएम (अमेरिका). रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिका के कैलिफोर्निया में कार का नंबर एमएम दुनिया में सबसे महंगा लाइसेंस नंबर प्लेट है. इसकी सेल प्राइस 24.3 मिलियन डॉलर है. अमेरिका में दो लेटर वाली प्लेट खोजना सबसे कठिन है, और दोनों लेटर (वर्णों) के लिए एक ही अक्षर का इस्तेमाल करने वाली प्लेट अभी भी दुर्लभ हैं. इंग्लैंड का एफ 1 कार लाइसेंस नंबर प्लेट दुनिया का दूसरा सबसे महंगा नंबर प्लेट है. इसकी सेल प्राइस 20 मिलियन डॉलर है. इस कार के मालिक ने साल 2008 में एक्सेस काउंटी काउंसिल से नंबर प्लेट खरीदा था. अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक कार का नंबर प्लेट ही न्यू यार्क है. यह दुनिया में तीसरी सबसे महंगी लाइसेंस नंबर प्लेट है. इसकी वैल्यू 20 मिलियन डॉलर है. इस लाइसेंस नंबर को 1970 में ही जारी किया गया था. इसी तरह दुबई में एक कार का लाइसेंस नंबर दुनिया की सबसे मंहगी नंबर प्लेट में चौथे नंबर पर है. यह नंबर है डी 5. इसकी कीमत 9.6 मिलियन डॉलर है. दुनिया की पांचवी सबसे महंगी लाइसेंस नंबर प्लेट अबू धाबी में है. इसका लाइसेंस नंबर 1 है. इसकी वैल्यू 9.5 मिलियन डॉलर है. इस प्लेट को कार मालिक ने 2008 में एक नीलामी में खरीदा था.

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में ये नंबर

दुनिया की सबसे महंगी नंबर प्लेट का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड वीआईपी कार नंबर प्लेट पी 7 को हासिल है. 'मोस्ट नोबल नंबर्स' चैरिटी नीलामी में रिकॉर्ड 55 मिलियन दिरहम (लगभग 122.6 करोड़ रुपए) में बिकी है. इस नंबर प्लेट के खरीदार के नाम का खुलासा नहीं हुआ है. लेकिन नीलामी से होने वाली कमाई सीधे "1 बिलियन मील एंडोमेंट" अभियान के समर्थन में इस्तेमाल किए जाने की खबर सामने आई थी.

### रैप्टी का पहला ई बाइक

## हाई-वोल्टेज ट्रांसपेरेंट बॉडी

**भारत में ई कार-बाइक,स्कूटर रोज नए अंदाज में सामने आ रहे हैं. ओला, एथर, बजाज और हीरो जैसी नामी कंपनियां नए फीचर्स के साथ ई ऑटो इंडस्ट्री को रफ्तार दे रहे हैं तो कई नए स्टार्ट-अप ने भी इस फील्ड में जोरदार एंट्री ली है. तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में पिछले दिनों चेन्नई बेस्ड एक नए इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर प्लेयर रैप्टी ने अपनी एक नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को पेश किया है, जिसको लेकर कंपनी का दावा है कि ये दुनिया की पहली हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिक बाइक है.**



### डिजाइन का अलग

रैप्टी के इस पहले ई बाइक की चर्चा इसकी बॉडी को लेकर भी है. कंपनी ने इसे ट्रांसपेरेंट बॉडी दिया है. बाइक के भीतर के मैकेजिनिज़्म को आरपार देखा जा सकता है. जाहिर है, इस डिजाइन के कारण बाइक को बिल्कुल अलग लुक मिलता है. कंपनी का दावा है कि ट्रांसपेरेंट होने के बावजूद इसकी मजबूती किसी भी अन्य बाइक से कम नहीं. इसे एक स्पोर्टी लुक और डिज़ाइन के साथ ही, स्प्लिट सीट दिया गया है. इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी मैकेनिज़्म को कंपनी न बाइक के फ्यूलटैंक के नीचले हिस्से में दिया है, जो कि ग्लॉस के चलते पूरी तरह से दिखाई देता है. चार्जिंग पोर्ट फ्यूल टैंक के ऊपर है.

### पावर और परफॉर्मेंस

कंपनी का दावा है कि एक बार चार्ज करने पर ये इलेक्ट्रिक बाइक 150 किलोमीटर तक का रेंज देगी. इसकी टॉप स्पीड 135 किलोमीटर प्रतिघंटा है. कंपनी का दावा है कि ये बाइक महज 3.5 सेकंड में ही 0 से 60 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ लेगी. इसे किसी भी सीसीएस 2 चार्जिंग स्टेशन पर चार्ज किया जा सकता है. कंपनी की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक महज 15 मिनट में इस बाइक को इतना चार्ज किया जा सकता है कि करीब 40 किमी तक फरार्ट से चलती रहे.



### प्राइस और लॉन्च

अप्रैल 2024 तक यह बाइक लॉन्च हो जाएगी. अभी इसकी कीमत का खुलासा नहीं किया गया है.

## स्मार्टफोन की छुट्टी कर देगा यह छोटू डिवाइस

अमेरिका के लास वेगास में चल रहे सीईएस 2024 में एक ऐसा अनोखा डिवाइस लॉन्च हुआ है जिसने मोबाइल कंपनियों की नींद उड़ा दी है. पॉकेट साइज इस डिवाइस के बारे में माना जा रहा है कि यह मोबाइल को रिप्लेस कर सकता है. बुकिंग के पहले ही दिन यह आउट ऑफ स्टॉक हो गया. कंपनी की योजना एक दिन में 500 यूनिट बेचने की थी, लेकिन पहले दिन 10,000 यूनिट की बुकिंग हो गई. 199 अमेरिकी डॉलर (लगभग 16,500 रुपए) में इसका प्रीऑर्डर शुरू हुआ था. बात हो रही है रैबिट आर वन की. यह प्रोडक्ट 2.88 इंच एलसीडी डिस्प्ले में आता है. इसमें यूजर्स को कई अच्छे फीचर्स, एक बटन और रोटेटिंग कैमरा दिया गया है. यह छोटा सा डिवाइस वह हर काम कर सकता है जो आज हम अपने स्मार्टफोन से करते हैं.

### ये हैं फीचर्स

यह डिवाइस आपकी आवाज पर काम करता है. यह आपके लिए कॉल करने, किराने का सामान खरीदने, मैसेज करने और कैब बुक करने जैसे काम कर सकता है. इस गैजेट में एक कैमरा है, जो रोटेटिंग खूबी के साथ आता है. यह सेल्फी और रियर कैमरे के रूप में काम कर सकता है. इस गैजेट के साथ ही एक स्क्रॉल व्हील मिलेगा, जो यूजर्स को इस गैजेट को नेविगेट करने की खूबी देगा और इंटरफेस को कंट्रोल करने की काबिलियत भी देगा. इस गैजेट में एक बिल्ट इन वॉयस असिस्टेंट भी मिलेगा. इसमें दो माइक्रोफोन दिए हैं. डिवाइस से इंट्रैक्ट होने के लिए यूजर्स पुश टू टॉक बटन का यूज़ कर सकते हैं. इसमें इन हाउस डेवलप ऑपरेटिंग सिस्टम लगाया है, जिसका नाम रैबिट ओएस है. इसमें लार्ज एक्शन मॉडल का यूज़ किया है.



## फोन की बैटरी के दुश्मन हैं ये पांच फीचर्स

**फोन हमारे इतने काम निबटाता है कि उसकी बैटरी का डिस्चार्ज होना हमारे काम ठप्प हो जाना होता है. इसलिए बजट फोन में भी हम बैटरी का बड़े से बड़ा मेगा हट्र्ज तलाशते हैं. कई बार इसके बावजूद फोन की बैटरी जल्दी-जल्दी डिस्चार्ज हो जाती है. फोन इस्तेमाल करने की आदतों कुछ सुधार करके बैटरी को अधिक दमदार बनाया जा सकता है. आइए, आज इसके बारे में जानकारी हासिल करें-**

बार-बार फोन डिस्चार्ज होने पर हम कई बार यह समझ लेते हैं कि फोन की बैटरी खराब हो चुकी है. तकनीकी विशेषज्ञों की मानें तो फोन की बैटरी जल्द डिस्चार्ज होने की कई अन्य तकनीकी कारण भी हो सकते हैं जिन पर आमतौर हमारा ध्यान नहीं जाता है. ऐसे में फोन के लिए नई बैटरी खरीदनी पड़ती है या फिर नया फोन खरीदने को मजबूर होना पड़ता है. अगर अपने स्मार्टफोन से हम ये 5 फीचर बंद कर दें, तो हमारे फोन की बैटरी लाइफ बढ़ जाएगी.

**स्क्रीन ब्राइटनेस और टाइमआउट सेटिंग**
डिस्प्ले की सेटिंग हमारी बैटरी की लाइफ को बहुत प्रभावित करती है. बैटरी अधिक देर तक कायम रखने के लिए स्मार्टफोन के स्क्रीन ब्राइटनेस को बहुत अधिक नहीं रखें. ब्राइटनेस ऐसी हो जो हमारी आंखों के लिए आरामदायक हो. साथ ही बेहतर बैटरी लाइफ के लिए ऑटो-लॉक या स्क्रीन टाइमआउट सेटिंग्स में बदलाव करें. यह आपके फोन की बैटरी लाइफ बढ़ सकता है.

**बैकग्राउंड ऐप ब्लॉक :** हमारे फोन की बैटरी का बैकग्राउंड ऐप भी चूस लेते हैं. फोन में अक्सर बैकग्राउंड ऐप चलते रहते हैं, जो आपके फोन की बैटरी को खत्म कर देते हैं. अगर समस्या से निजात चाहते हैं तो ऐसे बैकग्राउंड ऐप को तत्काल बंद कर दें. साथ ही लगातार अपडेट होने वाले ऐप्स को ब्लॉक कर देना चाहिए. इसके लिए फोन की सेटिंग्स पर जाएं, और फिर सामान्य चुनें और फिर बैकग्राउंड ऐप रिफ्रेश पर टैप करें.

**लोकेशन शेयरिंग :** फोन में मौजूद लोकेशन शेयरिंग फीचर भी फोन की बैटरी की दुश्मन है. दमदार बैटरी चाहते हैं तो हर एक ऐप के लिए लोकेशन न शेयर करें. इसे रोकना भी आसान है. इसके लिए सेटिंग्स पर जाएं. इसके बाद प्राइवेसी पर टैप करें, फिर लोकेशन सर्विस पर टैप करें. यहां आल्वेज की जगह ऐप यूजिंग का विकल्प चयन करें.



**सेल्युलर की जगह सेलेक्ट करें वाई-फाई ऑप्शन :** आप सेल्युलर डेटा की जगह वाई-फ़ाई ऑप्शन सेलेक्ट करके भी अपनी बैटरी बचा सकते हैं. सेल्युलर नेटवर्क ज्यादा बिजली की खपत करते हैं. ऐसे में यूजर्स को वाई-फाई का इस्तेमाल करना चाहिए. इससे फोन की बैटरी अधिक समय तक साथ निभाती है.

**लो-पावर मोड :** फोन की बैटरी ख़त्म हो रही है, तो आपको लो पावर मोड एक्टिव कर देना चाहिए. यह किफायती मोड है जो बैटरी कम खत्म करता है. इसके लिए सबसे सेटिंग्स पर जाकर बैटरी चुनें और फिर लो पावर मोड पर टैप करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

▼ ब्रीफ खबरें

## ऑपरेशन कराने आई महिला की मौत

**पूर्णिया।** पूर्णिया में नर्सिंग होम में महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया. लाइन बाजार में फैमिली प्लानिंग का ऑपरेशन कराने पहुंची महिला की मौत हो जाने के बाद मृतक के परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है. निजी अस्पताल में परिजनों के हंगामे की जानकारी मिलते ही दो थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराने की कोशिश में जुट गई. मामला हाट थाना क्षेत्र के लाइन बाजार का है.

## छापेमारी के दौरान 50 नशेड़ी गिरफ्तार

**गोपालगंज।** गोपालगंज में उत्पाद विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है. जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर कुल 50 लोगों को शराब पीने और बेचने के मामले में गिरफ्तार किया है. वही गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है. ताजा मामले की बात करें तो उत्पाद विभाग की टीम ने नोडल रेड के तहत कुल कुल 50 लोगों को जिले में बनाए गए बलथरी चेकपोस्ट समेत विभिन्न चेक पोस्टों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है. उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई में शराब पीने के आरोप में 33 और शराब बेचने के आरोप में 17 कुल 50 आरोपियों की गिरफ्तारी अलग-अलग जगहों से की गई है.

## मंदार महोत्सव सह बौसी मेला का शुभारंभ

**बांका।** बांका में पूर्व बिहार का सबसे बड़ा मंदार महोत्सव सह बौसी मेला की शुरुआत हो चुकी है. मेले का उद्घाटन रविवार शाम विधिवत रूप से किया गया. यह मेला तीन दिनों तक चलने वाला है, जिसमें कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. मौके पर उपस्थित आपदा प्रबंधन मंत्री मो. शाहनवाज आलम ने बांका में पर्यटन के क्षेत्र में विकास की बात कही है. राजकीय महोत्सव के तौर पर आयोजित किये जाने वाला मंदार महोत्सव का उद्घाटन बांका के प्रभारी मंत्री मो. शाहनवाज आलम, जयंत राज, गिरिधारी यादव, मनोज यादव आदि शामिल थे.

# कर्मियों को बदमाशों ने बनाया बंधक, 8 लाख लूटे

संवाददाता। मोतिहारी

जिले में बेखौफ बदमाशों ने नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम फाइनेंस के कार्यालय से सोमवार को दिनदहाड़े करीब आठ लाख रुपये लूट लिए. पांच से छह की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने फाइनेंस कार्यालय के कर्मियों को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया. हालांकि एक बदमाश को पकड़ लिया गया है. उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है. इससे पहले रविवार की रात ही आभूषण दुकान से 1.25 करोड़ से ज्यादा के आभूषण की चोरी हुई है. पुलिस इस मामले की जांच में जुटी ही



मोतिहारी की घटना, एक धराया

थी कि एक और दिनदहाड़े लूट की घटना हो गई. जहां चोरी हुई है उसके चंद कदम पर अब दिनदहाड़े लूट हुई है. करीब आधा घंटा तक बदमाशों ने लूटपाट की है. लूटे गए रुपयों का आंकड़ा आठ लाख से कम या ज्यादा हो सकता है. पुलिस श्रीराम फाइनेंस के शाखा प्रबंधक के साथ जांच कर रही है ताकि पता चल सके कि कितनी राशि लूटी गई है.

### लॉकर नहीं खोल पाए अपराधी

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह जब फाइनेंस कार्यालय का ब्रांच खुला तो कुछ ही देर बाद करीब आधा दर्जन की संख्या में हथियार से लैस बदमाश पहुंच गए. गेट पर मौजूद कर्मी को पकड़ा और अन्य कर्मियों के साथ एक रूम में बंद कर दिया. शाखा प्रबंधक को बाहर लाकर लॉकर खुलवाने का प्रयास किया. हालांकि लॉकर नहीं खुला नहीं तो बड़ी लूट हो सकती थी. अंदाजा लगाया जा रहा है कि कैश काउंटर के अलावा कुछ और राशि मिलाकर करीब आठ लाख के आसपास की लूट हुई है. बदमाश भागते वक्त सीसीटीवी का हार्ड डिस्क भी लेते गए. लूट की घटना को अंजाम देकर भागने के दौरान एक बदमाश को बैंक के कर्मी ने साहस का परिचय देते हुए दबोच लिया. सूचना के बाद मौके पर नगर थाना की पुलिस पहुंची. बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया गया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. मोतिहारी सदर एएसपी राज ने बताया कि शहर के बलुआ चौक स्थित श्रीराम फाइनेंस का कार्यालय जैसे ही खुला तो 5-6 बदमाश पहुंच गए. एक बदमाश को पकड़ा गया है. पकड़े गए बदमाश के पास से 2 हथियार मिले हैं.

आओ जानें

## बिहार : सामान्य ज्ञान

1. किस शहर को बिहार की 'इलेक्ट्रॉनिक नगरी' कहा जाता है? – हाजीपुर 2. किस शासक के काल में पाटलिपुत्र में तृतीय बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया था? – अशोक 3. किस शासक के काल में प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन हुआ था? – अजातशत्रु 4. किस शासक के काल में वैशाली में द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया था? – कालाशोक 5. किस शासक ने नंद वंश के शासक घनानंद को पराजित कर मौर्य वंश की स्थापना की थी? – चंद्रगुप्त मौर्य 6. किस सुल्तान ने दरभंगा का नाम बदलकर 'तुगलकपुर' रख दिया था? – मोहम्मद बिन तुगलक 7. किसके शासनकाल में बिहार में नूहानी वंश का उदय हुआ था? – सिकंदर लोदी 8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के राज्यों में बिहार का कौन सा स्थान है? – बारहवां 9. गुप्त वंश के किस शासक ने 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की थी? – समुद्रगुप्त

### अगरेर थाना क्षेत्र के आकाशी गांव की घटना

# बच्चे का शव मिलने के बाद महिला को पीटकर मार डाला

संवाददाता। पटना

रोहतास जिला के अगरेर थाना क्षेत्र के आकाशी गांव में रविवार की रात खेलने के दौरान गुम हुए एक बच्चा का बोरे में शव मिलने के बाद लोग आक्रोशित हो गए. बच्चा का शव पड़ोसी के घर के पास खेत से मिलने की बाद पीड़ित परिवार के पक्ष के लोग हत्या किए जाने के आरोप लगा कर मारपीट करने लगे. मारपीट की घटना के दौरान एक महिला की मौत हो गई. आकाशी गांव निवासी जग्गु सिंह का तीन वर्षीय बेटा शिवम रविवार की शाम से ही लापता था, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी. गायब हुए बच्चा का शव रात में लगभग 9:30 बजे मिलने के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई. शव मिलने के बाद उग्र हुए लोग पड़ोसी दशरथ सिंह की 55 वर्षीय पत्नी चिंता देवी पर डायन का आरोप लगाते हुए लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे. जिसके कारण महिला की मौके पर मौत हो गई. घटना की सूचना पाते ही अगरेर थाना की पुलिस व एसडीपीओ दिलीप कुमार मौके पर पहुंच कर दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया.



*एसडीपीओ दिलीप कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना को देखते हुए गांव में पुलिस बल के माध्यम से चौकसी बरती जा रही है. एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले को लेकर अभी पीड़ित पक्षों का बयान लिया जा रहा है. इसके बाद दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की जाएंगी.*

## नवादा में युवक की पीट-पीटकर हत्या परिजनों ने दोस्त पर लगाया आरोप

**नवादा।** बिहार के नवादा में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर हत्या देने की घटना हुई है. बताया जा रहा है कि पिटाई के बाद घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी रविवार की मौत हो गई. मृतक के बड़े भाई ने हत्या का आरोप लगाया है. बता दें कि मामला नगर थाना क्षेत्र के साहेबचक गांव का है. दिवंगत मृतक की पहचान दिवंगत कृष्ण चौहान के 30 वर्षीय पुत्र मुकेश चौहान के रूप में हुई है. वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. मृतक के भाई महेंद्र चौहान ने आरोप लगाया है कि उसके भाई की पीट-पीटकर हत्या की गई है. बगल के गांव के ही एक युवक घर से बुलाकर पांच जनवरी को ले गए था और छह जनवरी को लहूलुहान अवस्था में मिर्जापुर इलाका में खून से लथपथ उसके भाई को पुलिस ने बरामद किया था और फिर अस्पताल में भर्ती कराया था. जानकारी मिलते ही हम लोग अस्पताल पहुंचे और फिर बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था. डॉक्टर के द्वारा आज उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया. मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया. हम लोगों ने एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है.

**जल्द ही पूरे मामला का खुलासा भी किया जाएगा : पुलिस**

आगे मृतक के भाई ने बताया कि हम लोगों को पूरी आशंका है कि उसके भाई की पीट-पीटकर हत्या उसके दोस्तों द्वारा ही की गई है. वहीं इस मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि युवक की मौत इलाज के क्रम में हुई है. आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी. कुछ लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. जल्द ही पूरे मामला का खुलासा भी किया जाएगा. परिजन ने जो हत्या का आरोप लगाया है. उसकी भी जांच की जा रही है.

### मकर संक्रांति : श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



भागलपुर : अजगैबीनाथ उत्तरवाहिनी गंगा घाट में गंगा स्नान करने वाले भक्तों की भीड़ सुबह से गंगा घाट में उमड़ गई. ऐसी मान्यता है कि आज के ही दिन अजगैबीनाथ के उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाने एवं भगवान भास्कर को जल चढ़ाकर दान पुण्य करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है.

## भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश को मिली धमकी

**पटना।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल को धमकी भरा कॉल आया है. बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल को फोन पर धमकी दी गई है और इस मामले को लेकर इकबाल ने पटना के कोतवाली थाने में शिकायत भी दर्ज करवा दी है. इकबाल को ये धमकी भरा कॉल शनिवार की रात को आया था, जिसकी शिकायत करने वो अगले दिन यानी रविवार को पहुंचे. धमकी भरे कॉल की रिपोर्ट दर्ज कराने जब बीजेपी प्रदेश प्रभारी पटना कोतवाली थाना पहुंचे तो उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की.

## महागठबंधन एक है इसलिए भाजपा वाले घबराये हैं : तेजस्वी

संवाददाता। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दस मिनट वाली मुलाकात पर अब सियासत तेज हो गई है. सोमवार को मकर संक्रांति पर राबड़ी आवास सामने से ना जाकर पीछे से घुसे और मीडिया को कोई बयान नहीं दिया. दस मिनट तक वो अंदर रहे फिर निकल गए. इसको लेकर अब उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से कहा कि मकर संक्रांति पर नीतीश कुमार हमारे घर आए, सभी मंत्री आए, सबका स्वागत किया गया. खुशियां बांटी जा रही हैं. महागठबंधन एकजुट है. नीतीश कुमार नाराज नहीं हैं. हर बार एक ही मुद्दे पर हम लोग सफाई क्यों दें? यह सब बेकार की बातें हैं. जबसे महागठबंधन बना तब से बीजेपी घबराई हुई है. लालू यादव और नीतीश कुमार साथ हैं इसलिए बीजेपी डरी हुई है. बिहार में महागठबंधन सरकार शिक्षकों को नौकरी दे रही है.

## कारोबार

## कल्याण ज्वेलर्स बिहार में खोलेगा तीन शोरूम

**नयी दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स इस महीने बिहार में तीन शोरूम खोलेगी. केरल स्थित कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, नए शोरूम बक्सर, हाजीपुर और पूर्णिया में खोले जाएंगे. इससे बिहार में उसके शोरूम की संख्या 13 हो जाएगी. कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरमण ने कहा कि इस बाजार में जबरदस्त संभावनाएं हैं. नए शोरूम खुलने से क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति और मजबूत होगी.

## उप्र में 500 इलेक्ट्रिक वाहन होगी तैनात

**नयी दिल्ली।** ईटीओ मोटर्स को उत्तर प्रदेश में 500 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन तैनात करने का ठेका मिला है. इसमें अयोध्या में विशेष तैनाती की जाएगी. ईटीओ मोटर्स की ओर से जारी बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) ने कंपनी को लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, मथुरा और गोरखपुर में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स को तैनात करने और प्रबंधित करने की जिम्मेदारी दी है. ईटीओ मोटर्स को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या पर विशेष ध्यान देने के साथ तैनाती शुरू करने के लिए प्राधिकरण प्राप्त हुआ है.

## गेट्स फाउंडेशन ने वार्षिक बजट की घोषणा की

**दावोस।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने 2024 के लिए 8.6 अरब अमेरिकी डॉलर के अपने सबसे बड़े वार्षिक बजट की सोमवार को घोषणा की. इसका एक हिस्सा स्वास्थ्य नवाचारों को आगे बढ़ाने में खर्च किया जाएगा. यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है. फाउंडेशन ने 2026 तक अपने वार्षिक खर्च को नौ अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता जतायी. दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से पहले फाउंडेशन ने यह घोषणा की. गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स, हम स्वास्थ्य के भविष्य के बारे में बात किए बिना मानवता के भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकते.

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जरूरत पर आईएमएफ चीफ क्रिस्टालिना बोलीं

# एआई जॉब सिक्योरिटी के लिए खतरनाक साबित होगा

संवाददता।

एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चर्चा इन दिनों पूरी दुनिया हो रही है. हर तरफ विशेषज्ञ इसके फायदे नुकसान का आकलन करने में लगे हैं. इस बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने भी अपने विचार रखे हैं. स्विटजरलैंड के दावोस में शुरू हुई वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक में शामिल होने से पहले जॉर्जीवा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनियाभर में जॉब सिक्योरिटी के लिए खतरनाक साबित होगा. एआई से विकसित देशों की 60% नौकरियां खतरे में आ जाएंगी. यह जॉब सिक्योरिटी के लिहाज से भी खतरनाक साबित होगा. हालांकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए अवसर पैदा करेगा. इसलिए एआई खतरनाक जरूर है लेकिन यह सभी को अवसर भी देगा. आईएमएफ की एक नई रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि विकासशील देशों में एआई का प्रभाव कम हो सकता है लेकिन वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियों पर एआई का असर पड़

**विकसित देशों की 60% नौकरियां खतरे में आ जाएंगी**




**मंथन जारी**

- एआई प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए अवसर पैदा करेगा
- दुनिया कर्ज के जाल से अभी तक नहीं निकल पाई है

सकता है. वहीं, उन्होंने 2024 के लिए दुनिया को चेताया है. उन्होंने कहा कि 2024 दुनिया भर की अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किल साल हो सकता है. दुनिया कोरोना के वक्त लिए गए कर्ज के जाल से अभी तक नहीं निकल पाई है. वहीं इस साल दुनिया में 60 से ज्यादा देशों में चुनाव हैं. ऐसे में सरकारें लोगों को लुभाने के लिए पैसे खर्च करेगी, इससे देशों पर कर्ज और बढ़ेगा.

सोमवार को आईएमएफ की नई रिपोर्ट पब्लिश हुई. इसमें अनुमान जताया गया है कि उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में लेबर मार्केट पर एआई का शुरुआती असर कम होगा. आईएमएफ चीफ ने कहा कि हमें विशेष रूप से कम आय वाले देशों को तेजी से आगे बढ़ने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ताकि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से बनने वाले अवसरों का लाभ उठा सकें. आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया कि दुनियाभर की आधी नौकरियों पर एआई का गलत असर पड़ेगा. बाकी बची आधी नौकरियों पर इसके अच्छे प्रभाव देखने को मिल सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खतरा उन देशों में सबसे ज्यादा होगा जहां हाई स्किल्ड जॉब की डिमांड होगी. जॉर्जीवा ने कहा कि एक तरफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से आपकी नौकरी पूरी तरह से खत्म हो सकती है, दूसरी तरफ नौकरियां बढ़ा सकती है. नौकरी के अवसर बढ़ेंगे तो आपकी प्रोडक्टिविटी भी बढ़ेगी. इससे इनकम, लिविंग स्टैंडर्ड भी बढ़ेगा. इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर होगा.

ओपनएआई के सीईओ और एआई चैटबोट 'चैट जीपीटी' के क्रिएटर सैम ऑल्टमैन का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइंस की खोजी गई सबसे परिवर्तनकारी तकनीक है. यह नए अवसर दे रही है. इंसान की तुलना में 100 गुना ज्यादा काम कर सकती है लेकिन मानव की बुद्धिमत्ता और रचनात्मकता को कभी लांघ नहीं पाएगी. 2024 दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे अहम साल साबित होने जा रहा है. इस साल 63 देशों (और यूरोपीय यूनियन) में प्रेसिडेंशियल या पार्लियामेंट्री इलेक्शन होंगे. दुनिया की कुल आबादी का 49% हिस्सा मताधिकार यानी वोटिंग राइट्स का इस्तेमाल करेगा. दुनियाभर में तेजी से बढ़ते ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के प्रयोग के चलते इनसानी नौकरियां घट रही हैं. लागत घटाने और मंदी की आशंका के नाम पर सबसे ज्यादा छंटनियां टेक्नोलॉजी से जुड़ी कंपनियों में ही हो रही हैं. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस न केवल इनसानों की जगह ले रहा है, बल्कि छंटनी करने के लिए भी एचआर अधिकारी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं.

### शेयर बाजार रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ

# बैंकिंग-आईटी में आई उछाल मार्केट 376 लाख करोड़ के पार

- सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 शेयर तेजी के साथ 9 गिरकर बंद हुए

एजेंसी। मुंबई

भारतीय शेयर बाजार के लिए इस हफ्ते का पहला कारोबारी सत्र बेहद शानदार रहा है. आईटी बैंकिंग और एनर्जी स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी की बदौलत शानदार तेजी. सोमवार को एक बार फिर सेंसेक्स और निफ्टी ऐतिहासिक हाई को छूने के बाद नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए. बाजार के बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 760 अंक के उछाल के साथ 73,327 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 203 अंकों की तेजी के साथ 22,097 पर बंद हुआ है. बीते दो दिनों में सेंसेक्स में 1600 और निफ्टी में 450 अंकों की तेजी देखने को मिली है.

सोमवार को कारोबारी सत्र में बैंकिंग, आईटी, ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, इंफ्रा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस सेक्टर के स्टॉक्स तेजी के साथ बंद हुए. केवल मीडिया और मेटल्स सेक्टर के शेयर ही लाल निशान में बंद हुए हैं. मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 शेयर तेजी के साथ और 9 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 32 तेजी के साथ और 18 गिरकर क्लोज हुए.

2.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ा मार्केट कैप : बाजार में जोरदार खरीदारी के चलते बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैपिटलाइजेशन रिकॉर्ड हाई 375 लाख करोड़ रुपये के पार 376.14 लाख करोड़ रुपये के लेवल पर जा पहुंचा है जो पिछले सत्र में 373.44 लाख करोड़ रुपये रहा था.

निवेशकों की संपत्ति में 2.70 लाख करोड़ रुपये का इजाफा देखने को मिला है. कारोबार करनेवालों में विप्रो 6.25 फीसदी, एचसीएल टेक 2.90 फीसदी, इंफोसिस 2.47 फीसदी, भारती एयरटेल 2.39 फीसदी, टेक महिंद्रा 2.34 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.97 फीसदी, रिलायंस 1.73 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. जबकि बजाज फाइनेंस 2.34 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.17 फीसदी, लार्सन 0.66 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.48 फीसदी, टाटा स्टील 0.26 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

**बनाया सक्षम** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य बोलीं-

# भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत हुईः आशिमा गोयल

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने सोमवार को कहा कि 2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटकों का सामना करने के बावजूद भारत की वृहद-बुनियाद मजबूत बनी हुई है. गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा कि देश की आर्थिक विविधता, पर्याप्त भंडार और व्यवहार्य सुधारों ने नीतियों को मुद्रास्फीति से निपटने में सक्षम बनाया है. अधिक से अधिक कंपनियों तथा उपभोक्ताओं के मुद्रास्फीति कम करने के लक्ष्य से आगे बढ़ने से अर्थव्यवस्था के इस



साल केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के चार प्रतिशत के लक्ष्य पर पहुंचने की उम्मीद है. उन्होंने कहा, 2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटके (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की कीमतें, हुती हमले) आए हैं. इनके बावजूद इस अवधि में भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत हुई हैं. अर्थशास्त्री ने कहा कि इन कारकों के कारण रुपया अपेक्षाकृत स्थिर रहा है. गोयल ने कहा, आर्थिक विविधता, पर्याप्त भंडार और व्यवहार्य सुधारों ने नीतियों को मुद्रास्फीति से निपटने में सक्षम बनाया है. हमारे पास महंगाई से निपटने की नीति को लागू करने और बाहरी झटकों को कम करने की क्षमता है. भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है. 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी. अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, वैश्विक वृद्धि 2022 में 3.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में तीन प्रतिशत और 2024 में 2.9 प्रतिशत होने का अनुमान है. ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों, दालों तथा मसालों की कीमतों में वृद्धि के कारण दिसंबर, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति चार महीनों में सबसे तेज गति से बढ़कर 5.69 प्रतिशत हो गई. सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य सौंपा है.

# थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हुई

एजेंसी। नयी दिल्ली

थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई. खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज उछाल से इसमें बढ़ोतरी हुई. थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी. नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, वस्तुओं, मशीनरी तथा उपकरण, विनिर्माण, परिवहन अन्य उपकरण तथा कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑप्टिकल उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि दिसंबर 2023 में थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी का कारण रही. खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 9.38 प्रतिशत रही, जो नवंबर में 8.18 प्रतिशत थी. दिसंबर में सब्जियों की महंगाई दर 26.30 प्रतिशत, जबकि दालों की महंगाई दर 19.60 प्रतिशत थी. पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर के लिए खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति में ब्याज दरों को स्थिर रखा था. साथ ही नवंबर और दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने के जोखिमों को चिह्नित किया था.

## ब्रीफ खबरें

### अयोध्या से आये अक्षत का किया वितरण

**धनबाद**। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज बेलडांगा गांव में घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र तथा अक्षत का वितरण किया गया. सौरभ तिवारी एवं उनके सहयोगियों ने घर घर जाकर निमंत्रण पत्र एवं अक्षत दिया. श्रीराम जन्मभूमि से आये अक्षत पाकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया.

### कुष्ठ रोगियों के बीच बांटे गए दही व तिलकुट

**धनबाद**। स्पंदन समाज सेवी संस्था से जुड़े समाज सेवियों ने अनाथ आश्रम और कुष्ठ रोगियों के बीच मकर संक्रांति के दिन सोमवार को दही-चूड़ा-तिलकुट बांटे. जानकारी के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सुबह से ही पूरा कोयलांचल स्नान कर पूजापाठ के बाद दही-चूड़ा-तिलकुट का लुत्फ उठा रहे थे, इसी बीच स्पंदन समाज सेवी संस्था के कई सदस्य हीरापुर स्थित हिंदू मिशन अनाथ आश्रम और महावीर नगर स्थित बरमसिया कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंदों के बीच चूड़ा, गुड़, दही और तिलकुट का वितरण किए. संस्था के सदस्यों ने बताया कि अनाथ आश्रम और कुष्ठ रोगियों को दही-चूड़ा व तिलकुट मिलने से उनके चेहरे खिल उठे.

### बीओआई में आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन

**चतरा**। टंडवा बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा परिसर में आधार सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन सोमवार को गाड़ीलौंग मुखिया सबिदा खातून, शाखा प्रबंधन शिसिर चौर्य, उप शाखा प्रबंधक धिरंजन कुमार संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. उद्घाटन के मौके पर मुखिया ने कहा मुखिया आधार में त्रुटि नया आधार बनाने के लिए ग्रामीणों को कहीं दूसरे स्थान पर नहीं जाने पड़ेगा. बैंक के कार्य के साथ साथ ग्रामीणों को अब बैंक परिसर में आधार का शुद्धिकरण करना आसान होगा.

### 20 व 21 को डायवर्ट होकर चलेगी गंगा-सतलज ट्रेन

**धनबाद**। नन इंटरलॉकिंग वर्क को लेकर 21 जनवरी तक गंगा-सतलज व दून समेत कई ट्रेनें डायवर्ट होकर चलेंगी. रेलवे सूत्रों के अनुसार लखनऊ रेल मंडल के बाराबंकी-अयोध्या-शाहगंज-जफराबाद रेलखंड पर नन इंटरलॉकिंग वर्क हो रहा है. इस दौरान 21 जनवरी तक ट्रेनें वाराणसी-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ के रास्ते चलेगी. 20 व 21 जनवरी तक डायवर्ट होकर चलनेवाली ट्रेनों में ट्रेन नंबर 13009 हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस है.

### कोनकेल में जंगली हाथियों का उत्पात

**गुमला**। चैनपुर मुख्यालय के कोनकेल में सोमवार की अहले सुबह करीब 3:30 बजे ग्रेगोरी मिंज के घर को तीन जंगली हाथियों के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया. साथ ही घर मे रखे सामानों को नष्ट कर दिया घटना के संबंध में पीड़ित घर मालिक ग्रेगोरी मिंज ने बताया कि सोमवार की अहले सुबह करीब 3:30 अचानक घर की दीवार गिरने की आवाज आयी. सभी ओर से गांव वालों के चिल्लाने की आवाज सुन कर हम समझ गए कि हाथी ने हमारे घर के दीवार को गिरा दिया है.

### जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाला मशाल जुलूस

**पलामू**। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ज्वाला न्याय की ज्योति प्रेम की कार्यक्रम के तहत मशाल जलाकर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में मेदिनीनगर शहर में मशाल जुलूस निकाला गया. इस मशाल जुलूस के माध्यम से यह संदेश संकल्प दिया कि हम हर घर हर गली हर मोहल्ले तक न्याय का हक मिलने तक कार्य करेंगे. यह ज्वाला जलती रहेगी. इस ज्योति के प्रकाश में अंधेरे को मिटना पड़ेगा.

### भारत जोड़ो यात्रा के क्रम में गोड्डा आयेंगे राहुल

**गोड्डा**। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में राहुल गांधी गोड्डा की यात्रा करेंगे. इस बात की जानकारी देते हुए पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय यात्रा के क्रम में राहुल गांधी का गोड्डा आने का कार्यक्रम तय हुआ है. अभी विस्तृत कार्यक्रम और समय की सूची नहीं बन पाई है. लेकिन, जल्द ही इसकी सूचना दी जाएगी. यादव ने कहा कि गोड्डा कांग्रेस का कर्म क्षेत्र रहा है. गोड्डा सीट से पार्टी को बहुत सारी उम्मीदें हैं.

---

#### तालझारी प्रखंड की बड़ा दुर्गा पंचायत में कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का आदिवासी नृत्य से स्वागत

**संवाददाता। साहिबगंज**



पीएम, जनमन कार्यक्रम के तहत समस्त भारत में पीवीटीजी समुदायों के समग्र उत्थान के उद्देश्य से जनजातीय मामले मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा सोमवार को पीएम जनमन अभियान शुरू किया गया है. वहीं जिले के तालझारी प्रखंड के बड़ा दुर्गापुर पंचायत के फुटबाल मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वहीं तालझारी प्रखंड के बड़ा दुर्गा पंचायत में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री अश्विनी चौबे साहिबगंज पहुंचे. उनका पारंपरिक आदिवासी नृत्य से स्वागत किया गया. इस दौरान वह अभिवादन स्वीकार करते हुए मांदर कि थाप पर थिरकते और ढ़ोल बजाते हुए भी दिखे.

केंद्रीय मंत्री का साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव ने पौधा देकर उनका स्वागत किया तथा केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी एवं अन्य पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने जनसभा को संबोधित करते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हर आदिवासी पहाड़िया एवं पीवीटीजी समुदाय की ग्रामीणों तक पानी सड़क बिजली पहुंचाने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है. केंद्रीय मंत्री ने अपने कहा कि देश के लगभग 220 जिलों में हमारा यह जनजाति समूह आवास करता है. प्रथम चरण के कार्यक्रम में हम कई लाभुकों को लाभ देना सुनिश्चित कर रहे हैं.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- अफ्रीका के किस अश्वेत राष्ट्र को सर्वप्रथम स्वाधीनता मिली – घाना
- होपमैन कप किस खेल से संबंधित है – टेनिस
- अकबर का जन्म कहां हुआ था – अमरकोट
- यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहां है – ब्रुसेल्स
- कटक किस नदी पर बसा है – महानदी
- कत्था बनाने में किस पेड़ की लकड़ी का प्रयोग होता है – खैर
- इजराइल की संसद को क्या कहा जाता है – नेसेट
- भारत की संविधान सभा की पहली बैठक कब हुई – 1946
- भारत का पहला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक – प्रथमा बैंक
- भारत का सबसे प्राचीनतम संगीत-यंत्र – वीणा

---

#### बाबूलाल ने मुक्तेश्वरधाम शिव मंदिर की सफाई करने के बाद की पूजा

# पूर्व सीएम बाबूलाल ने गंगा में लगाई डुबकी

**संवाददाता। साहिबगंज**



**किया स्नान**

- बाबूलाल ने स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक
- तिल, चावल, दाल, आलू व पैसे पुरोहित को दान में दिए
- बाबूलाल ने साहिबगंज में भाजपा कार्यालय पहुंचे

झारखंड राज्य के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मकर संक्रांति के दिन सोमवार को गंगा में स्नान किया. उन्होंने बिजली घाट मुक्तेश्वरधाम शिव मंदिर की सफाई करने के बाद पूजा-अर्चना भी की. वहीं गंगा स्नान करने के बाद मंदिर में बाबूलाल मरांडी ने मकर संक्रांति के दिन सफाई की. उसके बाद बाबूलाल मरांडी मुक्तेश्वर धाम शिव मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर की अपने हाथों से सफाई की. साहिबगंज में मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान करते हुए बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने वहां मौजूद लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. इसके बाद वह ओझा टोली गंगा घाट पहुंचे और गंगा में डुबकी लगाई. मंदिर में पूजा करने के बाद बाहर निकलते हुए गंगा स्नान करने के बाद बाबूलाल मरांडी ने गंगा घाट पर स्थित बाबा गंगेश्वर नाथ धाम शिव मंदिर में भोलेनाथ की पूजा की. उन्होंने तिल, आटा, चीनी, चावल, दाल, आलू व पैसे पुरोहित को दान में दिए. साहिबगंज में बीजेपी ऑफिस में रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए. इसके बाद भाजपा नेता ओल्ड साहिबगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे. उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और कार्यालय के रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए. ज्ञात हो कि बाबूलाल मरांडी रविवार को दो दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचे थे. इस मौके पर राजमहल विधानसभा के विधायक अनंत ओझा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदरश यादव, भाजपा नेता रामानंद साह, चंद्रभान शर्मा, गणेश तिवारी, बाबूधन मुर्मू, धर्मेंद्र कुमार, रेणुका मुर्मू, कौशल किशोर ओझा, जयप्रकाश सिन्हा सहित दर्जनों भाजपा नेता मौजूद थे.

### प्रकृति प्रेम का प्रतीक है सोहराय पर्व : नुनूलाल मरांडी

**गावां**। गावां प्रखंड के गोरियांचू में सोमवार को सोहराय मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता नुनूलाल मरांडी व झामुमो जिला उपाध्यक्ष इमरान अंसारी उपस्थित थे. इस अवसर पर अतिथि का स्वागत लोटा पानी एवं सोहराय नृत्य संगीत द्वारा किया गया. मुख्यअतिथि नुनूलाल मरांडी ने कहा कि सोहराय पर्व मानव सृष्टि और प्रकृति पूजा का उत्सव है. यह त्यौहार आदिवासी लोगों की समृद्ध और जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करता है. हमें अपने आस पास प्रकृति को बचाने के लिए पेड़ पौधे का संरक्षण करना जरूरी है. उन्होंने कहा कि इस पर्व की खास बात यह है कि यह एक-दूसरे को आपस में जोड़ता है. झामुमो जिला उपाध्यक्ष इमरान अंसारी ने कहा कि आज सोहराय हमारे लिए मेल-मिलाव एवं एकता का पर्व है. यह पर्व हम अपने प्रकृति एवं धन-धान्य व ईष्ट देवता की पूजा करने के लिए मनाते है. उन्होंने कहा कि सोहराय पर्व आदिवासी गांव में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, यह एक महान पर्व है. आदिवासी गांव के लोग इस त्यौहार को एक पखवारा के रूप में मनाते है. यह पर्व प्रकृति, पशु, धन-सम्पदा एवं मानव कल्याण जुड़ा त्योहार है. जहां हमें सामाजिक सदभावना का एहसास होता है. यह पर्व हमारे पर्यावरण एवं प्रकृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित करते है. मौके पर सुशील टुडु, मुनील टुडु, ब्रह्मदेव टुडु, रामु राय, सुरेश हेम्ब्रम, अनिल टुडु, संजय मरांडी, दीपक हेम्ब्रम, रमेश मरांडी समेत सैकड़ो महिलाएं व पुरुष मौजूद थे.

### गुप्ता फ्यूल के प्रबंधक के पिता का निधन

**महुदा**। महुदा मोड़ स्थित गुप्ता फ्यूल के प्रबन्धक राजकुमार सिंह के पिता देववंश सिंह (उम्र 90 वर्ष) का निधन सोमवार को हो गया .निधन की खबर से इलाके में शोक है. वही दिवंगत के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर लोगों की भीड़ लग गई. देववंश सिंह के निधन पर विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो, काण्डरा पंचायत की मुखिया रिंकु देवी, कामेश्वर सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, बिरेन्द्र कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, श्यामलाल महतो, कमल महतो, बलराम महतो, धुरन हरि, शिव प्रसाद हरि, सुधीर महतो ने शोक संवेदना प्रकट की है.

## कुमारधुबी स्टील फैक्ट्री के विस्तारीकरण पर जनसुनवाई




**संवाददाता। मैथन**

कुमारधुबी स्टील फैक्ट्री का विस्तारीकरण को लेकर सोमवार को मुगमा डाक बंगला में प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से जनसुनवाई हुई. जनसुनवाई में एलआरडीसी सतीश चन्द्र, पर्यावरण से जुड़े गौरव जैन, राजेन्द्र प्रसाद, जीतेन्द्र प्रसाद, निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार, एग्यारकुण्ड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी व अन्य अधिकारी शामिल थे. फैक्ट्री संचालक प्रभु सिंह ने पदाधिकारियों से फैक्ट्री विस्तारीकरण की अनुमति देने का आग्रह किया.

## गुरुपर्व को लेकर साकची में अखंड पाठ शुरू

**संवाददाता। जमशेदपुर**



श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें प्रकाशोत्सव के ध्यानार्थ साकची गुरुद्वारा परिसर में सोमवार को श्री गुरु ग्रन्थ साहिब की अलौकिक बाणी अखंड पाठ का आरंभ हुआ. साथ ही साथ प्रभात फेरी भ्रमण के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने घूम-घूम कर गुरबाणी प्रचार-प्रसार के माध्यम से संगत को गुरुपर्व में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया. मंगलवार को प्रभात फेरी का अंतिम दिन होगा, इसको स्मरण रखते हुए समाजसेवी सरदार अमरप्रीत सिंह काले ने अपने निवास स्थान पर दर्शन के लिए प्रभात फेरी को आमंत्रित किया है.

वहीं दर्शनाभिलाषी काले भी टीम सहित प्रभात फेरी के भव्य स्वागत के लिए तैयारियों में जुट गए हैं. बहरहाल, प्रकाशपर्व पर 17 और 18 जनवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय महान कीर्तन दरबार के लिए भी सभी तैयारियां अंतिम चरण पर हैं. साकची गुरुद्वारा साहिब में श्री दरबार साहिब, अमृतसर से महान कीर्तनीये भाई साहिब भाई करनजीत सिंह साकची गुरुद्वारा में अपने मधुर गुरबाणी से संगत को निहाल करने के लिए टाटानगर पहुंच रहें हैं. इनके अलावा भाई बलदेव सिंह और परमजीत सिंह जेठुवाल ढाढी जत्था, अमृतसर का भी कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए जमशेदपुर आगमन हो रहा है. साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह और महासचिव परमजीत सिंह काले ने विस्तारपूर्वक बताया कि भाई साहिब भाई करनजीत सिंह गुरबाणी रस से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे. जबकि ढाढी जत्था भाई बलदेव सिंह और परमजीत सिंह जेठुवाल अमृतसर वाले वीररस द्वारा गुरु महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे. जमशेदपुर के कवि भाई साहब भाई साहब भाई संदीप सिंह जगदी टकसाल, भाई साहब भाई गुरदीप सिंह निक्कू टाटानगरवाले के साथ-साथ साकची गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी ज्ञानी अमृतपाल सिंह मन्नन और सुखजिंदर सिंह भी मौके पर सुबह और शाम के दिवान में श्रद्धालुओं को गुरबाणी से जोड़ेंगे. निशान सिंह ने कहा कि दोनों दिन गुरु का अटूट लंगर संगत को पंगत में बैठकर छकाया जायेगा.

---

## मोदी के नेतृत्व में प्रगति कर रहा है देश : अर्जुन



**संवाददाता। लोहरदगा**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार को बिशुनपुर से रांची जाने के क्रम में गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में एक साधारण कार्यक्रम में उपस्थित हुए. कार्यक्रम में कई संस्थाओं ने उन्हें स्वागत किया, जिनमें सेवा भारती लोहरदगा के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह, सचिव जय प्रकाश शर्मा ने अंग वस्त्र एवं श्रीमद भागवत गीता भेंट देकर सम्मानित किया. साथ में भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद, आर्य वीर दल एवं महिला शक्ति ने भी अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर उन्हें सम्मानित किया. मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगति की ओर बढ़ता चला जा रहा है. गुमला जिलाध्यक्ष के बिशनपुर में प्रधानमंत्री जी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया गया. जिसमें इन जिलों में कई योजनाओं पर प्रधानमंत्री ने सहमति प्रदान की. किसानों के उत्थान, कई सड़कों के साथ-साथ इस क्षेत्र में बनने वाले प्रधानमंत्री आवासीय योजना के राशि में बढ़ोतरी करने की सहमति दी है.

### पीएम ने पहाड़िया जनजाति से किया सीधा संवाद

**गोड्डा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जनमन अभियान के तहत झारखंड के जनजातीय समुदाय के लोगों से मीडिया के माध्यम से सीधा संवाद किया. इस अवसर पर बोआरीजोर प्रखंड क्षेत्र के बाबूपुर पंचायत के पंचायत भवन परिसर में बोआरीजोर प्रखंड क्षेत्र के काफी संख्या में पहाड़िया जनजातिय समुदाय के लोग इकट्ठे हुए थे. जिन्होंने प्रधानमंत्री के संवाद को गौर से सुना. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहाड़िया जनजाति के लोगों के विकास एवं उत्थान पर बात किया. सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं से उनके जीवन में किस प्रकार परिवर्तन हुआ इसकी भी जानकारी पीएम ने पहाड़िया, आदिवासियों से लिया. मौके पर पंचायत भवन परिसर में सरकारी योजनाओं से संबंधित अनेको स्टॉल लगाए गए थे. मौके पर डीडीसी अस्मिता टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा राजीव कुमार, बोआरीजोर प्रमुख जसीनता हेंब्रम, बाबूपुर पंचायत के मुखिया अंजला सोरेन सहित काफी संख्या में पहाड़िया आदिवासी जनता मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## हर्ल एमडी ने किया कारखाने का दौरा

**संवाददाता। सिंदरी**



**आए एमडी**

- पीएम का दौरा जनवरी के अंतिम सप्ताह में रखा गया है
- प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन तैयार
- एमडी का फोकस उत्पादन को सतत बनाए रखने की है

हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड सिंदरी खाद कारखाने का प्रस्तावित उद्घाटन 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से होने को लेकर हर्ल एमडी डॉ शिब प्रसाद मोहंती ने कारखाने का दौरा किया. उन्होंने जिला प्रशासन से मुलाकात सहित कारखाने में लगभग 4 घंटे का दौरा किया. हर्ल एमडी ने बताया कि इस दौरे में उन्होंने हर्ल हैलीपैड, बलियापुर हवाई पट्टी का निरीक्षण भी किया. बताया कि हर्ल हैलीपैड भी बनकर तैयार है. पीएम का दौरा जनवरी के अंतिम सप्ताह में रखा गया है. तिथि को लेकर संशय बरकरार है. प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हर्ल के औपचारिक उद्घाटन सहित धनबाद से झारखंड की राजनीति को साधने के लिए आ रहे प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हर्ल प्रबंधन व जिला प्रशासन तैयारी कर रहा है. इसको लेकर एकदिवसीय प्रवास पर हर्ल एमडी डॉ शिब प्रसाद मोहंती हर्ल के उच्चाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की और निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 27 जनवरी के प्रस्तावित दौरे की पूरी तैयारी कर लें. हर्ल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार हर्ल में भी हैलीपेड बनकर तैयार है. परंतु 27 जनवरी को धनबाद दौरे का कार्यक्रम कहां कहां होना है, इसपर अभी अंतिम रूप देना बाकी है. हर्ल एमडी के दौरे के बाद परंतु पीएम का प्रस्तावित दौरे लगभग तय माना जा रहा है. परंतु अधिकृत घोषणा जिला प्रशासन तय करेगा. हर्ल एमडी का फोकस प्रोजेक्ट का उद्घाटन होने तक प्रोजेक्ट के उत्पादन को सतत बनाए रखने की है. हर्ल उच्च प्रबंधन के अनुसार प्रोजेक्ट का उत्पादन निर्बाध गति से हो रहा है और पीएम के उद्घाटन होने तक उत्पादन मे किसी अवरोध की संभावना नही है.

### नए साल में गोड्डा को मिला नया तोहफा

**गोड्डा**। रेल मंत्रालय की ओर से नए साल पर गोड्डावासियों को नया तोहफा दिया गया है. अब गोड्डा के लोग अब सीधे अयोध्या तक जा सकेंगे. गोड्डा से भगवान राम के दर्शन करने जानेवाले श्रद्धालुओं के लिए गोड्डा लखनऊ ट्रेन सेवा जल्द शुरू होने वाली है. इससे संबंधित विभागीय पत्र सोमवार को रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक द्वारा जारी कर दी गई. समय सारणी के और रूट चार्ट के साथ जारी को गई अधिसूचना के मुताबिक यह साप्ताहिक ट्रेन होगी जो प्रत्येक शुक्रवार को दिन के 15.35 बजे गोमतीनगर (लखनऊ) से खुलने के बाद बाराबंकी, भुरवाल, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी,सिवान,छपरा, सोनपुर, हाजीपुर बरौनी बेगूसराय,मुंगेर, सुल्तानगंज, भागलपुर, बाराहाट हंसडीहा होते हुए दूसरे दिन शनिवार को दिन के 11.10 बजे गोड्डा स्टेशन पहुंचेगी. शनिवार को दिन के 14.10 गोड्डा स्टेशन से खुलकर दूसरे दिन रविवार की संध्या 7.30 बजे गोमतीनगर स्टेशन पहुंचेगी.

---

**मेला** | विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला में पुलिस बल की तैनाती की गयी है

# अनुमंडल क्षेत्र में टुसू मेले का दौर हो गया अब शुरू

**दिलीप। चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मकर संक्रांति पर लगने वाले टुसू मेला का दौर शुरू हो गया है. मकर संक्रांति के मौके पर सोमवार को चांडिल प्रखंड के ऐतिहासिक जयदा मेला का शुभारंभ हुआ. मेला का समापन 19 जनवरी को होगा. मेला में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मेला आयोजन समिति और पुलिस-प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किया गया है. विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला परिसर में सादे लिबास में भी पुलिस बल की तैनाती किया गया है. वहीं महिला पुलिस बल को भी जगह-जगह तैनात किया गया है. मेला में लोगों के सहायता के



**ऐतिहासिक छाता मेले में उमड़े लोग**

मकर संक्रांति के दिन लगने वाले ऐतिहासिक छाता पोखर मेला में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा. कुकड़ू प्रखंड के ऐतिहासिक छाता पोखर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सैलाब उमड़ा. सुबह से श्रद्धालु छाता पोखर में आस्था की डुबकी लगाकर परिवार की सुख समृद्धि और शांति के लिए मन्नते मांगी. कहा जाता है कि महाराज विक्रमादित्य ने अपने पत्नी प्रभावती देवी की स्नान के लिए दैविक शक्ति से एक रात में ही विशाल छाता पोखर का निर्माण किया और बीच में छाता मां की मंदिर का निर्माण करवायसा था.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर झूमे लोग

मेला में सरायकेला-खरसावां जिला के जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, झामुमो के वरिष्ठ नेता सह संस्कृतिप्रेमी सुखराम हेंब्रम समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए. सभी ने मेला की परंपरा और उसके इतिहास के बारे में बताया. छाता पोखर मेला में सोमवार को पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम से पहुंचे कलाकार झुमुरानी महतो के दल द्वारा मनमोहक गीत, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया.

### पेज एक का शेष

**मोदी की गारंटी...**

पीएम ने शशिकिरण से कहा कि 10 वर्षों से लगातार कोशिश हो रही है कि हर इलाके में हकदार और जरूरतमंद तक योजनाओं का पहुंचे और यही मोदी की गारंटी है. पीएम ने कहा कि इस वर्ष सभी जनजाति दीपावली का पर्व पक्के घर में मनाएंगे.

**अरुण योगीराज की बनाई**

चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए बुधवार से पूजन विधि शुरू होगी और यह 21 तक चलेगी. 22 जनवरी को मूर्ति गर्भ गृह में स्थापित की जाएगी. 12 बजे से शुरू होकर 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो जाएगी. इसके बाद सभी महानुभाव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मनोभाव प्रकट करेंगे.

**अमीरों की दौलत दोगुनी**

ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अंतरिम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमिताभ बेहर ने बताया कि हम बंटवारे के दशक की शुरुआत देख रहे हैं. अरबों लोग महामारी, आर्थिक बदहाली, महंगाई और युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं. वहीं अरबपतियों की संपत्ति में उछाल आ रहा है. यह असमानता अचानक से नहीं आई है. अरबपति लोग यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मौजूदा व्यवस्था अन्य सभी की कीमत पर उन्हें ज्यादा फायदा पहुंचाए. बेहर ने आरोप लगाए कि ''कॉरपोरेट का रवैया और एकाधिकारवादी शक्तियों की वजह से दुनिया में असमानता बढ़ रही है. कामगारों को दबा कर, टैक्स छूट का फायदा लेकर, सरकारी कंपनियों का निजीकरण करके, जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देकर अमीर लोग अपनी संपत्ति को बढ़ा रहे हैं. साथ ही वह सत्ता का दुरूपयोग भी करके हमारे अधिकारों, लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर में निजी सेक्टर कम टैक्स दरों, व्यवस्था की खामियों और अपारदर्शिता को बढ़ावा दे रहे हैं. टैक्स को लेकर नीति निर्धारण में होने वाली लॉबिंग से टैक्स दरों को कम रखा जा रहा है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है, जबकि यही पैसा गरीबों के कल्याण पर खर्च हो सकता था.

## विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियाल ने मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराया

# रियाल मैड्रिड ने बार्सिलोना को हराकर जीता स्पेनिश सुपर कप

**भाषा । रियाद (सऊदी अरब)**

विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता. विनीसियस ने रविवार को खेले गए मैच में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए जिससे रियाल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा. रियाल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता. बर्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है. विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया. रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं. विनीसियस ने मैच के बाद कहा कि यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं. मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं.

### रियाल चैंपियन

- विनीसियस ने अपने तीनों गोल पहले हाफ में किये थे
- इससे मैच जीतने में रियाल को काफी मदद मिली



### दोनों ही दिग्गजों के बीच कड़ी टक्कर होती थी

बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है. हमने शानदार खेल दिखाया. रियाल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया. उल्लेखनीय है कि एक वक्त बार्सिलोना के लिए लियोनेल मेसी खेलते थे तो दूसरी ओर रियाल मैड्रिड से क्रिस्टियानो रोनाल्डो थे. दोनों ही दिग्गजों के बीच कड़ी टक्कर होती थी. दोनों टीमों के खिलाड़ी एक-एक गोल के लिए जान लगा देते थे. इस मैच का फैंस के बीच काफी हाइप होती थी और इंतजार भी होता था, लेकिन जब से इन दोनों दिग्गजों ने टीमों को अलविदा कहा है तब से इस मैच में वो बात नहीं रह गई है.

## आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- भारत की सबसे पुरानी हॉकी टूर्नामेंट – **बेटन कप**
- जापान के राष्ट्रीय खेल है – **जूडो**
- आइस हॉकी किस देश का राष्ट्रीय खेल है – **कनाडा**
- साइकिलिंग का खेल परिसर को कहा जाता है – **वेलोड्रम**
- स्पर्श रेखा किस खेल से संबंधित है – **कबड्डी**
- किस खेल का परिसर डायमंड कहलाता है – **बेसबॉल**
- सोमा विश्वास का संबंध किस खेल से है – **एथलेटिक्स**
- बुलफाइटिंग किस देश का राष्ट्रीय खेल है – **स्पेन**
- बृजमोहन बिड़ला मेमोरियल कप संबंधित है – **पोलो**
- पॉकेट डायनेमो के नाम से प्रसिद्ध खिलाड़ी – **केडी जाधव**



## ब्रीफ खबरें

### जापान और ईरान की एशिया कप में बड़ी जीत

**अल रेयान (कतर)** । खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए एशिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की. रिकॉर्ड चार बार के चैंपियन जापान ने ग्रुप डी में शानदार वापसी करके वियतनाम को 4-2 से हराया जबकि ईरान ने ग्रुप सी में फिलीस्तीन को 4-1 से करारी शिकस्त दी. जापान पिछले दो बार से यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी हासिल करने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है. एक अन्य मैच में हांगकांग के फिलिप चान सिउ क्वान ने एशियाई कप के इतिहास में 1,000वां गोल किया, लेकिन उनकी टीम को संयुक्त अरब अमीरात से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा.

### बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर इंडिया ओपन से हटे

**नयी दिल्ली** । डेनमार्क के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन अस्वस्थ होने के कारण मंगलवार से यहां शुरू होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से हट गए हैं. एक्सेलसेन मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गए थे. वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चीन के वाईक्यू शी से हार गए थे. एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा, ''शनिवार को मैच के बाद मैं बीमार पड़ गया और अभी मलेशिया में उपचार कर रहा हूं. मुझे अतिरिक्त जांच करवाने के लिए कहा गया है. इंडिया ओपन में एक्सेलसेन को शीर्ष वरीयता दी गई थी. इस स्टार खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से हटने को निराशाजनक बताया.

### तुर्किये ने नफरत भड़काने का लगाया आरोप

**अंकारा** । तुर्किये ने हमास द्वारा बंधक बनाये गए लोगों के प्रति एक शीर्ष फुटबॉल लीग मैच के दौरान एकजुटता दिखाने वाले इस्राइली फुटबॉल खिलाड़ी सागिव जेहेकेल पर नफरत भड़काने का आरोप लगाया है. उसे सुनवाई पूरी होने तक हिरासत से रिहा कर दिया गया है. अंताल्यास्पोर टीम के इस खिलाड़ी को रविवार की रात पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया था. उसने मैच के दौरान अपनी कलाई पर पट्टी बांध रखी थी जिस पर लिखा था 100 डेज 7.10. इस्राइल के इस खिलाड़ी ने पुलिस से कहा कि वह सिर्फ इतना चाहता था कि जंग खत्म हो जाये. कानून मंत्री यिलमाज तुंक ने कहा कि जेहेकेल पर नफरत फैलाने के आरोप लगाये गए हैं.

## एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शूटर मानवजीत के खेलने पर लगी रोक

# राजनीति कर रहे हैं निदेशक: संधू

**भाषा । नयी दिल्ली**

- संधू की बंदूक को अयोग्य मानते हुए कर दिया वीटो
- टूर्नामेंट के निदेशक हैं कुवैत के हसन बिनहदिया

**17** ओलंपिक कोटा मिल चुका है निशानेबाजी में भारत को

**2016** रियो ओलंपिक में भाग ले चुके हैं मानवजीत



पेरिस ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से लेकर 11 अगस्त तक होना है. खेलों के इस महाकुंभ के लिए तैयारियां जोरो पर हैं. पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए निशानेबाजी इवेंट के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी खेले जा रहे हैं. अब तक निशानेबाजी में भारत को 17 ओलंपिक कोटा मिल चुका है. निशानेबाजी में एक बड़ा विवाद भी सामने आया है. कुवैत में हुई एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में भारतीय ट्रैप शूटर मानवजीत सिंह संधू को खेलने से रोक दिया गया. टूर्नामेंट के निदेशक ने मानवजीत की बंदूक को अयोग्य मानते हुए वीटो कर दिया. इसके बाद जूरी के अध्यक्ष हसन बिनहदिया ने मानवजीत को अयोग्य ठहराते हुए लिखा कि जूरी ने शूटर को बंदूक का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है. हसन बिनहदिया कुवैत के रहने वाले हैं.

इस अनुभवी निशानेबाज ने हालांकि इसके लिए राजनीति को जिम्मेदार ठहराया है. मानवजीत ने आरोप लगाया कि टूर्नामेंट के निदेशक (अब्दुल्लाह हमीदी) राजनीति कर रहे हैं, क्योंकि वे भारत के ओलंपिक कोटा जीतने से घबराए हुए थे. मानवजीत ने कहा कि उन्होंने मेरी बंदूक की जांच कर मुझे सौंप दिया. इस बीच पता चला कि टूर्नामेंट निदेशक ने मेरी बंदूक को मंजूरी देने के खिलाफ वीटो कर दिया. मैं इसे आईएसएसएफ के माध्यम से उठाऊंगा. जब वह बंदूक की जांच समिति में शामिल नहीं है तो भी ऐसा कैसे कर सकते हैं.

### मानवजीत संधू न्याय के लिए एथलीट आयोग से संपर्क करने की अब योजना बना रहे हैं

मानवजीत ने कहा कि इस टूर्नामेंट निदेशक का हमारे खिलाफ इस तरह की कदम उठाने का इतिहास रहा है. वह उपकरण जूरी का हिस्सा नहीं है. लेकिन नियमों के तहत सुबह हम उपकरण जूरी के पास गए तब उन्होंने मेरी बंदूक को पास कर दिया. मानवजीत ने बताया कि उन्होंने इसी बंदूक से 2016 रियो ओलंपिक और कई विश्व कप भी भागीदारी की है. 47 साल के मानवजीत सिंह संधू ने तीन साल से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की है. विश्व चैम्पियनशिप (2006) के स्वर्ण पदक विजेता रहे मानवजीत इस मामले में न्याय के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के एथलीट आयोग से संपर्क करने और अन्य कानूनी विकल्प तलाशने की योजना बना रहे हैं. नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) इस पूरे मामले में मानवजीत के साथ खड़ा है. एनआरएआई ने अपीली जूरी को बताया है कि यह निशानेबाज किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लेना चाहता था.

### योगेश सिंह ने स्टैंडर्ड पिस्टल में स्वर्ण जीता

एशियाई राइफल और पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों ने स्वर्ण पदक जीतने का सिलसिला रविवार को भी जारी रखा. 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में योगेश सिंह ने 572 का स्कोर कर स्वर्ण जीता. उन्होंने अमित (565) और ओमप्रकाश (553) के साथ मिलकर टीम का स्वर्ण जीता.

### मानवजीत संधू को शनिवार को ही अभ्यास सत्र में भाग नहीं लेने दिया गया था

मानवजीत को शनिवार को अभ्यास सत्र में भाग नहीं लेने दिया गया था, जबकि रविवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था. उनकी बंदूक को दोषपूर्ण करार देकर यह फैसला किया गया था. जिन दो नियमों के तहत मानवजीत की बंदूक को दोषपूर्ण करार दिया गया था, वे 9.4.2.11 और 9.4.1 (ए,बी) हैं. चोपड़ा ने मानवजीत के बचाव में जूरी को लिखा, 'नियम 9.4.2.11 में 'बट रिकॉइल पैड' पर किसी भी ऊंचाई को लेकर प्रतिबंध का उल्लेख नहीं है. नियम 9.4.1 (ए, बी) अनुचित लाभ से संबंधित है. इसके बारे में चोपड़ा ने लिखा है, 'यह नियम लागू ही नहीं होता है क्योंकि इस मामले में किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लिया गया है क्योंकि निशानेबाज ने किसी तरह से इलेक्ट्रॉनिक या अन्य तरह की सहायता नहीं ली है. मानवजीत शानदार फॉर्म में थे और उनके पास इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका था.

## 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स

# झारखंड की संघमित्रा और अमित ने जीते कांस्य पदक

**संवाददाता । रांची**



भारतीय एथलेटिक्स संघ और बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 15 जनवरी को गया (बिहार) में संपन्न 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने दो कांस्य पदक जीते हैं. बालिका अंडर 20 के छह किलो मीटर दौड़ में झारखंड की संघमित्रा महथा ने 21:14.00 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता. इस स्पर्धा में बेबी (उत्तर प्रदेश) ने 20:50.0 और रजत सोनम (दिल्ली) 21:10.0 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक जीता. बालक अंडर 16 आयु वर्ग में दो किलो मीटर दौड़ में झारखंड के अमित कुमार महतो ने 5:42.00 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता. इस स्पर्धा का स्वर्ण सचिन रावत (दिल्ली) ने 5:37.0 सेकेंड और रजत अनिल कुमार (उत्तर प्रदेश) 5:39.0 सेकेंड के साथ जीता. इस उपलब्धि पर खेल संघ के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी.

## डिपफेक वीडियो

# सचिन तेंदुलकर ने अपने फर्जी वीडियो का किया खुलासा

**भाषा । नयी दिल्ली**



दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोमवार को उस वीडियो को फर्जी करार दिया जिसमें उन्हें गेमिंग से जुड़े एक एप्लिकेशन (ऐप) का प्रचार करते हुए दिखाया गया है. यह एप्लिकेशन उपयोगकर्ताओं को आसानी से पैसे कमाने का लालच देता है. इस वीडियो में तेंदुलकर को इस एप्लिकेशन की खूबियों के बारे में बताते हुए दिखाया गया है. वह कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता था कि पैसा कमाना इतना आसान हो गया है तथा उनकी बेटी भी इसका उपयोग करती है. सर्वकालिक महान क्रिकेटरों में से एक तेंदुलकर ने इस वीडियो के साथ संदेश पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग पर चिंता जताई है. तेंदुलकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ये वीडियो फर्जी हैं. टेक्नोलॉजी का इस तरह से दुरुपयोग परेशान करने वाला है. सभी से अनुरोध है कि वे इस तरह के वीडियो, विज्ञापन और ऐप की बड़ी संख्या में रिपोर्ट करें.

# कई तरह के शॉट खेलना ईश्वर का उपहार है : दुबे

**भाषा । इंदौर**



लंबे छक्के जड़ने में माहिर भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने सोमवार को कहा कि स्पिनरों के खिलाफ कई तरह के शॉट खेलना उनके लिए ईश्वर का उपहार है लेकिन तेज और उछाल लेती गेंदों का अच्छी तरह से सामना करने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी. दुबे स्पिनरों के सामने खुलकर खेलते हैं और यही वजह है कि पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अफगानिस्तान के अच्छे स्पिन आक्रमण की उनके सामने एक नहीं चली. दुबे ने जिओ सिनेमा से कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे खेल में निरंतर सुधार हो रहा है. मैं जितने तरह के शॉट खेल लेता हूं वह मेरे लिए ईश्वर का उपहार है और मैंने भी इन पर काफी काम किया है. मैंने अपने खेल के कई क्षेत्र में सुधार किया है और मैं अच्छे रन भी बना रहा हूं. दुबे ने रविवार को दूसरे टी20 मैच में 32 गेंद पर नाबाद 63 रन बनाकर भारत की 6 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी. उन्होंने कहा कि अतीत में मैं भविष्य के बारे में काफी सोचता था.

### भारत को अच्छी पिच तैयार करनी चाहिए

**लंदन** । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान टर्निंग पिचें तैयार नहीं करने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में मेहमान टीम के स्पिनर भी कारगर साबित हो सकते हैं. इंग्लैंड ने भारत दौरे के लिए अपनी टीम में चार स्पिनर रखे हैं जिनमें जैक लीच और रेहान अहमद के अलावा अभी तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले टॉम हार्टले और शोएब बशीर शामिल हैं. भारत ने भी 25 जनवरी से शुरू होने वाली श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम में अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के रूप में चार स्पिनर रखे हैं. हुसैन ने कहा कि मेरा उन्हें अच्छी पिच तैयार करनी चाहिए जो थोड़ा स्पिन ले.



## ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंची कोको

**मेलबर्न** । अमेरिका की कोको गॉफ और रूस के दानिल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां आसानी के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया. पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की. महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त मार्केटा को पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा.

## दिखेगा जलवा | इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन सात्विक व चिराग पर होंगी निगाहें

# इंडिया ओपन में चमक बिखेरने उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी

**2022** में लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था

**2023** में सात्विक और चिराग ने छह खिताब जीते थे

**भाषा । नयी दिल्ली**



भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे, जिसमें सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी. सात्विक और चिराग ने 2023 में छह खिताब जीते थे, जबकि हाल में वह मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे. इससे उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं. भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था. इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था. भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे. सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गए थे, लेकिन वह घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. सात्विक ने कहा कि हम अपने देश में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं. इस टूर्नामेंट के बाद हमारी जीत दर्ज करने की भूख बढ़ी है और हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं. पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं. पहले दौर में उनका मुकाबला दुनिया के 25वें नंबर के फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा.

### महिला युगल में भी मुकाबला कड़ी हो गई है

दूसरे स्थान की दौड़ में श्रीकांत और लक्ष्य हैं जिनकी विश्व रैंकिंग अभी क्रमश: 24 और 17 है. महिला युगल में भी ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ काफी कड़ी हो गई है. इसके लिए अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो तथा राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली दौड़ में हैं. अश्विनी और तनीषा पहले दौर में थाईलैंड की राविंडा प्राजोंगजई और जोंगकोलफान कितिथाराकुल से भिड़ेंगी जबकि त्रीसा और गायत्री का सामना जापान की चौथी वरीयता प्राप्त नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा से होगा.

# सेपक टकरा एसो. की हुई एजीएम

**संवाददाता । रांची**

सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की चुनावी वार्षिक आम सभा सोमवार को रांची में संपन्न हुई. इस बैठक में सत्र 2024-2028 के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया. इस अवसर पर तपेश्वर नाथ मिश्रा (रिटर्निंग ऑफिसर) और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के पर्यवेक्षक के रूप में रितेश रंजन झा मौजूद थे. सांसद दीपक प्रकाश ने सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की आमसभा में सभी जिलों से आये सदस्यों का उत्साहवर्धन किया. उन्होंने कहा कि मुझे एक ऐसे खेल के विकास करने की जिम्मेदारी दी गयी है, जिससे आम लोग परिचित नहीं है. यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे हम सभी को मिलजुलकर पूरा करना है. कहा कि प्रयास होना चाहिए कि यह खेल जन-जन तक पहुंचे.



### सत्र 2024-28 के लिए कमेटी के सदस्य

- प्रेसिडेंट – दीपक प्रकाश (राज्यसभा सांसद)
- चेयरमैन – कुमुद प्रसाद साहू
- वाइस चेयरमैन – प्रियदर्शी अमर
- वाइस प्रेसिडेंट – प्रदीप खन्ना, अजित कुमार, मनोज कुमार साहू और मनोज कुमार महतो
- एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट – मिथलेश साहू, राजकुमार जैन, देव रत्न चौधरी
- सेक्रेटरी – उदय साहू
- जॉइंट सेक्रेटरी – प्रकाश गोप
- ट्रेजरर – शिवेंद्र नाथ दुबे
- एग्जीक्यूटिव मेंबर – उमा रानी पालित, मनोज कुमार गुप्ता, वाहिद अली

## संगम नगरी में माघ मेला शुरू



## मकर संक्रांति पर साढ़े बारह लाख लोगों ने डुबकी लगाई

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पावन संगम में स्नान के साथ लगभग डेढ़ महीने तक चलने वाला माघ मेला सोमवार से शुरू हो गया. मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक, सोमवार दोपहर 12 बजे तक 12 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई. उन्होंने बताया कि रविवार की रात से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं. तीर्थ पुरोहित आचार्य राजेंद्र मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति पर स्नान का मुहूर्त कल रात्रि दो बजकर 42 मिनट पर सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश के साथ शुरू हुआ और यह आज सूर्यास्त तक रहेगा. उन्होंने कहा कि माघ मेला सर्दी के मौसम का मेला है और कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है तथा लोग आज तड़के से ही स्नान कर रहे हैं. जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि स्नान के दौरान किसी तरह की अनहोनी से बचने के लिए 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की दो टीम घाटों पर तैनात की गई हैं. उन्होंने कहा कि माघ मेले को 786 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बसाया गया है और इसे पांच सेक्टर में बांटा गया है.

### आओ जानें

## विश्व भर में सर्वाधिक बोली जाने वालीं भाषाएं

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 1,132 मिलियन |
| 2. | मंदारिन चीनी | 1,117 मिलियन |
| 3. | हिंदी | 615 मिलियन |
| 4. | स्पैनिश | 534 मिलियन |
| 5. | फ्रेंच | 280 मिलियन |
| 6. | मानक अरबी | 274 मिलियन |
| 7. | बंगाली | 265 मिलियन |
| 8. | रूसी | 258 मिलियन |
| 9. | पुर्तगाली | 234 मिलियन |
| 10. | इंडोनेशियाई | 199 मिलियन |

### ब्रीफ खबरें

#### गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन का निधन

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरीबेन शाह का सोमवार को मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी. राजेश्वरीबेन करीब 60 साल की थीं. पदाधिकारी ने बताया कि अमित शाह ने अपनी बहन के निधन के बाद गुजरात में निर्धारित अपने आज के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं. उन्होंने बताया कि राजेश्वरीबेन का मुंबई के एक अस्पताल में इलाज जारी था, जहां उन्होंने सोमवार तड़के अंतिम सांस ली.

#### नोएडा से 4 नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले की रबूपुरा थाना पुलिस ने भारत में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है. अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस और क्षेत्रीय अभिसूचना इकाई की एक संयुक्त टीम अभियान के तहत विदेशी नागरिकों के सत्यापन का कार्य कर रही है. उन्होंने बताया कि रविवार को टीम सुपरटेक गोल्फ कंट्री सोसाइटी पहुंची. यहां टीम को चार ऐसे नाइजीरियाई नागरिक मिले, जिनके वीजा और पासपोर्ट की अवधि खत्म हो चुकी है.

#### प्रभास ने की प्रोजेक्ट 'द राजा साब' की घोषणा

**हैदराबाद।** 'सलारः पार्ट 1 - सीजफायर' की सफलता के बाद, अभिनेता प्रभास ने सोमवार को पोंगल के अवसर पर अपनी अगली फिल्म 'द राजा साब' की घोषणा की. निर्माताओं के अनुसार, आगामी फिल्म एक दिलचस्प रोमांटिक हॉरर मनोरंजक फिल्म है, जिसका निर्देशन मारुति करेंगे. 'प्रति रोजु पंडागे' और 'प्रेम कथा चित्रम' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले मारुति ने कहा कि वह प्रभास के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं. उन्होंने कहा 'द राजा साब' आज तक के मेरे सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है.

#### कोहरे के कारण दो बसों में टक्कर, 40 घायल

**मथुरा।** आगरा से नोएडा जा रही दो बसें सोमवार तड़के घने कोहरे के कारण एक-दूसरे से टकरा गईं, जिससे 40 लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि दुर्घटना जिले के राया थाना क्षेत्र में सुबह करीब तीन बजे हुई, जब राया कट पर घने कोहरे के कारण नोएडा की ओर जा रही दोनों बसें एक-दूसरे से टकरा गईं. एसएसपी ने कहा कि घायलों को जिला और निजी अस्पतालों में ले जाया गया. पुलिस के मुताबिक घायलों में पांच की हालत गंभीर है.

#### प्रसिद्ध फिल्म संगीत निर्देशक जे जॉय का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** मशहूर मलयालम संगीत निर्देशक के जे जॉय का सोमवार को चेन्नई स्थित उनके आवास पर निधन हो गया. फिल्म उद्योग के सूत्रों ने यह जानकारी दी. वह 77 साल के थे. फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि आघात के बाद जॉय चलने-फिरने में अक्षम हो गए थे. 1970 के दशक में जॉय कीबोर्ड जैसे उपकरणों के इस्तेमाल के लिए मलयालम फिल्म संगीत जगत में पहले 'तकनीकी संगीतकार' के रूप में जाने जाने जाते थे. उनका अंतिम संस्कार बुधवार को चेन्नई में होगा.

### पीएम आवास योजना के लाभार्थियों की पहली किस्त हुई जारी, पीएम ने कहा-

# जिनको कोई नहीं पूछता, उनको पूजता है मोदी

भाषा। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की 'राज-कथा', यह गरीब, वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है. उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार इसी सोच के साथ लगातार काम कर रही है और इसी का प्रतिफल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है.

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे. उन्होंने कहा कि त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है. इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं. हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए. गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए.

**सभी को कल्याणकारी योजनाओं का मिले लाभ :** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई. इस दौरान लाभार्थियों ने रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, पाइप से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला. प्रधानमंत्री ने संवाद के दौरान कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी उसकी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे.

**पीएम-जनमन महाअभियान में नियम बदल दिए गए:** पीएम ने कहा कि पहले सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही चलती रहती थी और असली लाभार्थियों को पता ही नहीं चलता था. जिनको पता चल भी जाता था तो उनको कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था. अब पीएम-जनमन महाअभियान में हमारी सरकार ने ऐसे सभी नियम बदल दिए हैं, जिससे आपको परेशानी होती हो. पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरूआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी.



#### सरकार का प्रयास है हर योजना लोगों तक जल्द पहुंचे

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय लोगों तक पहुंचें, यही पीएम-जनमन महाअभियान का उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना जल्द से जल्द पहुंचे. मेरा कोई अति पिछड़ा भाई-बहन अब सरकार की योजना के लाभ से छूटेगा नहीं. उन्होंने कहा कि सिर्फ दो महीने में ही पीएम-जनमन अभियान ने वह लक्ष्य हासिल करने शुरू कर दिए हैं जो पहले कभी कोई नहीं कर सका. उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की भावी पीढ़ियों को अब किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए उनकी सरकार लगातार प्रयास कर रही है.

#### पीएम मोदी ने देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग-अलग भाषाओं में मकर संक्रांति, माघ बीहू और पोंगल की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं. साथ ही सभी की अच्छी सेहत के साथ जीवन में सुख और समृद्धि की भी कामना की. मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि साधना-ध्यान और दान-पुण्य की पवित्र परंपरा से जुड़े पावन पर्व मकर संक्रांति की ढेरों शुभकामनाएं. प्रकृति के इस उत्सव पर उत्तरायण सूर्यदेव से कामना है कि वे देश के मेरे सभी परिवारजनों को सुख-समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें.

#### सेना दिवस पर सैन्यकर्मियों को पीएम ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना दिवस के अवसर पर सैनिकों को बधाई दी. कहा कि राष्ट्र की रक्षा करने और देश की संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने में उनका अथक समर्पण उनकी बहादुरी का प्रमाण है. 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि सेना दिवस पर, हम अपने सैन्यकर्मियों के असाधारण साहस, अटूट प्रतिबद्धता और बलिदान का सम्मान करते हैं. हमारे राष्ट्र की रक्षा करने और हमारी संप्रभुता को बनाये रखने में उनका अथक समर्पण उनकी बहादुरी का प्रमाण है. वे ताकत और प्रतिरोध क्षमता के स्तंभ हैं.

**पीएम-जनमन का बजट लगभग 24000 करोड़ रुपये :** पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपये का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है. इसका उद्देश्य सबसे कमजोर जनजातीय समूहों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है. इनमें सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बिजली, सडक और संचार जैसी सुविधा तथा टिकाऊ आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना शामिल है.

#### पीएम उवाच

- पीएम ने 11 दिन व्रत-अनुष्ठान का संकल्प किया है
- पीएम मोदी श्रीराम का ध्यान और स्मरण कर रहे हैं

#### श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव नहीं

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन दिनों उन्होंने भी 11 दिन व्रत-अनुष्ठान का एक संकल्प किया हुआ है और इस दौरान वे श्री राम का ध्यान और स्मरण कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब आप प्रभु राम का स्मरण करेंगे तो माता शबरी की याद आना बहुत स्वाभाविक है. श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव ही नहीं है. अयोध्या से जब राम निकले थे तब तो वह राजकुमार थे. लेकिन राजकुमार राम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में हमारे सामने आए क्योंकि माता शबरी हो, केवट हो, निषाद राज हो... न जाने कौन-कौन से लोग... जिनके सानिध्य ने राजकुमार राम को प्रभु राम बना दिया.

## भारत न्याय यात्रा का दूसरा दिन राहुल ने लोगों से बातचीत की



भाषा। इंफाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दूसरे दिन की शुरुआत सोमवार को यहां सेकमाई से की और उन्होंने रास्ते में उनके स्वागत के लिए कतार में खड़े लोगों से बातचीत की. गांधी ने आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तित की गई वोल्वो बस में यात्रा शुरू की. वह कुछ दूर पैदल भी चले. उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा. जब गांधी की बस यहां के कई व्यस्त इलाकों से गुजरी, तो ज्यादातर महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग यात्रा मार्ग पर कतार में खड़े रहे और उन्होंने गांधी के समर्थन में नारे लगाए. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत सुबह साढ़े सात बजे शिविर स्थल पर सेवा दल द्वारा पारंपरिक रूप से किए गए ध्वजारोहण के साथ हुई.

मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के मेघचंद्र ने ध्वजारोहण किया. उन्होंने कहा कि यात्रा मणिपुर में सेकमाई से कांगपोकपी और फिर सेनापति से गुजरते हुए आगे जाएगी. यात्रा में शामिल लोग आज रात नगालैंड में रुकेंगे. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मणिपुर से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की थी और देश के लिए ऐसा दृष्टिकोण रखने पर जोर दिया, जो हिंसा, नफरत और एकाधिपत्य पर नहीं, बल्कि सद्भाव, भाईचारे और समता पर आधारित हो.

## गाजा में सैन्य अभियान कम करने का सही समय है : अमेरिका

भाषा। यरूशलम

अमेरिका ने रविवार को कहा कि इजराइल के लिए गाजा पट्टी में अपने सैन्य अभियान को कम करने का यह सही समय है, जबकि इजराइली नेताओं ने चरमपंथी समूह हमास के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखने की बात कही. इस टिप्पणी ने इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के 100वें दिन अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते मतभेद को उजागर किया है. इस बीच, हिजबुल्ला के मिसाइल हमले में दो इजराइली नागरिकों की मौत के बाद इजराइली युद्धक विमानों ने रविवार को लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया. इन जवाबी हमलों ने इस चिंता को बढ़ा दिया है कि गाजा में जारी लड़ाई क्षेत्र में व्यापक रूप ले सकती है.

## भारतीय सेना की देशभक्ति सभी के लिए प्रेरणास्रोत : मुर्मू

भाषा। नयी दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सैन्य कर्मियों को 76वें सेना दिवस की बधाई दी और कहा कि उनकी देशभक्ति सभी नागरिकों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बनी हुई है. मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि संघर्ष के साथ-साथ शांति की स्थितियों में भी हमारे बहादुर सैनिक हरसंभव तरीके से देश की सेवा करने के लिए तैयार रहते हैं. कृतज्ञ राष्ट्र मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वालों को और भारतीय सेना के जज्बे को सलाम करता है. मैं सेना के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देती हूं. साल 1949 में आज ही के दिन भारत के अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर के स्थान पर तत्कालीन लेफ्टिनेंट जनरल के एम करियप्पा भारतीय सेना के कमांडर इन चीफ बने थे इसीलिए हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है. करियप्पा बाद में फील्ड मार्शल बने थे. राष्ट्रपति ने कहा कि सेना दिवस पर सैन्य कर्मियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं. भारतीय सेना में अनुकरणीय बहादुरी, पूरे समर्पण के साथ देश की सीमाओं के रक्षा करने की लंबी परंपरा है. उनकी देशभक्ति सभी नागरिकों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बनी हुई है.



## 26 से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे जरांगे

**छत्रपति संभाजीनगर।** मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को कहा कि वह समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर 26 जनवरी को मुंबई में आजाद मैदान या शिवाजी पार्क मैदान में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे. उन्होंने अपने नेतृत्व वाले मराठा आरक्षण आंदोलन के प्रमुख स्थल अंतरवाली सरती गांव में संवाददाताओं से कहा कि मराठा समुदाय के सदस्य 20 जनवरी को अंतरवाली सरती गांव (जालना जिले में) से मुंबई के लिए निकलेंगे. वे कुछ यात्रा पैदल करेंगे और बाकी यात्रा वाहनों के जरिए की जाएगी. हमारा लक्ष्य 26 जनवरी तक मुंबई पहुंचने का है. जरांगे ने कहा कि मैं 20 जनवरी को अंतरवाली सरती गांव से पैदल यात्रा शुरू करूंगा. जरांगे ने कहा कि आंदोलनकारी 20 जनवरी को सुबह 9 बजे अंतरवाली सरती से यात्रा शुरू होंगे. वे हर दिन दोपहर तक पैदल चलेंगे.

### बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती का अपने 68वां जन्मदिन पर बड़ा ऐलान

# लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा

भाषा। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती का सोमवार को 68वां जन्मदिन है. इस खास मौके पर मायावती ने प्रेस कांफ्रेंस कर बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि बसपा 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी. बसपा प्रमुख ने अकेले चुनाव लड़ने के कारण भी बताये. कहा कि बसपा अकेले चुनाव इसलिए लड़ती है क्योंकि इसका सर्वोच्च पद दलित का ही है. अपर कास्ट वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं हो पाता. गठबंधन करने से बसपा का वोट उनको चला जाता है. इससे उनकी पार्टी को लाभ नहीं मिलता. उन्होंने कहा कि पहले जब कांग्रेस और सपा के साथ गठबंधन करके उनकी पार्टी चुनाव लड़ी तो केवल उन दोनों पार्टियों को ही फायदा हुआ. कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव में बसपा अकेले चुनाव लड़कर सरकार बना चुकी है. इस दौरान मायावती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने गिरगिट की तरह रंग बदला है.

**लोगों को गुलाम बनाने की कोशिश कर रही है केंद्र सरकार :** मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और यूपी सरकार पर भी जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार रोजगार के साधन देने के बजाय मुफ्त अनाज देकर लोगों को गुलाम बनाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार की तरह उनके कार्यकाल में लोगों को मोहताज नहीं बनाया गया. हमने सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के साधन दिये. यूपी में बसपा की चार बार सरकार बनी. इस दौरान हमारी पार्टी ने अल्पसंख्यक, गरीब, मुस्लिम, किसान और अन्य मेहनतकश लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं.



#### अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का स्वागत किया

मायावती ने राम मंदिर को लेकर कहा कि उनको राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है. हालांकि वह जायेंगी या नहीं इस पर संशय बरकरार है. मायावती ने कहा कि बसपा धर्मनिरपेक्ष पार्टी है. हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं. कहा कि अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का भी हम स्वागत करते हैं. अगर बाबरी मस्जिद में भी कोई कार्यक्रम होगा तो उसका भी वो स्वागत करेंगे.

#### अंतिम सांस तक राजनीति में रहेंगी मायावती

मायावती ने कहा कि जब से आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है, तब से अफवाहें उड़ायी जा रही है कि मायावती जल्द ही राजनीति से संन्यास लेना चाहती है. उन्होंने कहा कि इन अटकलों में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है. मैं अंतिम सांस तक राजनीति में रहकर पिछड़ों के लिए लड़ती रहूंगी. हमारी पार्टी देश में जल्दी ही घोषित होने वाले लोकसभा चुनाव दलितों, आदिवासियों, अति पिछड़ों, मुस्लिमों और अल्पसंख्यकों के दम पर अकेले ही लड़ेगी.

### रिपोर्ट

### संयुक्त राष्ट्र की बच्चों के लिए काम करने वाली एजेंसी यूनीसेफ ने कहा-

# अफगानिस्तान में बच्चों को मदद की सख्त जरूरत

भाषा। इस्लामाबाद

अफगानिस्तान के पश्चिमी क्षेत्र में आए विनाशकारी भूकंप के तीन महीने बाद तकरीबन 1,00,000 बच्चों को मदद की सख्त जरूरत है. संयुक्त राष्ट्र की बच्चों के लिए काम करने वाली एजेंसी यूनीसेफ ने सोमवार को यह जानकारी दी. यूनीसेफ ने एक बयान में कहा कि हेरात प्रांत में सात अक्टूबर को 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था और कुछ दिन बाद 11 अक्टूबर को उसी प्रांत में दूसरा भूकंप आया जिसमें 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो गयी.

जेंदा जन और इंजिल जिलों में भूकंप में मारे गए ज्यादातर लोगों में महिलाएं और बच्चे थे और 21,000 मकान तबाह हो गए. अफगानिस्तान में यूनीसेफ के प्रतिनिधि फ्रान एक्विजा ने कहा कि पश्चिमी अफगानिस्तान में भूकंप के 100 दिन बाद भी इन गांवों में लोग दर्द में हैं, परिवारों ने अपना लगभग सब कुछ गंवा दिया है. उन्होंने कहा कि बच्चे नुकसान और त्रासदी से अब भी उबरने की कोशिश कर रहे हैं. स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं. इसके साथ ही सर्दी का सितम है और पारा शून्य से नीचे चला गया है.



#### हालात बदतर

- 11 अक्टूबर को आए भूकंप में कई लोगों की मौत हो गयी
- परिवारों ने अपना लगभग सब कुछ गंवा दिया है

#### जानलेवा परिस्थितियों में रहने को मजबूर लोग

एक्विजा ने कहा कि बेघर बच्चे और परिवार रात को जानलेवा परिस्थितियों में रहते हैं और उनके पास अपने अस्थायी शिविरों को गर्म करने का कोई साधन नहीं है. यूनीसेफ ने कहा कि उसे 1.94 करोड़ अफगान नागरिकों की मानवीय और मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए इस साल 1.4 अरब डॉलर की तत्काल आवश्यकता है. उसने कहा कि सार्वजनिक सेवाओं में निवेश करने में तालिबान की नाकामी ने मूलभूत सेवाओं की बदहाली बढ़ा दी है. यूनीसेफ ने सोमवार को कहा कि 2024 में 1.26 करोड़ बच्चों समेत 2.33 करोड़ लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है.

## माउंट लेवोटोबी ज्वालामुखी हुआ सक्रिय, लगातार विस्फोट जारी

भाषा। इंडोनेशिया

इंडोनेशिया के माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ज्वालामुखी के पिछले कई दिनों से सक्रिय रहने के कारण आसमान में घना धुआं छा गया और आसपास के इलाकों में राख की परत जमी नजर आई. फ्लोरेस द्वीप से लगभग 6,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. हालांकि, किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है. ईस्ट नुसा तेंगारा प्रांत में गर्म गैस के रिसाव के चलते ज्वालामुखी में लगातार विस्फोट दर्ज किये जा रहे हैं, हाल के दिनों में ये बढ़ गये हैं. फ्लोरेस तिमुर जिले में 1,584 मीटर ऊंचा यह अकेला ऐसा पहाड़ है जहां जुड़वां ज्वालामुखी- लेवोटोबी लाकी-लाकी और लेवोटोबी पेरेम्पुआन, हैं. इस ज्वालामुखी में रविवार से अब तक 40 बार विस्फोट दर्ज किये जा चुके और इस दौरान 500-1,500 मीटर ऊंचाई तक राख उड़ती नजर आई. अधिकारियों ने चेतावनी जारी कर मंगलवार को ज्वालामुखी के उच्चतम स्तर पर बढ़ने की आशंका जताई है.

#### खास बातें

- 6,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया
- ज्वालामुखी के उच्चतम स्तर पर बढ़ने की आशंका

लोगों का विश्वास देश की पारंपरिक आर्थिक प्रणाली पर आधारित कई नए व्यवसाय को बढ़ा रहा है

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से एक लाख करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद : कैट




**भाषा। नयी दिल्ली**

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है. व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अपना यह अनुमान विभिन्न राज्यों के 30 शहरों के व्यापार संघों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लगाया है. कैट के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रतिध्वनित करता है बल्कि आर्थिक गतिविधियों में भी उछाल लाता है. लोगों का विश्वास देश की पारंपरिक आर्थिक प्रणाली पर आधारित कई नए व्यवसायों को बढ़ा रहा है. उन्होंने कहा कि राम मंदिर अभिषेक के मद्देनजर देशभर में व्यापार संघों द्वारा करीब 30,000 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. बाजार में जुलूस, श्री राम चौकी, श्री राम रैलियां, श्री राम पद यात्रा, स्कूटर तथा कार रैलियां और श्री राम सभाएं इनमें शामिल हैं. बाजारों में श्री राम के झंडे, बैनर, टोपी, टी-शर्ट और राम मंदिर की तस्वीर वाले कुर्ते की भारी मांग देखी जा रही है.



### राम मंदिर के मॉडल की मांग में तेजी से बढ़ोतरी

खंडेलवाल ने कहा कि राम मंदिर के मॉडल की मांग में भी तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है और उम्मीद है कि देशभर में पांच करोड़ से ज्यादा मॉडल बेचे जाएंगे. इसके लिए अलग-अलग राज्यों के कई शहरों में छोटी-छोटी निर्माण इकाइयां दिन-रात काम कर रही हैं. उन्होंने दावा किया कि अगले सप्ताह दिल्ली के 200 से अधिक प्रमुख बाजार और बड़ी संख्या में छोटे बाजारों में श्री राम झंडे लगे नजर आएंगे.

### 16 से 22 जनवरी तक कई ट्रेन की आवाजाही प्रभावित रहेगी

**अयोध्या।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे पटरियों के दोहरीकरण और विद्युतीकरण के कारण 16 से 22 जनवरी तक रेल गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित रहेगी. रेलवे ने सोमवार को यह जानकारी दी. उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के मुताबिक, वंदे भारत समेत 10 ट्रेन रद्द कर दी गई हैं, जबकि दून एक्सप्रेस समेत 35 ट्रेन वैकल्पिक मार्ग से चलेंगी. 14 अन्य ट्रेन का परिचालन पर भी प्रभावित रहेगा. अयोध्या कैंट से आनंद विहार तक संचालित की जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को पहले से जारी कार्यों के कारण 15 जनवरी तक रद्द कर दिया गया था. उन्होंने कहा कि यह ट्रेन अब 22 जनवरी तक रद्द रहेगी. रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या रेलवे खंड का दोहरीकरण उच्च प्राथमिकता पर किया जा रहा है.

### प्राण-प्रतिष्ठा



युवा राजपूत सभा के सदस्यों ने सोमवार को जम्मू में श्री राम जन्मभूमि मंदिर अभिषेक समारोह से पहले एक धार्मिक रैली में भाग लिया. -फोटो : पीटीआई

अयोध्या के राम मंदिर में 22 को होगी प्राण-प्रतिष्ठा

## 22 जनवरी को ही मां बनना चाहती हैं कई गर्भवती महिलाएं



**भाषा। इंदौर**

अयोध्या में भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा के मद्देनजर इंदौर में कई गर्भवती महिलाओं ने चिकित्सकों के सामने इस तारीख को प्रसूति कराए जाने की इच्छा जताई है. शासकीय पीसी सेठी अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र राजगीर ने सोमवार को बताया कि हमारे अस्पताल में नियमित स्वास्थ्य जांच कराने वाली करीब 60 गर्भवती महिलाओं ने हमसे अनुरोध किया है कि उनकी प्रसूति 22 जनवरी को कराई जाए . इस विशेष अवसर को लेकर ये महिलाएं और उनके परिवार के लोग खासे उत्साहित हैं. उन्होंने बताया कि ये वे महिलाएं हैं जिनकी गर्भावस्था की अवधि 22 जनवरी के आस-पास पूरी होने वाली है.

राजगीर ने कहा कि अस्पताल के चिकित्सकों के लिए जच्चा-बच्चा का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और इसे ध्यान में रखकर ही इन गर्भवती महिलाओं की प्रसूति का फैसला किया जाएगा. जल्द ही मां बनने जा रही बबली (30) ने कहा कि चिकित्सकों ने मुझे प्रसूति के लिए 19 जनवरी से 10 फरवरी के बीच की संभावित तारीख दी है, लेकिन मैं चाहती हूं कि मैं अपने बच्चे को 22 जनवरी को ही जन्म दूं.



### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले दो भजन होंगे रिलीज़ : शब्बीर

**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले 'बॉडीगार्ड' और 'के.जी.एफ: चैप्टर 2' जैसी फिल्मों के गीत लिखने वाले गीतकार शब्बीर अहमद दो भक्ति गीत रिलीज़ करेंगे. उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित होने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित होंगे. बॉलीवुड गीतकार और संगीतकार शब्बीर अहमद इस सप्ताह यूट्यूब पर 'रघुपति राघव राजा राम' और 'घर मेरे आया है राम रमैया' शीर्षक से भजन रिलीज करेंगे. वह पहले ही 'मेरे घर का कोना, राम नाम से जगमग है' जारी कर चुके हैं. मुंबई में रहने वाले गीतकार अहमद ने कहा कि इन भजनों के माध्यम से, मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हूं और अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर के निर्माण पर खुशी व्यक्त कर रहा हूं.

#### अयोध्या में अपने भजन प्रस्तुत करने में खुशी होगी

अहमद ने कहा कि उन्हें खुशी है कि आखिरकार अयोध्या में मंदिर बनाया जा रहा है जो उनके गृहनगर जौनपुर के करीब है. उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत से ही, मैं भक्ति गीत लिखता और संगीतबद्ध करता रहा हूं और लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है. भगवान राम मेरी प्रेरणा के स्रोत रहे हैं और मैंने जो भी सफलता हासिल की है, उसका श्रेय उन्हें जाता है. मुझे अयोध्या जाकर वहां अपने भजन प्रस्तुत करने में खुशी होगी.

### ओयो ने अयोध्या को लेकर बनाई बड़ी योजना

**नयी दिल्ली।** आतिथ्य प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने सोमवार को कहा कि वह अयोध्या, वाराणसी, तिरुपति और कटरा-वैष्णो देवी जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में इस साल के अंत तक 400 संपत्तियों की पेशकश की योजना बना रही है. ओयो ने बयान में कहा कि घरेलू यात्राओं में तेजी और आध्यात्मिक पर्यटन को लेकर लोगों की बढ़ती रुचि को देखते हुए देशभर में प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में योजनाबद्ध विस्तार को बढ़ावा मिला है. इस पृष्ठभूमि में पैदा हो रहे कारोबारी अवसर का लाभ उठाने के लिए ओयो ने अयोध्या, पुरी, शिरडी, वाराणसी, अमृतसर, तिरुपति, हरिद्वार, कटरा-वैष्णो देवी और चार धाम मार्ग सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों में संपत्तियां खोलने की योजना बनाई है. बयान के मुताबिक, भव्य राम मंदिर के 22 जनवरी को होने वाले उद्घाटन के बीच ओयो के मंच पर अयोध्या के बारे में 'तलाश' 350 प्रतिशत तक बढ़ गई है. अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ओयो ने 50 होमस्टे शुरू किए हैं जिनमें लगभग 1,000 कमरे हैं. ओयो के संस्थापक एवं समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रितेश अग्रवाल ने कहा कि भारत में आध्यात्मिक पर्यटन एक बड़ी छलांग लगाने जा रहा है. अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन इसका एक प्रमाण है.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# पर्यावरण प्रबंधन में बना सकते हैं कॅरियर

**एजुकेशन रिपोर्टर। रजनीश प्रसाद**

पर्यावरण प्रबंधन एक गतिशील और उभरती हुई अवधारणा है, जो किसी व्यवसाय के अपने प्राकृतिक परिवेश पर पड़ने वाले प्रभाव की निगरानी से संबंधित है. इसका उद्देश्य मानव कृत्यों के कारण होने वाले क्षरण को कम करने के साथ-साथ मानव लाभों को अधिकतम करने के भविष्य के प्रयासों की भविष्यवाणी करते हुए संबंधित वातावरण में परिवर्तनों का निरीक्षण करना और उन्हें नोट करना है.



### स्किल्स

पर्यावरण प्रबंधन में कॅरियर बनाने के लिए कुछ स्किल्स का होना जरूरी है, जिनमें से कुछ यहां दी गई हैं: रिमोट वर्क स्किल्स, कार्बन मैनेजमेंट, मार्केटिंग स्किल्स, डिसीजन मेकिंग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, टीम वर्क, एनालिटिकल स्किल्स, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स, राइटिंग स्किल्स.

### पर्यावरण प्रबंधन कोर्सेज लेवल डिप्लोमा, बैचलर्स, मास्टर्स, डॉक्टरेट

सामान्य योग्यता मानदंड डिप्लोमा/बैचलर्स : 10+2
मास्टर्स : ग्रेजुएशन की डिग्री
डॉक्टरेट कोर्स : मास्टर्स की डिग्री
टॉप जॉबः प्रोफाइल पॉल्यूशन कंट्रोल मैनेजर, एनवायरमेंट कंसलटेंट, प्रोजेक्ट मैनेजर, रिसर्चर, इको टूरिज्म मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन एंड पब्लिक अवेयरनेस ऑफिसर, वाइल्ड लाइफ मैनेजरएनवायरमेंट मैनेजर आदि.
कार्य क्षेत्र : एनजीओ, गवर्नमेंट और लोकल अथॉरिटीज, प्राइवेट कंपनीज़ व मैन्युफैक्चर्स, रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन्स और पब्लिक सेक्टर कंपनीज आदि.

### पर्यावरण प्रबंधन में कॅरियर क्यों बनाएं?

इसमें सतत संसाधन विकास, पारिस्थितिक स्थिरता से लेकर पर्यावरणीय स्वास्थ्य और प्रबंधन आदि विषयों के बारे में जानने को मिलता है. यदि आप पर्यावरण प्रबंधन में कॅरियर बनाते हैं तो आपको संसाधनों की कमी और गिरावट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को समझने का मौका मिलेगा. पर्यावरण प्रबंधन में ग्रेजुएट्स दुनिया में कहीं भी काम कर सकते हैं. इसमें पेश की जाने वाली करियर की संभावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला है. आप पॉल्यूशन कंट्रोल मैनेजर, एनवायरमेंट कंसलटेंट, प्रोजेक्ट मैनेजर, रिसर्चर, इको टूरिज्म मैनेजमेंट आदि के तौर पर काम कर सकते हैं. पर्यावरण प्रबंधन में कोई बैचलर या मास्टर्स डिग्री कोर्स करने के बाद आप एनजीओ, गवर्नमेंट और लोकल अथॉरिटीज, प्राइवेट कंपनीज़ व मैन्युफैक्चर्स, रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन्स और पब्लिक सेक्टर कंपनीज़ आदि क्षेत्रों में काम कर सकते हैं। यूएस ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, पर्यावरण प्रबंधन से संबंधित व्यवसायों की औसत वृद्धि दर 2018-2028 के बीच 8% बढ़ने की संभावना है. भूमि प्रबंधन, जल प्रबंधन, अधिक जनसंख्या का प्रभाव, जैव विविधता का नुकसान, प्रदूषण और प्रदूषक, वनों की कटाई का प्रभाव, लुप्तप्राय प्रजातियों का अध्ययन, पारिस्थितिकी तंत्र अध्ययन आदि के बारे में जानने और इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने में रुचि रखते हैं तो पर्यावरण प्रबंधन में करियर ऑप्शंस कई हैं, जिन्हें आप अपना सकते हैं.

### पर्यावरण प्रबंधन कोर्सेज

**दुनिया भर में कई विश्वविद्यालयों और कॉलेजों द्वारा विभिन्न पर्यावरण प्रबंधन (ईएम) कोर्सेज पेश किए जाते हैं. पारिस्थितिकी और पर्यावरण में कुछ लोकप्रिय कोर्सेज की सूची नीचे दी गयी है, जो विभिन्न लेवल्स पर उपलब्ध हैं:**

- बैचलर ऑफ इनवॉयरमेंट मैनेजमेंट
- बीएससी इन ईएम
- बीए इन ईएम
- बैचलर ऑफ इनवॉयरमेंट मैनेजमेंट- नैचुरल साइंसेस
- पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन ईएम
- डिप्लोमा इन ईएमएस
- मास्टर्स ऑफ इनवॉयरमेंटल मैनेजमेंट
- एमए इन ईएम
- एमएससी इन ईएम
- एमबीए इन इनवॉयरमेंटल मैनेजमेंट
- पीएचडी इन ईएम

### सब्जेक्ट्स

**यहां कुछ महत्वपूर्ण विषय दिए गए हैं जिन्हें आमतौर पर पर्यावरण प्रबंधन में एक एकेडमिक प्रोग्राम के तहत शामिल किया जाता है:** बेसिक ऑफ एनवायरमेंट और उसका मैनेजमेंट, नवायरमेंटल बायोलॉजी, एनवायरमेंटल केमिस्ट्री एंड पॉल्यूशन, एनवायरमेंटल अर्थ साइंस, एनवायरमेंटल सेंपलिंग एंड डाटा एनालिसिस, मैनेजमेंट प्रोसेस और ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर, एनवायरमेंटल लॉ एंड मैनेजमेंट, एनर्जी एंड एनवायरमेंट, एनवायरमेंटल मॉडलिंग, एयर पॉल्यूशन मैनेजमेंट, वॉटर पॉल्यूशन मैनेजमेंट.

### विदेश की टॉप यूनिवर्सिटीज

**पर्यावरण प्रबंधन कोर्स करने के लिए सही यूनिवर्सिटी का चुनाव आवश्यक है, यहां कुछ बेस्ट यूनिवर्सिटीज की लिस्ट दी गई है:**

- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका
- येल विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका
- पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ द वेस्ट ऑफ़ इंग्लैंड, ब्रिस्टल, यूके
- न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया
- क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया
- अकाडिया विश्वविद्यालय, कनाडा
- नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर, सिंगापुर

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

**भारत की कुछ टॉप यूनिवर्सिटीज की लिस्ट नीचे दी गई है:**

- जीजीएसआईपीयू दिल्ली – गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी
- गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद
- शारदा यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा
- माउंट कार्मेल कॉलेज, बैंगलोर
- केरल यूनिवर्सिटी ऑफ़ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज, कोच्चि
- छत्रपति शाहू इंस्टीट्यूट ऑफ़ बिजनेस एजुकेशन एंड रिसर्च, कोल्हापुर
- जेएसएस एकेडमी ऑफ़ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, मैसूर
- सिंहानिया यूनिवर्सिटी, झुंझुनू
- बीयू झांसी – बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी
- भारतीदासन यूनिवर्सिटी, तिरुचिरापल्ली

### योग्यता

- बैचलर्स के लिए 10+2 न्यूनतम अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से पूरी होना जरूरी है.
- यदि आप मास्टर्स करना चाहते हैं तो आवश्यक अंकों के साथ संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन की डिग्री होना जरूरी है.
- पीएचडी के लिए संबंधित क्षेत्र में मास्टर्स की डिग्री आवश्यक है, अनुभव की मांग भी की जा सकती हालांकि अनिवार्य नहीं है.
- इंग्लिश लैंग्वेज प्रोफिशिएंसी टेस्ट जैसे : आईईएलटीएस/टीओईएफएल/पीटीई के स्कोर
- किसी यूनिवर्सिटी में बैचलर्स के लिए सैट/एसीटी की मांग भी की जा सकती है.
- मास्टर्स के लिए जीआरई व मैनेजमेंट कोर्स के लिए जीमैट स्कोर की मांग भी की जा सकती है.

## जॉब अलर्ट

### राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने पशुपालन विभाग के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी पशु परिचर भर्ती 2023 का संशोधित नोटिफिकेशन जारी किया हैं.

- **संस्था** – राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
- **पद नाम** – पशु परिचर
- **पद संख्या** – 5934
- **अधिसूचना** – जारी
- **सैलरी** – 20,200/- रुपये
- **योग्यता** – 10वीं
- **नौकरी का स्थान** – राजस्थान पशुपालन विभाग
- **आवेदन मोड** – ऑनलाइन
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि** – 19 जनवरी 2024
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि** – 17 फरवरी 2024
- **ऑफिशियल साइट** – rsmssb.rajasthan.gov.in
- **शैक्षणिक योग्यता** – उम्मीदवार भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से सेकेंडरी / 10वीं पास हो। देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान संस्कृति का ज्ञान हो।
- **आयु सीमा** –18 से 40 वर्ष

### आवश्यक दस्तावेज

- आधिकारिक शैक्षणिक ट्रांसक्रिप्ट, स्कैन किए हुए पासपोर्ट की कॉपी, आईईएलटीएस या टीओईएफएल, आवश्यक टेस्ट स्कोर, प्रोफेशनल/एकेडमिक, एलओआर, एसओपी, निबंध (यदि आवश्यक हो), पोर्टफोलियो (यदि आवश्यक हो), अपडेट किया गया सीवी/रिज्यूमे, एक पासपोर्ट और छात्र वीज़ा, बैंक विवरण.

### प्रवेश परीक्षाएं

- जेईई मेन
- जीएटी-बी
- एनईएसटी
- जैम
- सीयूईटू पीजी
- सीएमआई एंट्रेंस एग्जाम
- ईएफएलयू
- एचएसईई
- टीआईएसएस बैट
- एपीपीजीसीईटी
- एमएएच एएसी सीईटी
- जीमैट/जीआरई (विदेश के लिए)
- सैट/एसीटी (विदेश के लिए)
- आईईएलटीएस, टीओईएफएल, पीटीई (विदेश के लिए)

### कॅरियर स्कोप

- पॉल्यूशन कंट्रोल मैनेजर, एनवायरमेंट कंसलटेंट, प्रोजेक्ट मैनेजर, रिसर्चर, इको टूरिज्म मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन एंड पब्लिक अवेयरनेस ऑफिसर, वाइल्ड लाइफ मैनेजर, एनवायरमेंट मैनेजर

### बुक्स

- एनवायरमेंटल मैनेजमेंट – जैकब थॉमस
- कॉन्सेप्ट्स ऑफ एनवायरमेंटल मैनेजमेंट फॉर ससटेनबल डेवलपमेंट – एम. सी. डैश
- एनवायरमेंटल मैनेजमेंट – अजित शंकर
- एनवायरमेंटल पॉल्यूशन एंड मैनेजमेंट- अवनीश चौहान
- एनवायरमेंटल इंजी. एंड मैनेजमेंट – डॉ. एस.के. धामेजा

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)